जबलपुर

सोमवार, 2 जून 2025

- ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-6
- वर्ष : 20, अंक : 33
- पृष्ठ : 8+6= 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 38
न्यूून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



12 तेज चली दिल्ली, साफ यमुना चुनौती





मैट्रो
8 जबलपुर में फिलहाल कोई कोरोना ...


कटनी के महिला थाने में रात 3 बजे बाद तक हाई वोल्टेज ड्रामा, पति-पत्नी के विवाद में पुलिस-प्रशासन की भूमिका पर सवाल

# सीएसपी ख्याति मिश्रा ने कहा-तहसीलदार पति ने अटैक किया, पति का आरोप-एसपी कराना चाहते हैं मेरी 'हत्या'

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दमोह के तहसीलदार शैलेंद्र बिहारी शर्मा का पत्नी सीएसपी ख्याति मिश्रा और कटनी एसपी अभिजीत रंजन के साथ विवाद एक बार फिर गरमा गया है।

तहसीलदार शर्मा ने आरोप लगाया है कि पुलिसकर्मियों ने सीएसपी आवास पर उनके परिवारवालों के साथ मारपीट की है। पुलिस ने घर की महिलाओं और आठ साल के बेटे को थाने ले जाकर पीटा है। ये सब कटनी एसपी के निर्देश पर हुआ है।

***सीएसपी ख्याति मिश्रा ने कहा** कि उनके तहसीलदार पति ने खुद ही बंगले पर पहुंचकर कर्मचारियों को भगाया। उन्होंने मुझ पर अटैक किया।*

मैं खुद चार कपड़े लेकर अपने परिचित के घर ठहरी हूं। उनके द्वारा मेरे चरित्र को लेकर लगाए गए आरोप गलत हैं



### ख्याति का ट्रांसफर हफ्ते भर पहले अमरपाटन हो गया था



दरअसल, सीएसपी ख्याति मिश्रा कटनी में पदस्थ थीं। एक हफ्ते पहले ही उनका ट्रांसफर अमरपाटन में बतौर एसडीओपी हुआ है। इस वजह से शनिवार रात वह सामान ले जाने के लिए सिविल लाइन स्थित सीएसपी बंगले पर आईं थी। कर्मचारी सामान पैक करने में लगे थे। इसी दौरान तहसीलदार की मां-बेटा, सीएसपी की मां और अन्य परिवार वाले मौजूद थे।

**5 मार्च को तहसीलदार ने मुख्य सचिव को लिखा था पत्र**



5 मार्च को तहसीलदार शर्मा ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा था। इसमें आरोप लगाया था कि एसपी अभिजीत रंजन उनका परिवार तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अपनी पत्नी सीएसपी ख्याति मिश्रा का सीधी, सतना या रीवा तबादला करने की मांग की थी।

कटनी एसपी बोले

### सभी आरोप बेबुनियाद पत्नी से उनका विवाद

कटनी एसपी अभिजीत रंजन ने कहा कि सभी आरोप गलत हैं। पत्नी के साथ उनका विवाद चल रहा है। सीएसपी अपने घर में पैकिंग कर रहीं थी। तहसीलदार ने बंगले जाकर मारपीट की है। वहां काम कर रहे लोगों को भगाया है। सीएसपी ने इसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की है। कोतवाली थाने में आवेदन भी दिया है। इसके बाद पुलिस वहां गई थी।




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### रिंकू सिंह और प्रिया की शादी तय, सगाई जल्द



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों की रिंग सेरेमनी आगामी और शादी की तारीखें भी तय हो गई है। समाजवादी पार्टी के विधायक और प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज ने इसकी पुष्टि की थी। शादी और सगाई दोनों ही समारोह भव्य होने की संभावना है।

### केनरा बैंक में अब नहीं रखना होगा न्यूनतम बैलेंस



**नई दिल्ली।** केनरा बैंक ने ग्राहकों को राहत देते हुए रविवार से न्यूनतम बैलेंस न रखने पर जुर्माने के नियम को हटा दिया है। बैंक के इस कदम के बाद सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस नहीं रखने पर किसी भी प्रकार का कोई चार्ज या जुर्माना नहीं लगेगा। यह नया नियम सभी प्रकार के सेविंग्स अकाउंट्स पर लागू होगा।

### आज आएगा जेईई एडवांस्ड का रिजल्ट




**नई दिल्ली।** जेईई एडवांस्ड 2025 की परीक्षा में शामिल हुए कैंडिडेट्स अपने रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। जेईई एडवांस्ड के परिणाम को 2 जून को घोषित किया जाएगा। नतीजे आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। एक बार जारी होने के बाद उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने परिणाम को चेक कर सकेंगे।

**देश में कोरोना** के बढ़ते मामलों से चिंता, 15 दिन में दो नई वैक्सीनों को मंजूरी

# सक्रिय मरीज अब 3758, केरल में आंकड़ा 1400 के पार पहुंचा



देश के 27 राज्यों में कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए



भारत सहित कई देशों में बढ़ते कोरोना के संक्रमण के लिए ओमिक्रॉन के जेएन.1 और इसके सब-वैरिएंट्स को जिम्मेदार पाया गया है।

*» विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना का नया वैरिएंट मध्यम संक्रामकता वाला*

*» होम आइसोलेशन में ही मरीज ठीक हो रहे*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कोरोना का खतरा अब पूरे देश में फैलता जा रहा है। एक जून तक देश के 27 राज्यों में कोरोना संक्रमित मरीज सामने आ चुके हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 363 नए मामले सामने आए हैं। 383 मरीज ठीक हुए हैं और दो की मौत हुई है। मौजूदा समय में देश में 3758 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है।

कोरोना को मात देने वालों की बात करें तो बीते दिन से अब तक 1818 लोग संक्रमण से मुक्त हुए। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना का नया वैरिएंट मध्यम संक्रामकता वाला है। चिंता करने की कोई बात नहीं है।

### महाराष्ट्र-दिल्ली में 400 से ज्यादा एक्टिव केस

केरल में कोरोना के 64 नए मामले सामने आए हैं। यहां अब सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 1400 पहुंच गया है। ऐसे ही महाराष्ट्र में 485, दिल्ली में 436, गुजरात में 320, पश्चिम बंगाल में 287, कर्नाटक में 238, तमिलनाडु में 199 और उत्तर प्रदेश में 149 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। हालांकि, ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में ही ठीक हो रहे हैं। अब तक दो कोरोना संक्रमितों की मौत की पुष्टि हुई है। मौतें केरल और कर्नाटक में दर्ज की गईं। कर्नाटक में 63 वर्षीय पुरुष और केरल में 24 वर्षीय महिला की मौत हुई। दोनों अन्य बीमारियों से भी परेशान थे।



### एक तिहाई मरीज हुए ठीक

केंद्र सरकार के कोविड डैश बोर्ड के अनुसार, कोरोना के बढ़ते मामलों के साथ संक्रमण से मुक्त होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। अब तक करीब एक तिहाई मरीज कोरोना पॉजिटिव होने के बाद इससे मुक्त हो चुके हैं। फिलहाल सक्रिय मरीजों की तुलना में 1818 मरीज (32.45 प्रतिशत) कोरोना पॉजिटिव होने के बाद स्वस्थ हो चुके हैं।

### एम. नेक्सस्पाइक व नुवैक्सोविड नए टीके

कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच पिछले 15 दिन में यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने दो नई अपडेटेड वैक्सीन को मंजरी दे दी है। माना जा रहा है कि ये टीके नए वैरिएंट्स के खिलाफ भी लोगों को सुरक्षा देने में मददगार हो सकते हैं। समय के साथ हमारे शरीर में वैक्सीन से बनी प्रतिरक्षा कमजोर होती जाती है। वहीं ये वैरिएंट्स आसानी से शरीर की इम्युनिटी को चकमा देने में भी सफल हो रहे हैं, यही कारण है कि एक बार फिर से संक्रमण में उछाल देखा जा रहा है। एफडीए ने मॉडर्ना (एमआरएनए) की नई कोविड-19 वैक्सीन एम.नेक्सस्पाइक को मंजूरी दी है।

मप्र में कोरोना को लेकर सरकार अलर्ट

### प्रदेश में हालात नियंत्रण में, केवल पांच मामले

**भोपाल।** देश के कुछ हिस्सों में कोरोना के मामलों में मामूली वृद्धि के बीच मध्यप्रदेश में स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में है। प्रदेश में केवल पांच सक्रिय कोरोना केस दर्ज किए गए हैं। राहत की बात यह भी है कि राज्य में कोरोना से किसी मौत की सूचना नहीं है। हालांकि इंदौर में नए कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। स्वास्थ्य आयुक्त तरूण राठी ने बताया कि मध्यप्रदेश में कोविड-19 की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। लोगों से अपील है कि वे घबराएं नहीं, लेकिन सतर्क रहें और स्वास्थ्य दिशा निदेर्शों का पालन करें।

**पहले दिन प्रदेश का औसत पारा एक डिग्री बढ़ा**



# मई की तरह ही जून शुरूआत गर्म फिर बादल उमस, गर्मी और बारिश

औसत अधिकतम तापमान सामान्य से औसतन 5 डिग्री तक कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में एक जून से मौसम का मिजाज मई महीने की तर्ज पर ही दर्ज हो रहा है। महीने की शुरूआत के पांच दिन गर्म होंगे, फिर बादल और गर्मी के बीच उमस बढ़ेगी। इसके साथ ही बारिश का दौर भी चलेगा। बीच में तीखी धूप लोगों को बेहद परेशान करेगी। इस साल सबसे खास बात यह है कि मई में औसत अधिकतम पारा सामान्य से औसतन 4 डिग्री तक कम रहा है। इससे जून का मौसम भी प्रभावित होगा। जून में गर्मी कम और उमस ज्यादा होगी। बारिश का क्रम औसत रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार जून के महीने में भोपाल में सबसे गर्म महीनों में से एक है, जिसमें दैनिक तापमान आमतौर पर 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर हो जाता है।

### कहां कितना बढ़ा पारा?

रविवार को भोपाल सहित अधिकांश जिलों में पारा औसतन एक डिग्री तक बढ़ा। कुछ जिलों में इतनी ही कमी आई। सबसे गर्म शिवपुरी में पारा 41 डिग्री रहा, जबकि ग्वालियर सहित आधा दर्जन जिलों में एक डिग्री तक बढ़कर 38 से 40 डिग्री के बीच रहा। भोपाल दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 37.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.8 डिग्री कम है।

**एलपीजी सिलेंडर** को लेकर राहत की खबर

## कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 24 रुपए सस्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- घरेलू सिलेंडर की कीमतों में बदलाव नहीं

जून की पहली तारीख को आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती का ऐलान किया है, और अब 19 किलोग्राम वाले इस सिलेंडर का भाव 24 रुपए कम हो गया है। हालांकि, तेल कंपनियों ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर जून में 1723.50 रुपए में उपलब्ध होगा, जबकि मई में इसी की कीमत 1747.50 रुपए थी।



**टूटा रिकॉर्ड**, पिछले साल से 16 फीसदी का इजाफा

## मई के महीने में 2.01 लाख करोड़ वसूला गया जीएसटी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- मप्र में करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी

वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई महीने में सालाना आधार पर 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपए हो गया। इससे पहले अप्रैल में 2.37 लाख करोड़ रुपए जीएसटी वसूल किया गया था। यह लगातार दूसरे महीने जीएसटी संग्रह में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2024 में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपए था। यह 01 जुलाई 2017 से जीएसटी लागू होने के बाद दूसरा सबसे अधिक संग्रह था।





इंदौर में 85 साल की बुजुर्ग को 36 घंटे रखा **डिजिटल अरेस्ट**

## 1 करोड़ से ज्यादा रुपए वसूलने की कोशिश बैंक मैनेजर की सूझबूझ से लुटने से बच गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

- ठगों ने धमकाया, 267 एफआईआर की दी धमकी

शहर में एक बार फिर डिजिटल अरेस्ट की एक घटना सामने आई है, जिसमें 85 साल की बुजुर्ग महिला को ठगों ने 36 घंटे वीडियो कॉल पर रखकर पूछताछ की। इस दौरान उनसे 1 करोड़ 2 लाख रुपए वसूलने की कोशिश की गई। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग महिला नंदनी को ठगों ने ट्राई, आरबीआई, मुंबई पुलिस, सीबीआई अफसर बनकर धमकाया। इसके बाद उन्हें जेट एयरवेज के मालिक नरेश गोयल केस में शामिल होने की बात कही। इसके बाद उन्हें मनी लांड्रिंग में लिप्त बताकर 267 एफआईआर की धमकी दी गई।



**एमपी पीएससी:** चार शहरों के 117 केंद्रों पर 44 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए

## असिस्टेंट प्रोफेसर्स भर्ती परीक्षा-2024 में रही सख्ती, मंगलसूत्र तक उतरवाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को प्रदेश में एमपी पीएससी 2024 असिस्टेंट प्रोफेसर्स भर्ती परीक्षा में कड़ी सख्ती रही। परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले ही परीक्षार्थियों की कड़ी चेकिंग की गई। महिला परीक्षार्थियों के मंगलसूत्र, कान की बाली, गले की चेन आदि तक उतरवा लिए गए, जबकि छात्रों के जूते, घड़ी, रंगीन पानी की बोतल तक बाहर रखवा ली गई। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार को सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2024 आयोजित की गई।

भोपाल में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए, यहां 3500 से अधिक परीक्षार्थी बैठे



### दो सत्र में आयोजित हुई परीक्षा

भोपाल में 10 सेंटर बनाए गए। यहां साढ़े तीन हजार अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी। चारों शहरों को मिलाकर 117 परीक्षा केंद्र बनाए गए। इनमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर शामिल हैं। इंदौर में सबसे ज्यादा 85 सेंटर बनाए गए। यहां 31 हजार 839 परीक्षार्थी शामिल हुए। चारों शहरों में 44 हजार अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए। भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में 86 प्रतिशत उपस्थिति रही। 15 विषयों के लिए यह परीक्षा दो सत्र में आयोजित की गई। पहला सत्र सुबह 10 से और दूसरे सत्र की परीक्षा दोपहर 1 से 4 बजे तक हुई है।

जिन सुखोई का पाक पर हमले के लिए किया गया इस्तेमाल, उन्हीं के टायर दिए कंपनी ने

48 साल से बोइंग 747 के टायरों का हो रहा था इस्तेमाल

## बोइंग हुआ पुराना, अब सुखोई फाइटर जेट के टायरों पर निकलेगी श्री जगन्नाथ की 'रथयात्रा'

अलग खबर

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा यूं तो अपने आप में विशेष होती है, लेकिन इस बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में कुछ और विशेष को शामिल किया गया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा कि इस बार भगवान जगन्नाथ का रथ भारतीय वायुसेना के सुखोई फाइटर जेट के टायरों पर चलाया जाएगा।

**इस्कॉन ने कहा-** मौजूद स्थिति को देखते हुए शायद भगवान जगन्नाथ यह संदेश दे रहे हैं कि शांति ही सबसे अच्छा विकल्प



इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा कि हमने 2018 में एमआरएफ से सुखोई के टायर के लिए संपर्क किया था और उन्होंने इस साल हमें भगवान जगन्नाथ के रथ के लिए टायर उपलब्ध कराए हैं।

### रथ के लिए सुखोई के लेटेस्ट टायर कराए उपलब्ध

इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष ने कहा कि हाल ही भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में सुखोई फाइटर जेट्स का इस्तेमाल किया गया था और कंपनी ने हमें वही टायर दिए, जिन्हें हमने भगवान जगन्नाथ के रथ में लगाया है। उन्होंने कहा कि हमने बीती रात में कोलकाता की सड़कों पर 24 किलोमीटर का एक ट्रायल रन भी किया। हमने पहले यह तय नहीं किया था कि हम रथ में किस टायर का इस्तेमाल करेंगे। लेकिन, मौजूद स्थिति को देखते हुए शायद भगवान जगन्नाथ यह संदेश दे रहे हैं कि शांति ही सबसे अच्छा विकल्प है।



### एमआरएफ कंपनी ने बाकायदा पुष्टि की

उन्होंने कहा कि साल 2018 में हमें पता चला कि सुखोई फाइटर जेट के टायर बोइंग 747 के समान ही हैं, इसलिए फिर हमने एमआरएप से संपर्क किया। आखिरकार, इस साल 2025 में कंपनी ने हमें जवाब लिखा। लेकिन उन्होंने हैरानी जताते हुए हमसे पूछा कि आखिर हमें सुखोई जेट्स के टायर क्यों चाहिए? हमने उनसे कहा कि हमें भगवान जगन्नाथ के रथ के लिए टायर चाहिए। इसके बाद कंपनी ने हमारे दावों की पुष्टि करने के लिए एक सीनियर जनरल मैनेजर को भेजा। इसके बाद अधिकारी स्वयं न्यू टाउन आए और उन्होंने देखा कि वास्तव में रथ में बोइंग 747 के टायर लगे हुए हैं।



पूर्वोत्तर में बारिश और बाढ़ का कहर बरपा

# अब तक 28 की गई जान, असम में 78000 लोग प्रभावित

**असम में रिहायशी इलाकों में भरा पानी**

गुवाहाटी में भारी बारिश-भूस्खलन से 5लोगों की मौत हो गई, इनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। कामरूप महानगर, कामरूप, कछार, धेमाजी लखीमपुर और गोलाघाट में बाढ़ से सड़कों और रिहाइशी इलाकों में पानी भर गया है 10,000 लोग प्रभावित हुए हैं।

**14 पर्यटकों को बचाया गया अलर्ट जारी**

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी/नई दिल्ली

बारिश और भूस्खलन ने पूर्वोत्तर में तबाही मचा दी है। असम में यहां14 से अधिक जानें गई हैं और करीब 78 हजार लोग प्रभावित भी हुए हैं। अरुणाचल प्रदेश, असम और मिजोरम में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। मिजोरम में तो भूस्खलन की चपेट में होटल ही आ गया जिसमें ज्यादातर म्यांमार के लोग रुके हुए थे। इसमें 3 म्यांमारी समेत 4 की मौत हुई है। वहीं तीस्ता नदी का जलस्तर बढ़ गया है। असम से लेकर मणिपुर तक कम से कम 28 लोगों की मौत हुई है।

**सिक्किम में फंसे 1500 सैलानी**

**तीस्ता नदी का जलस्तर बढ़ा**

**आकाशवाणी इंफाल कार्यालय में जलभराव**

## असम में रेल, सड़क और यातायात के साधन जाम

**रेल सेवाएं प्रभावित**

असम के बरईग्राम-दुल्लाबचेरा खंड पर पटरियों के ऊपर से पानी बहने के कारण दुल्लाबचेरा-सिलचर पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। दुल्लाबचेरा-गुवाहाटी एक्सप्रेस दुल्लाबचेरा के बजाय बरईग्राम से चलेगी।

### नागरिकों को बचाने के लिए मणिपुर में ऑपरेशन जल राहत 2 शुरू

मणिपुर के विभिन्न हिस्सों में आई भीषण बाढ़ के बाद उपजे हालात में भारतीय सेना और असम राइफल्स ने 'ऑपरेशन जल राहत 2' शुरू किया। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों पोरमपट, वांखेई, संजेन्थोंग, पैलेस कंपाउंड, न्यू चेकॉन, खुरई हेइक्रुमाखोंग हेनांग में पहुंची।

**800 नागरिकों को बचाया**

रेस्क्यू टीम ने सिंजामेई से वांखेई खुनौ से 193 लोगों को सुरक्षित निकाला। खुरई हेइक्रुमाखोंग में 182 लोगों को बचाया। इंफाल पूर्व और पश्चिम से 408 और लोगों को निकाला गया।

## अरुणाचल में खाई में गिरा वाहन



**मृतकों के परिजनों को मिलेगा 4 लाख मुआवजा**

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने पिछले 48 घंटों में राज्य भर में भूस्खलन से संबंधित घटनाओं में मरने वालों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपए का मुआवजा देने का एलान किया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मौतों पर शोक व्यक्त किया है।

अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कमेंग और लोअर सुबनसिरी जिले में भूस्खलन से 9 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार की रात पूर्वी कमेंग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 13 पर भूस्खलन के चलते एक वाहन खाई में गिर गया और उसमें सवार 2परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। सुबनसिरी जिले में भूस्खलन से खेत में काम कर रहे दो मजदूरों की दबने से मौत हो गई।

**दक्षिण कन्नड़ जिले में 7 की गई जान**

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में भूस्खलन की चपेट में एक घर के आने से 2लोगों की मौत हो गई है, जबकि 2लोगों को बचा लिया गया है। जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि राज्य में भूस्खलन, घरों के गिरने और समुद्र में उफान से अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है।

**1,500 सैलानी फंसे उत्तर सिक्किम में**

उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में कम से कम 1,500 पर्यटक फंस गए। चुंगथांग को लाचेन और लाचुंग से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर कई भूस्खलन हुआ है। सिक्किम के मंगन में भारी वर्षा के बाद तीस्ता नदी का जलस्तर बढ़ गया है। पर्यटकों को चेतावनी दी गई है।

### मिजोरम में 5 घर, होटल जमींदोज

मिजोरम में भारी बारिश के चलते भूस्खलन की चपेट में आने से पांच घर और एक होटल जमींदोज हो गए। यह घटना शुक्रवार की रात करीब साढ़े दस बजे लांगतलाई शहर में हुई। इसमें कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। इनमें से ज्यादातर लोग म्यांमार के हैं जो होटल में ठहरे थे।

**यूपी समेत कई राज्यों में 5 दिन तक बारिश आंधी-बिजली कड़कने की चेतावनी**

यूपी समेत उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदल रहा है। अब कई राज्यों में बारिश हो रही है, जिसकी वजह से गर्मी के कहर से राहत मिली है। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम भारत में अगले 4-5दिनों तक बारिश, आंधी तूफान का अलर्ट है।

**शाह ने की सरमा से बात, मदद का भरोसा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से बात कर हालात की जानकारी ली है। उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है।

---

## खबर संक्षेप

**सुंदर नगरी सिलेंडर ब्लास्ट, 2 बच्चों की मौत**



**नई दिल्ली।** यहां के सुंदर नगरी इलाके में शनिवार एक बड़ा हादसा हुआ। यहां एक सीएनजी सिलेंडर फट गया। हादसे में 3 नाबालिग बच्चों समेत 4लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली पुलिस का कहना है कि इलाज के दौरान दो नाबालिगों की मौत हो गई है। शनिवार दोपहर सूचना मिली थी।

**बकरों से लदा कैंटर टकराया, 4 की मौत**



**अलीगढ़।** थाना गभाना के अलीगढ़-दिल्ली हाईवे पर 1 जून तड़के 3.30 बजे बकरों से लदा कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। एक अन्य कैंटर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। दोनों हादसों में पिता-पुत्र समेत एटा के चार लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हुए हैं। एटा के पशु व्यापारी दिल्ली बेचने के लिए जा रहे थे।

**गाड़ी में घिसटे 2 दोस्त गोरखपुर में 4 की मौत**



**गोरखपुर।** यहां के बड़हलगंज गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर गलत साइड से बाइक लेकर जाने की वजह से सड़क हादसा हुआ। कार की टक्कर में दो युवक 15 फीट उपर उड़ गए। जबकि दो अन्य दोस्त गाड़ी में 30 मीटर दूर तक घिसट गए। बताया गया कि कार गोरखपुर से वाराणसी की तरफ की साइड में ठीक जा रही थी।

**मंडी में पुल से नीचे गिरी वैन, 5 नहीं रहे**



**मंडी।** रविवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक पिकअप वैन संतुलन बिगड़ने के बाद पुल की रेलिंग से टकराकर नीचे गिर गई। इस हादसे में 5 मजदूरों की मौत हो गई। पिकअप वैन में मौजूद एक शख्स बच गया जिसका घायल अवस्था में इलाज चल रहा है। वाहन लुधियाना से मंडी में आईआईटी कमांद जा रहा था।

**गुजरात के मंत्री खाबड़ का बेटा गिरफ्तार**



**दाहोद।** गुजरात के दाहोद में रविवार को पुलिस ने राज्य के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री बच्चूभाई खबाड़ के बेटे बलवंत खबाड़ को गिरफ्तार कर लिया। बलवंत को कुछ दिन पहले ही मनरेगा से जुड़े एक मामले में जमानत मिली थी। लेकिन अब उन पर एक और मामले में कार्रवाई हुई है। बलवंत और उनके भाई किरण को 29 मई को जमानत मिली थी।

---

### गृहमंत्री शाह ने कोलकाता में टीएमसी सरकार पर जमकर साधा निशाना

# अब 'घुसपैठ' का केंद्र बन गया बंगाल दीदी का वक्त खत्म, नहीं गलेगी दाल

बिना हिंसा के चुनाव लड़कर देखें दीदी जमानत हो जाएगी जब्त



एजेंसी ⏭ कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल दौरे पर तृणमूल कांग्रेस और सीएम ममता बेनर्जी पर जमकर निशाना साधा। भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर टिप्पणी को लेकर ममता और उनकी सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले पर ममता ने चुप्पी साध ली। जब भारतीय सेना उस हमले का बदला लिया तो ममता और उनके नेताओं ने फर्जी टिप्पणियां कर 'ऑपरेशन सिंदूर' का अपमान किया। बंगाल की जनता को ममता को सिंदूर की ताकत दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें बंगाल में भाजपा की सरकार बनानी है, घुसपैठ रोकनी है, भ्रष्टाचार रोकना है, हिंदुओं का पलायन रोकना है। शाह ने कहा कि ममता 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर आईं। उन्होंने बंगाल की महान भूमि को घुसपैठ, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ अनैतिकता की भूमि में बदल दिया। यहांसैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। दीदी, अब आपका समय खत्म हो गया है। 2026 में भाजपा सरकार बनाएगी।

**बंगाल की जनता ममता को सिंदूर की ताकत दिखाए**

**भ्रष्टाचार और पलायन रोकने भाजपा की सरकार बनाएं**



मां, माटी, मानुष' का नारा देने वाली बनीं अमानुष

**भतीजे को सीएम बनाना चाह रहीं**

शाह ने कहा कि बंगाल का चुनाव न केवल बंगाल का भविष्य तय करेगा, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। ममता ने बांग्लादेशियों के लिए देश की सीमाएं खोल दी हैं। वह घुसपैठ की इजाजत दे रही हैं। ममता बनर्जी घुसपैठ नहीं रोक सकतीं, केवल कमल सरकार ही ऐसा कर सकती है। हमने उनसे बाड़ लगाने के लिए जमीन मांगी है। वह सीमा पर जमीन नहीं दे रही हैं, ताकि घुसपैठ जारी रहे और उनका वोट बैंक बढ़ता रहे और आपके बाद आपका भतीजा सीएम बन जाए। लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है।

**हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलेगी**

शाह ने कहा कि मैं भरोसा दिलाता हूं कि जैसे ही तृणमूल कांग्रेस सत्ता से हटेगी, हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं की हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलेगी, भले ही वे जमीन के नीचे छिपे हों।

**वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की सारी हदें पार कीं**

शाह ने कहा कि अगर दीदी में हिम्मत है, तो वे बिना हिंसा के चुनाव लड़कर दिखाएं, उनकी जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बेनर्जी ने वोटबैंक के लिए तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं।

**मुर्शिदाबाद हिंसा पर फूटा गुस्सा**

**अगर बीएसएफ आती तो हिंदुओं की जान बच जाती**

शाह ने मुर्शिदाबाद हिंसा का जिक्र किया। गृह मंत्रालय बार-बार कहता रहा कि बीएसएफ को बुला लीजिए, लेकिन इन्होंने नहीं बुलाया। क्योंकि अगर बीएसएफ आती, तो हिंदुओं की रक्षा होती। फिर भाजपा कार्यकर्ता हाई कोर्ट गए, तब जाकर बीएसएफआई और हिंदुओं को बचाया।

**बंगाल को दुराचार का केंद्र बना दिया**

शाह ने कहा कि वंदे मातरम के रचयिता महान बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की यह भूमि जिस भूमि ने वर्षों तक भारत का मार्गदर्शन किया। ज्ञान हो, धर्म हो, स्वतंत्रता संग्राम हो, हर क्षेत्र में वर्षों तक बंगाल ने भारत का नेतृत्व किया, लेकिन उसी बंगाल में कई वर्षों तक कम्युनिस्टों का शासन रहा और दीदी सत्ता में आईं। बंग भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, स्त्रियों पर अत्याचार, अपराध का अड्डा बना दिया।


**कहां गया पैसा?**

**यूपीए में 2 लाख करोड़, एनडीएमें 8 लाख करोड़ मिले**

शाह ने सवाल उठाया कि इतने सालों तक केंद्र और राज्य की सत्ता में रहते हुए भी ममता सरकार ने बंगाल को क्या दिया? यूपीए केवल 2.09 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे जबकि मोदी सरकार ने अब तक 8,00,087 करोड़ भेजे हैं। ये पैसा कहां गया?

## देश में आपराधिक न्याय प्रणाली होगी और मजबूत

### सीएफएसएल भवन का किया उद्घाटन



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता के निकट न्यू टाउन में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के नए भवन का उद्घाटन किया। यह पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने में बहुत योगदान देगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 88 करोड़ की लागत से भवन का निर्माण हुआ है, परंतु इस सीएफएसएल के माध्यम से पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, ओडिशा, असम, सिक्किम और उत्तर पूर्व के सभी राज्यों को साक्ष्य आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली विकसित करने में समग्र दृष्टिकोण की भूमिका का निर्वहन करने में मदद मिलेगी।

**सुरक्षित, पारदर्शी और साक्ष्य संचालित प्रणाली**

शाह ने कहा कि यह उद्घाटन केंद्र के सुरक्षित, पारदर्शी और साक्ष्य-संचालित आपराधिक न्याय प्रणाली बनाने के लंबे समय से चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि यह बेहद संतुष्टि का क्षण है, क्योंकि हम आधुनिक फोरेंसिक और जांच बुनियादी ढांचे की श्रृंखला में प्रत्येक कड़ी को मजबूत करना जारी रखते हैं। केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तमिलनाडु, राजस्थान, केरल और बिहार में और सीएफएसएल प्रयोगशालाएं बनाने की योजना बना रही है।

**60% मामलों में जल्द दिया आरोप पत्र**

गृह मंत्री शाह ने हाल के आपराधिक कानून सुधारों के प्रभाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की शुरुआत के बाद 60 प्रतिशत मामलों में हमने 60 दिनों के भीतर आरोप पत्र दायर होते हुए देखा है। इससे पहले पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर आए अमित शाह नेताजी इंडोर स्टेडियम में भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों को संबोधित भी करेंगे।

---

**हरकी पैड़ी पहुंचीं सीएम रेखा**

## पति संग लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

एजेंसी ⏭ हरिद्वार



दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता रविवार को हरिद्वार दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने सबसे पहले पति के साथ हरकी पैड़ी पहुंचकर गंगा में स्नान किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद रेखा गुप्ता पहली बार हरिद्वार पहुंची हैं। इस मौके पर गुप्ता ने कहा कि गंगा स्नान मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं अपनी सरकार के 100 दिन के कार्यकाल को पूरा करपुण्य भूमि हरकी पैड़ी पर आई हूं। आज मैंने मां गंगा के चरणों में नमन करते हुए यही प्रार्थना की है कि भारतवर्ष विकसित हो और उसमें दिल्ली भी अपना स्थान बनाएं। हालांकि खबर है कि उनके काफिले की 5 गाड़ियों में टक्कर भी हो गई थी।

**नगालैंड में सियासी हलचल**

## नगालैंड में एनसीपी के सभी 7 विधायक एनडीपीपी में गए

एजेंसी ⏭ कोहिमा



नगालैंड में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सभी 7 विधायक सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) में शामिल हो गए हैं। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली पार्टी को 60 सदस्यीय विधानसभा में पूर्ण बहुमत मिल गया है।

इससे विधानसभा में एनडीपीपी की ताकत 25 से बढ़कर 32 हो गई है। 2023 के विधानसभा चुनावों में एनसीपी तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। एनडीपीपी और उसकी सहयोगी भाजपा के बाद एनसीपी ने 12 सीटें जीती थीं। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए नगालैंड सरकार के प्रवक्ता केजी केन्ये ने कहा कि 7 सदस्यों के साथ राज्य विधानसभा में तीसरा सबसे बड़े समूह एनसीपी का औपचारिक रूप से एनडीपीपी में विलय हो गया है।

**ऑपरेशन सिंदूर पर खरगे का प्रधानमंत्री पर तंज**

## पीएम को 'खुद की तारीफ' करने की जरूरत नहीं, सेना को अधिकार दिए तो क्यों बोल रहे?

**सुरक्षा के मामलों में सभी नेता चुप रहें**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम द्वारा दिए जा रहे भाषणों पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र की सुरक्षा की बात हो तो देश भर के सभी नेताओं को शांत रहना चाहिए। हमारे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश दौर पर गए हुए हैं ऐसे में जब तक वह वापस नहीं आ जाते चुनाव प्रचार नहीं होना चाहिए। पीएम को चुनावी भाषणों में अपनी प्रशंसा वाले बयान देने से बचना चाहिए। देश भर के सभी नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले पर चुप रहना चाहिए। बोलने से पहले समझना चाहिए।

**जयराम ने सीडीएस के बयान पर उठाए सवाल**



कांग्रेस महासचिव और सांसद जयराम रमेश ने सरकार पर पारदर्शिता न बरतने का आरोप लगाया है। रमेश ने कहा कि सिंगापुर में जनरल चौहान की तरफ से किए गए खुलासों को लेकर अब तक हमें इंतजार क्यों करना पड़ा है? बेहतर होता कि जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक आयोजित की थी, उसी वक्त जानकारी देनी चाहिए थी और सरकार को इस बारे में देश की संसद को सूचित करना चाहिए था। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के बयान पर कांग्रेस मोदी सरकार पर हमलावर है।

---

**तेज प्रताप ने तेजस्वी को किया आगाह, साजिश बेनकाब करूंगा**

# पापा आप न होते तो न पार्टी होती और न ही ये जयचंद

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव का बड़ा बयान सामने आया है। तेज प्रताप ने इस बार अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव के लिए रविवार दोपहर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने तेजस्वी से कहा कि मेरे भाई मैं हर परिस्थितियों में तुम्हारे साथ हूं। तुम जयचंदों से सावधान रहना क्योंकि वह हर जगह हैं। तेज प्रताप ने अपने छोटे भाई को अर्जुन कहा। सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नहीं हो सकोगे। कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा। बस मेरे भाई भरोसा रखना मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं। मेरे भाई मम्मी पापा का ख्याल रखना, जयचंद हर जगह हैं। अंदर भी और बाहर भी हैं।

**जयचंद हर जगह, अंदर भी और बाहर भी**

**मम्मी-पापा ही मेरी सारी दुनिया**



पिछले कुछ समय से विवादों में चल रहे तेजप्रताप यादव ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने माता-पिता, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के लिए एक भावुक पोस्ट साझा की है. इस पोस्ट में तेजप्रताप ने अपने मम्मी-पापा को अपनी सारी दुनिया बताया है। मेरी सारी दुनिया बस आपदोनों में ही समाई है.।

**... तो कुछ जयचंद जैसे लालची लोग**

तेजप्रताप ने लिखा आप है तो सब कुछ है मेरे पास। उन्होंने अपने पिता लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक विरासत को भी याद किया और कहा कि पापा आप नही होते तो नं ये पार्टी होती और न मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग।

**मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए**

इससे पहले तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के लिए पोस्ट लिखा था। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, मेरे प्यारे मम्मी पापा... मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर है आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप है तो सब कुछ है मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए न कि कुछ और। बस मम्मी पापा आप दोनों स्वस्थ और खुश रहें हमेशा।

**सजा के बाद बड़ी कार्रवाई**

## अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म, सीट रिक्त घोषित की

एजेंसी ⏭ लखनऊ



हेट स्पीच केस में सजा के ऐलान के बाद यूपी के मऊ से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनकी सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। इसके लिए रविवार को छुट्टी के दिन सचिवालय खोला गया। चुनाव आयोग को इसकी सूचना

**कोर्ट ने दी थी 2 साल की सजा**

बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले मे फैसला शनिवार को हुआ। सीजेएम डॉ. केपी सिंह ने मामले में पक्षकारों की बहस सुनने के बाद फैसला के लिए 31 मई की तिथि नियत की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही अलग अलग धाराओं के तहत कुल 11 का जुर्माना भी लगाया गया है।

## डेल्टा एयरलाइंस फिर शुरू करेगी भारत के लिए उड़ानें

# इंडिगो, डेल्टा, एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक के बीच डील: भारत से यूरोप और अमेरिका की यात्रा होगी आसान

भारत से यूरोप और उत्तरी अमेरिका बीच हवाई यात्रा होगी सुविधाजनक

भारत: सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन बाजार

*इंडिगो, डेल्टा, एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक के बीच हुई अहम साझेदारी भारतीय यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। इस डील के बाद से अंतरराष्ट्रीय यात्रा और आसान, सुविधाजनक और तेज हो जाएगी। यह भारत के एविएशन सेक्टर के बढ़ते कद को भी दर्शाता है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की बड़ी एयरलाइन कंपनियों में शुमार इंडिगो ने आज एक बड़ी घोषणा की है। इंडिगो ने अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस, यूरोप की एयर फ्रांस-केएलएम और ब्रिटेन की वर्जिन अटलांटिक के साथ एक नई साझेदारी की है। इस साझेदारी का मकसद भारत से यूरोप और उत्तरी अमेरिका यानी अमेरिका और कनाडा के बीच हवाई यात्रा को और बेहतर और आसान बनाना है। यह एलान रविवार को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया गया, जिसमें चारों एयरलाइनों के सीईओ मौजूद थे। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स, डेल्टा एयरलाइंस के सीईओ एड बैस्टियन, एयर फ्रांस-केएलएम के सीईओ बेंजामिन स्मिथ और वर्जिन अटलांटिक के सीईओ शाई वीस ने इस नई ग्लोबल साझेदारी की जानकारी दी। इस मौके पर डेल्टा एयरलाइंस के सीईओ एड बैस्टियन ने बताया कि उनकी कंपनी भारत के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने की तैयारी में है।




### एप से बुक कर पाएंगे अमेरिका की टिकट

*अब यात्री इंडिगो की वेबसाइट या ऐप से ही यूरोप और अमेरिका के लिए टिकट बुक कर सकेंगे। वहीं समान चेक-इन, बोर्डिंग और लगेज की सुविधा मिलेगी, भले ही सफर में दो या तीन एयरलाइनों की फ्लाइट हो। कनेक्टिंग टाइम कम होगा, यानी दूसरी फ्लाइट पकड़ने में आसानी होगी।*

### दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट!

डेल्टा की योजना है कि वह अमेरिका के अटलांटा शहर से भारत की राजधानी दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करे। हालांकि इसके लिए भारत सरकार की मंजूरी की जरूरत होगी। बता दें कि, डेल्टा एयरलाइंस ने पहले भी भारत के लिए उड़ानें चलाई थीं, लेकिन कुछ वर्षों से यह सेवाएं बंद थीं। इस डील की अहम वजह भारत का तेजी से बढ़ता हुआ विमानन बाजार। भारत अब दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते सिविल एविएशन मार्केट्स में शामिल हो गया है। देश में हवाई यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है - चाहे वह देश के भीतर की यात्रा हो या विदेश की। इसी मांग को देखते हुए दुनिया की बड़ी एयरलाइंस भारत के साथ साझेदारी करना चाहती हैं।

### इंडिगो की बड़ी अंतरराष्ट्रीय योजना

इंडिगो अब सिर्फ घरेलू उड़ानों पर नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में भी तेजी से विस्तार कर रही है। मौजूदा वित्त वर्ष (मार्च 2026 तक) में इंडिगो 10 नए विदेशी शहरों के लिए उड़ानें शुरू करने वाली है। इंडिगो पहले से ही एयर फ्रांस-केएलएम और वर्जिन अटलांटिक के साथ 2022 से साझेदारी में है, लेकिन अब इस साझेदारी में अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस भी शामिल हो गई है, जिससे इसकी ताकत और बढ़ गई है।

**साझेदारी से होंगे कई फायदे**

*इस साझेदारी का मतलब है कि अब भारत से अमेरिका, कनाडा और यूरोप के कई शहरों के लिए सफर करना ज्यादा आसान और सुविधाजनक होगा। बता दें कि, अब यात्रियों को एक ही टिकट से भारत के किसी भी शहर से यूरोप या अमेरिका तक सफर करने की सुविधा मिल सकती है। वहीं चारों एयरलाइनों के नेटवर्क मिलाकर अब दर्जनों शहर एक-दूसरे से जुड़ेंगे। जबकि यात्रियों को ट्रांजिट के समय में आसानी होगी और लगेज ट्रांसफर भी आसान हो जाएगा। वहीं टिकट बुकिंग, चेक-इन और फ्लाइट अनुभव को एक जैसा और बेहतर बनाने की कोशिश होगी।*

## रूस के एयरबेस पर यूक्रेन ने किया ड्रोन से हमला

# दावा- बम बरसाने वाले 40 विमानों को कर दिया ध्वस्त

ये विमान अक्सर यूक्रेन के ऊपर उड़ान भरते हैं



एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन ने रूस के दो अहम एयर बेस सहित 40 विमानों को ध्वस्त करने का दावा किया है। ओलेन्या और बेलाया पर यूक्रेनी सेना ने ड्रोन से हमला किया है। बताया जा रहा है कि जिन एयर बेस को निशाना बनाया गया है। वो रूस-यूक्रेन सीमा से काफी अंदर पड़ता है।

यूक्रेनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हमला यूक्रेनी सेना का अब तक का सबसे बड़ी ड्रोन अटैक था। यूक्रेन ने खासतौर से उस बेस को निशाना बनाया है, जिसका इस्तेमाल रूस उस पर बम बरसाने के लिए कर रहा था।

युक्रेन की तरफ से कहा गया है कि उसने रूस के अंदर स्थित कई एयर बेस पर ड्रोन से हमला किया है। जिसमें 40 से ज्यादा रूसी बॉम्बर्स को ध्वस्त कर दिया है, जिसका इस्तेमाल रूस यूक्रेन पर बम बरसाने के लिए कर रहा था। यूक्रेन का कहना है कि ये वही विमान हैं जो अक्सर युक्रेन के ऊपर उड़ान भरते हैं और बम गिराते हैं।

**रूस-यूक्रेन सीमा से अंदर पड़ने वाले एयरबेस पर हमला**

युक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) के एक अधिकारी ने बताया कि उनके ड्रोन रूसी इलाके में गहराई तक जाकर बड़े बॉम्बर्स विमानों जैसे टीयू-95, टीयू-22 और महंगे और दुर्लभ ए-50 जासूसी विमान को नुकसान पहुंचाने में सफल रहे। एसबीयू ने बताया कि हमला बेलाया एयर बेस पर हुआ।

### इजराइली गोलीबारी में 30 मरे, 115 से ज्यादा घायल

*गाजा के दक्षिणी इलाके राफा में अमेरिका की ओर से फंडेड एक राहत वितरण केंद्र के पास इजराइली सेना की गोलीबारी में कम से कम 30 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 115 से अधिक लोग घायल हो गए। यह घटना सुबह उस समय हुई जब हजारों फिलिस्तीनी नागरिक राहत सामग्री लेने के लिए वहां इकट्ठा हुए थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक इजरायली टैंकों ने भीड़ पर गोलीबारी शुरू कर दी। घायलों और मृतकों को गधे की गाड़ियों पर अस्पताल पहुंचाया गया, जो इस क्षेत्र में गंभीर मानवीय संकट को दर्शाता है। घायलों को राफा के पास स्थित नासिर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए, हमास ने आरोप लगाया कि राफा में इजरायली सेना ने 'भूखे नागरिकों पर नया नरसंहार किया'।*



## सीडीएस अनिल चौहान ने समझाया युद्ध का कौशल

# भविष्य के युद्ध को चार तरीकों से आकार दिया जाएगा, अत्याधुनिक तकनीक रहेगी केंद्र में



- जवानों का 15 फीसदी वक्त फर्जी खबरों से निपटने में बर्बाद हुआ
- जंग में गलत जानकारी और अफवाहें एक बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कहना है कि भविष्य के युद्ध चार प्रमुख प्रवृत्तियों द्वारा आकार लेंगे। इनमें से एक है सभी क्षेत्रों में सेंसर्स का प्रसार। दूसरा- लंबी दूरी तक मार करने वाली हाइपरसोनिक और सटीक हथियार प्रणालियां। तीसरा, स्वायत्त प्रणालियों के साथ मानव-मानव रहित टीमिंग। चौथा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और क्वांटम तकनीक द्वारा संचालित युद्धक्षेत्र की बुद्धिमत्ता। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने यह जानकारी रविवार को सिंगापुर में दी। वह यहां आयोजित प्रतिष्ठित 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' में 'भविष्य की चुनौतियों के लिए रक्षा नवाचार समाधान' विषय पर बोल रहे थे।

इस कार्यक्रम में जनरल अनिल चौहान ने बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और तेजी से हो रहे तकनीकी परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण ने गैर-राज्य तत्वों (नॉन स्टेट एक्टर्स) को सशक्त किया है, जिससे प्रॉक्सी युद्धों और अस्थिरता को बढ़ावा मिला है।

### भारत ने 'रणनीति-प्रेरित आधुनिकीकरण' को अपनाया

*उन्होंने क्षमताओं के विकास के लिए अनुकूलनशीलता, नवाचार और आत्मनिर्भरता को मूलमंत्र बताया। भारत ने निजी उद्योगों के साथ सहयोग करते हुए एक संयुक्त रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है। उन्होंने बताया कि भारत ने 'रणनीति-प्रेरित आधुनिकीकरण' को अपनाया है। इससे युद्धक प्रणालियां परिचालन आवश्यकताओं और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विकसित की जा सकें। जनरल चौहान ने कहा कि वर्तमान में चल रहा परिवर्तन सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सिद्धांत, संगठनात्मक संस्कृति और मानव संसाधन का भी कायाकल्प शामिल है।*

**जरूरत पूरी करेंगे**

### सूचना युद्ध के लिए विशेष शाखा की जरूरत

शांगरी-ला संवाद में सीडीएस ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त महसूस हुआ कि हमें सूचना युद्ध के लिए एक अलग और विशेष शाखा की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के शुरुआती दौर में दो महिला अधिकारी मीडिया को जानकारी दे रही थी क्योंकि उस समय वरिष्ठ सैन्य अधिकारी वास्तविक ऑपरेशन में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि भले ही भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे पर साइबर हमले किए, लेकिन भारत की सैन्य प्रणालियां इंटरनेट से जुड़ी नहीं हैं, इसलिए वे सुरक्षित रहीं।

### शांगरी-ला डायलॉग 2025 को महत्वपूर्ण मंच बताया

सीडीएस ने 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' को वैश्विक स्थिरता हेतु संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण मंच बताया। 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' के दौरान भारत और फिलीपींस के रक्षा प्रमुखों के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और फिलीपींस के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रोमियो एस ब्रावनर जूनियर के बीच यह महत्वपूर्ण बातचीत हुई।

### आत्मनिर्भरता के माध्यम से क्षमता विकास

सीडीएस ने अनुकूलनशीलता, नवाचार और आत्मनिर्भरता के माध्यम से क्षमता विकास के दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया। इसमें जिक्र किया गय कि कैसे भारत ने परिचालन आवश्यकताओं और स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल प्रणालियों को विकसित करने में 'रणनीति-आधारित आधुनिकीकरण' योजना को अपनाते हुए निजी उद्योग के साथ सहयोगी रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

### क्षेत्रीय सुरक्षा पर भी विचार-विमर्श हुआ

ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में क्षेत्रीय सुरक्षा पर भी विचार-विमर्श हुआ। दोनों देशों के सैन्य प्रमुखों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग और क्षमता संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह बातचीत भारत-फिलीपींस रणनीतिक समन्वय को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। सीडीएस चौहान इससे पहले यहां अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जापान समेत कई राष्ट्रों के सैन्य प्रमुखों से मुलाकात कर चुके हैं।

### चैंपियंस लीग जीतने के जश्न में दो लोगों की मौत

**पेरिस।** यूरोप का सबसे बड़ी पुरस्कार राशि वाली फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के दौरान फ्रांस में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने बताया कि शनिवार रात म्यूनिख में हुए फाइनल के बाद पीएसजी स्ट्रीट पार्टी के दौरान डैक्स शहर में 17 वर्षीय एक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। गृह मंत्री के कार्यालय ने बताया कि पेरिस में पीएसजी समारोह के दौरान एक व्यक्ति की तब मौत हो गई जब उसके स्कूटर को एक कार ने टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

## पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड ने कबूला

# भारत की एयर स्ट्राइक में साथी के परखच्चे उड़े रोता रहा पर जनाजे में शामिल नहीं होने दिया

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा कमांडर सैफुल्लाह कसूरी ने भी माना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की एयर स्ट्राइक में उसके एक साथी आतंकी मुदस्सर के शव के परखच्चे उड़ गए थे।

इसके बाद, कसूरी उसके जनाजे में भी नहीं शामिल हो सका और खूब रोया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके और पाकिस्तान स्थित लश्कर और जैश के नौ ठिकानों पर हवाई हमले करके 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर कर दिया था। इसी हमले में लश्कर का



आतंकी मुदस्सर भी मारा गया था। हाल ही में आतंकी सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिजल हाशमी ने कुछ भड़काऊ तकरीरें दीं।

इसी दौरान कसूरी ने कबूल किया कि उसके एक साथी आतंकी मुदस्सर के शव के परखच्चे सात मई को मुरीदके (जेयूडी/एलईटी मुख्यालय) पर की गई भारतीय एयर स्ट्राइक में उड़ गए थे।

### पाक सेना ने दिया था गार्ड ऑफ ऑनर

बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बड़े आतंकी ढेर हो गए थे। इसमें जैश ए मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के दस सदस्य भी शामिल थे। इसके अलावा, चार अन्य करीबी लोग भी मारे गए। इसी हमले में लश्कर कमांडर मुदस्सर भी ढेर हो गया था। वह मरकज तैयबा मुरीदके का प्रभारी था। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने उसे गार्ड ऑफ ऑनर दिया और पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने मिट्टी देते हुए उसके लिए फातिहा पढ़ा था।

### नेपाल के पूर्व गृह मंत्री और अन्य गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व गृह मंत्री कमल थापा और लगभग आधा दर्जन अन्य लोगों को रविवार को काठमांडू में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू देश के रूप में स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) और आरपीपी नेपाल सहित राजशाही समर्थक समूहों ने आंदोलन के चौथे दिन यहां नारायण चौर में विरोध प्रदर्शन किया। काठमांडू घाटी पुलिस के प्रवक्ता अपिल बोहोरा ने बताया कि आरपीपी अध्यक्ष और राजशाही के कट्टर समर्थक राजेंद्र लिंगडेन विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। और जब प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास बलुवाटर की ओर बढ़ने की कोशिश की तब उनका पुलिस के साथ झड़प हो गई।




## पड़ोसी मुल्क के सुप्रीम कोर्ट ने दिया अजीबोगरीब फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने जमात-ए-इस्लामी के आतंकी को रिहा किया

# तो फिर बांग्लादेश की 'कट्टर जमात' के हाथों में चली जाएगी सत्ता की कमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में पिछले साल सत्ता परिवर्तन के बाद से कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन फिर से ताकतवर होते जा रहे हैं। इसी बीच बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को एक ऐसा फैसला सुनाया, जिसकी काफी चर्चा हो रही है। कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल कर दिया। वहीं, पार्टी को चुनावों में भाग लेने की



अनुमति भी मिल गई। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान इसकी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के चलते बैन लगाया गया था। मगर अब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पार्टी पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सैयद रिफात अहमद की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय खंड ने यह निर्देश जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पारंपरिक चुनाव चिन्ह तराजू के तहत चुनाव लड़ने की अनुमति देना चुनाव आयोग (ईसी) के विवेक पर निर्भर करेगा।

**चुनाव कराने की मांग**

*राजनीतिक दलों के दबाव के बाद यूनुस सरकार ने ऐलान किया है कि वह दिसंबर से जून 2026 के बीच देश में आम चुनाव कराएंगे। हालांकी बीएनपी की ओर से मांग की जा रही है कि चुनाव किसी भी हाल में दिसंबर तक कराए जाए। चुनाव में देरी की वजह से यूनुस सरकार के खिलाफ देश भी में गुस्सा है और उनके ऊपर सत्ता से न हटने की मंशा रखने का आरोप लगाया जा रहा है।*

### हसीना सरकार ने जमात को किया था अवैध घोषित

इससे पहले 1 अगस्त 2013 को उच्च न्यायालय ने एक रिट याचिका के जवाब में जमात-ए-इस्लामी के पंजीकरण को अवैध और शून्य घोषित कर दिया था। जबसे जमात को बांग्लादेश के चुनावों में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं थी, लेकिन अब आने वाले चुनावों में दूसरी राजनीतिक दलों की तरह जमात भी अपनी उम्मीदवार उतारेगी। अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद, जमात-ए-इस्लामी ने अपनी पंजीकरण बहाली के लिए फिर से अपील की थी।

# नक्सल उन्मूलन के साथ बस्तर में खुलेंगे विकास के रास्ते

# 'समृद्धि का स्वर्ण काल'



छत्तीसगढ़ के दक्षिणी इलाके का वह वन समृद्ध क्षेत्र बस्तर अपनी आदिवासी संस्कृति के लिए पूरी दुनिया में विख्यात है। हरियाली का सौंदर्य, प्रकृति की समृद्धि और खूबसूरत पर्यटन स्थलों से सजा बस्तर नक्सल हिंसा के चलते लंबे समय से विकास से अछूता रहा, लेकिन अब यहां नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। विष्णु देव सरकार की सुनियोजित नीति ने बस्तर की दशा और दिशा दोनों बदल दी है। अब बस्तर सतत विकास पथ पर अग्रसर है। कृषि के साथ-साथ बस्तर में औद्योगिक क्षेत्र में भी एक नई क्रांति साय सरकार लाई है। यहां शिक्षा और युवाओं के कौशल उन्नयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे बस्तर के बेहतर भविष्य की सुखद तस्वीरें अब साफ नजर आने लगी हैं। क्षेत्र में अब सुनियोजित रणनीति के साथ समस्या के उन्मूलन पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार एक तरफ नक्सलवाद के खिलाफ ठोस रणनीति बनाकर एक निश्चित समय अवधि तक इसके संपूर्ण उन्मूलन के लिए काम कर रही है, तो दूसरी तरफ बस्तर में समावेशी विकास के लिए एक विस्तृत रोड मैप पर कार्य चल रहा है। विकास की सुनियोजित रूपरेखा से यहां के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में तेजी से बदलाव दिखने लगे हैं। स्थानीय जन समुदाय के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है और जिंदगी पहले से बेहतर हो रही है। सरकार के प्रयासों को देखते हुए यह लगता है, कि आने वाला समय बस्तर की समृद्धि का स्वर्ण काल होगा।



'बस्तर अब शांति की ओर बढ़ चुका है, अब सरकार का लक्ष्य लोगों को सम्मानजनक आजीविका देना है। सरकार न केवल कौशल विकास पर ध्यान देगी, बल्कि स्थानीय लोगों को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य करेगी। इससे बस्तर का युवा न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि पूरे देश और दुनिया में अपने हुनर की पहचान बना सकेगा।'
-श्री विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## बस्तर के युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए कौशल उन्नयन



बस्तर के युवाओं को अब तक या तो शहरी पलायन का विकल्प मिलता था या नक्सल संगठनों की ओर से बहकाने वाले रास्ते। विकसित बस्तर परिस्थिति को जड़ से बदलने का प्रयास है। इसमें 90 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और 40 हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना से यह प्रयास जमीन पर आकार लेता दिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नक्सल प्रभावित बस्तर के कांकेर और कोंडागांव जिलों में स्कूली बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, बच्चों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा दी जाएगी। यह पहल आदिवासी बच्चों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए की गई है।

## तकनीकी कृषि उपकरणों के प्रयोग से आदिवासी किसान उन्नत खेती की ओर अग्रसर



बस्तर की अर्थव्यवस्था का मूल आधार आज भी कृषि और वनों पर आधारित जीवनशैली है। यहां किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर विशेष जोर है। मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी और रागी को बढ़ावा देना मिलेट मिशन का हिस्सा है, जो पोषण और आय दोनों में वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। यह कदम छोटे किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने में मदद करेगा। ड्रोन दीदियों की मदद से फसलों पर दवा छिड़काव के साथ-साथ अन्य तकनीकी कृषि उपकरणों के प्रयोग से यहां के प्रगतिशील आदिवासी किसान उन्नत खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## सांस्कृतिक पहचान से समृद्धि की ओर बस्तर



बस्तर दशहरा की अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की योजना बनाई गई है। यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को वैश्विक पहचान दिलाएगा। बस्तर पर्यटन सर्किट को विकसित करने, तीरथगढ़ जलप्रपात पर पारदर्शी पुल बनाने और स्थानीय युवाओं को पर्यटक गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की योजनाएं रोजगार, निवेश और सांस्कृतिक जागरूकता के तीनों पहलुओं को साधती हैं। बस्तर के धुड़मारास गांव को संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे, कैंपिंग और ईको पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

## बस्तर के विकास के लिए रोड मैप तैयार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर के विकास के लिए 19 बिंदुओं पर आधारित योजनाओं की श्रृंखला तैयार की गई है, जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं, उद्योगों और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने का मसौदा तैयार किया गया है। बस्तर को एक नए औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करना, बांस, लघु वनोपज और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के प्रसंस्करण हेतु उद्योग स्थापना, शिक्षा और कौशल विकास के लिए आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों की संख्या में वृद्धि, युवाओं को तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण देना, पर्यटन और सांस्कृतिक विकास के लिए विभिन्न कार्यों सहित नई उद्योग नीति के साथ बस्तर में संतुलित औद्योगिक विकास का रास्ता बनाना और नई नक्सली आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति के तहत किए जाने वाले कार्य शामिल हैं।

## स्थानीय उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर



राज्य की नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत बस्तर के स्थानीय युवाओं, महिला उद्यमियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को उद्यमिता की धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नई नीति में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जैसे इस्पात उद्योगों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी की प्रतिपूर्ति और आत्मसमर्पित नक्सलियों को नौकरी देने वाले संस्थानों को 5 वर्षों तक उनके वेतन का 40% सब्सिडी देना। यह कदम न केवल बस्तर की सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देगा।



## नियद नेल्लानार, यानि आपका अच्छा गांव

घोर नक्सल प्रभावित 5 जिलों में सुरक्षाबल के कैम्पों के 5 किलोमीटर की परिधि में 130 गांवों में 16 विभागों की 25 व्यक्तिमूलक योजनाओं और 18 सामुदायिक सुविधाओं का विस्तार। इस योजना का विस्तार अब 10 किलोमीटर तक कर दिया गया है। योजना के अंतर्गत लोगों के आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों को वन अधिकार पट्टे, प्रधानमंत्री आवास दिए गए हैं। इसी तरह क्षेत्र में मोबाईल टावर, नये प्राथमिक स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र व उपस्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। बस्तर ओलम्पिक की धूम जहां कभी बंदूक की गोलियां गूंजती थी, वहां बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम की धूम रहा। 1 नवंबर से 15 दिसंबर 2024 तक हुए बस्तर ओलंपिक के ऐतिहासिक आयोजन में एक लाख 65 हजार से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। नक्सल पीड़ित, दिव्यांगों और आत्मसमर्पित नक्सलियों की सहभागिता ने बस्तर ओलंपिक के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया।



## खाता खुलवाना और पैसा निकालना हुआ आसान

नियद नेल्लानार योजनांतर्गत सुकमा जिले के दूरस्थ गांव जो मुख्य शहर से काफ़ी दूर स्थित होते हैं वहाँ बैंक सुविधाओं को पहुंचाना बहुत कठिन कार्य होता है। वर्तमान में शासकीय योजनाओं की राशि भी डीबीटीएल के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के बैंक खाते में अंतरित की जाती है। ऐसे में ग्रामीणों को लेन देन के लिए बैंक तक जाना बहुत मुश्किल होता था। हितग्राहियों से बैंको की दूरी कम करने के लिए जिला पंचायत सुकमा के सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के द्वारा अभिनव पहल किया गया है जिसमें एनआरएलएम बिहान के स्व-सहायता समूह की दीदियों के द्वारा बीसी सखी के रूप में गांव में शिविर लगाकर और घर-घर जाकर बैंकिंग सुविधा प्रदान किया जा रहा है। बीसी सखी के द्वारा ग्रामीणों के बैंक संबंधी सारा काम घर पहुंच उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों के बैंक तक आने जाने का समय और पैसा दोनों बच रहा है। अपने घर में ही बैंक सुविधा मिल जाने से ग्रामीण बहुत खुश हैं। बैंक सखियों को भी इस कार्य से आमदनी हो रही है जिससे उन्हें आत्मनिर्भरता की राह मिली है।

### घर पहुंच बैंकिंग सुविधा से ग्रामीण खुश

नियद नेल्लानार योजनांतर्गत गाँव सिलोगेर, एलमागुण्डा, दुलेड़, परिया, दुब्बामरका और सामसट्टी में 6 बीसी सखियों भारती कोरसा, सुष्मिता माडकाम, पोड़ियाम कोइंदे, माडवी राजू, वंजाम जोगी और मीडियाम मनोज के द्वारा नक़द लेन देन संबंधी कार्य सहजता से किया जा रहा है। उनके द्वारा दिसंबर माह में कुल 106 हितग्राहियों को ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से लगभग 67 हजार रुपये का भुगतान किया गया। दूरस्थ गांवों में ग्रामीणों के द्वारा बैंकिंग सेवा के माध्यम से पैसा आहरण करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। वे अपने खाते से 100, 200 तो कभी 500 रुपये का आहरण कर रहे हैं। घर पहुंच पैसा मिल जाने से ग्रामीण बहुत खुश हैं।

## पहुंचविहीन बोरगुड़ा के 127 लोगों का हुआ निःशुल्क उपचार



स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचविहीन इलाकों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच कर रही है। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत सुकमा जिले के सभी पहुंचविहीन और जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी प्रकार के स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ दूरस्थ पहुंचविहीन क्षेत्रों में घर-घर दस्तक दे रही है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से गाँवो में अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधाओं व कार्यक्रमों को पहुंचाया जा रहा है।

नियद नेल्लानार योजनांतर्गत चिन्हांकित ग्राम बोरगुड़ा सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत पोंगाभेज्जी के अंतर्गत वनांचल ग्राम है। यहां स्वास्थ्य विभाग की टीम पगडंडी के सहारे पैदल चलकर पहुंची। यह गांव जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी की दूरी पर स्थित परिया कैम्प क्षेत्र में आता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा पेड़ की छांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा समुदाय के लगभग 45 लोगों का स्वास्थ्य जाँच कर क्षय, मलेरिया, कुष्ठ, मधुमेह और रक्तचाप की स्क्रीनिंग की गई। शिविर के दौरान 10 क्षय रोग के संदिग्ध व्यक्तियों के बलगम का सैंपल लिया गया एवं जाँच के लिए जिला क्षय उन्मूलन केंद्र भेजा गया। इसके साथ ही शिविर में आने वाले लगभग 127 लोगों का स्वास्थ्य जाँच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीण स्वास्थ्य जांच कराने बड़ी संख्या में पहुंचे।





## सुशासन तिहार



### हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का पहुंचे लाभ

" हमारा संकल्प है कि राज्य के हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। सुशासन तिहार जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बन गया है। यह अभियान केवल आवेदन संग्रह या समस्या निराकरण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राज्य के शासन-प्रशासन और जनता के बीच का सेतु बन गया है।"
-श्री विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री (छत्तीसगढ़ शासन)

# जनसेवा की दिशा में एक सशक्त पहल

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चल रहा सुशासन तिहार जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम बन रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक तीन चरणों में आयोजित यह अभियान पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसंवाद को बढ़ावा दे रहा है, जिसका उद्देश्य शासन को जन-केंद्रित बनाना, जनसरोकार, जनविश्वास को मजबूत करना और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करना है।

पहले चरण में जनता जनार्दन से उनकी समस्याओं और मांगों के संबंध में 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी, ऑनलाइन पोर्टल और शिविर के माध्यम से आवेदन एकत्र प्राप्त किये गए। सुशासन तिहार के पहले चरण में मिले 40 लाख 31 हजार 77 आवेदनों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। जिसमें मांग से संबंधित 39 लाख 49 हजार 733 आवेदन और शिकायत से संबंधित मात्र 81 हजार 344 आवेदन शामिल हैं। द्वितीय चरण में इन आवेदनों का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण किया गया। तृतीय चरण में 5 से 31 मई तक समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री, मंत्री और जनप्रतिनिधि जनता से रू-ब-रू हो रहे हैं। यह अभियान न केवल समस्याओं का समाधान कर रहा है, बल्कि राज्य के मैदानी इलाके से लेकर बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी जनता का विश्वास जीत रहा है। इस अभियान के उद्देश्य स्पष्ट और व्यापक हैं। जनता की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण, शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही स्थापित करना और जनता-शासन के बीच संवाद का सेतु बनाना।

## मुख्यमंत्री साय ने बच्चों से किया आत्मीय संवाद, टॉफियां बांटी और पूछा हालचाल



गरियाबंद जिले के मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर के दौरान एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अचानक आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने पहुँच गए। नन्हे बच्चों के बीच पहुँचे मुख्यमंत्री ने जब पूछा-"बच्चों, हमारे देश के प्रधानमंत्री कौन हैं?" तो सबने उत्साह से कहा-"श्री नरेंद्र मोदी!" फिर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का नाम पूछने पर सभी ने तुरंत उत्तर दिया-"श्री विष्णु देव साय!" यह दृश्य सिर्फ एक सामान्य संवाद नहीं था, बल्कि यह बताता है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की लोकप्रियता केवल युवाओं और बड़े बुजुर्गों तक सीमित नहीं, बल्कि बच्चों के दिलों तक भी पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री साय ने बच्चों को दुलारा, चॉकलेट और टॉफियां बांटी और कुछ पल उनके साथ बिताया। बच्चों की मासूम मुस्कान और स्नेह ने मुख्यमंत्री श्री साय को भी भाव-विभोर कर दिया।

### बुजुर्ग ढेला बाई को मिला नया राशन कार्ड



नया राशन कार्ड प्राप्त कर ढेला बाई अत्यंत भावुक एवं अभिभूत नजर आई। उन्होंने राज्य शासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार उनके लिए संकटमोचक बनकर आया है। राशन कार्ड मिल जाने से अब उन्हें दो जून की रोटी की चिंता नहीं करनी पड़ेगी और वे अपने जीवन के अंतिम पड़ाव को सम्मानपूर्वक जी सकेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

### अनिता को मिला श्रम कार्ड वर्षों की प्रतीक्षा हुई खत्म



गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पेंड्रा विकासखंड के सेवरा की रहने वाली अनिता विगत वर्षों से श्रम कार्ड बनवाने का प्रयास कर रही थी। अनिता को श्रम विभाग में पंजीयन न होने के कारण विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित शिविर में उन्हें न सिर्फ आवेदन का मौका मिला, बल्कि अधिकारियों की तत्परता से उनका श्रम कार्ड तत्काल बनकर तैयार हो गया। अब अनिता व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र से एक वर्ष का प्रशिक्षण लेकर सिलाई मशीन की पात्रता भी प्राप्त कर सकेगी, जिससे उनकी आजीविका सशक्त हो सकेगी।

### देवेंद्र को मिला जमीन का मालिकाना हक



मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खिसोरा के समाधान शिविर में अंगारा निवासी देवेंद्र साहू ने समाधान पेटी में अपनी भूमि के स्वामित्व कार्ड के लिए आवेदन किया था। शासन की तत्परता का परिणाम यह रहा कि कुछ ही दिनों में उनके आवेदन पर कार्रवाई हुई। समाधान शिविर के माध्यम से उन्हें उनकी जमीन का स्वामित्व प्रमाण पत्र सौंपा गया। साहू ने बताया कि अब उनकी जमीन का उन्हें कानूनी अधिकार मिल गया है।

## दुर्गम क्षेत्र में पहुंच रहा तरक्की का उजाला

अबूझमाड़ के घने जंगलों के बीच स्थित रेकावया गांव में आजादी के बाद पहली बार स्कूल बन रहा है। करीब 50 स्कूल जो हिंसा के कारण बंद हो गए थे, उन्हें फिर से खोले गए हैं। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ जैसे दुर्गम इलाकों में, जहां पहले नक्सलियों का कब्जा था, वहां नए स्कूल भवनों का निर्माण हुआ। 2024-25 में यहां 7 नए सुरक्षा कैंप खुले, और इनके साथ ही स्कूलों की नींव रखी गई। पुवर्ती गांव, जो माओवादी कमांडर हिड़मा का पैतृक गांव है, अब बस्तर के पुनरुत्थान का प्रतीक बन गया है। वहां अब बिजली और सड़कें पहुंच रही हैं। नक्सल प्रभावित जगरगुंडा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में पहली बार बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री सड़क मार्ग से सुरक्षित पहुंचाई गई। पहले यह सामग्री हेलीकाप्टर से भेजी जाती थी, लेकिन सुरक्षा बलों और प्रशासन के प्रयासों से सड़क नेटवर्क मजबूत हुआ है।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना से संवर रही विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों की जिंदगी

जिले के दूरस्थ विकासखण्ड बड़ेराजपुर से 12 कि.मी. की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कोसमी के चनाभर्री जहां विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के 10 कमार परिवार निवासरत हैं। ग्राम पंचायत कोसमी अन्तर्गत चनाभर्री बसाहट वनग्राम में आता है, जो जंगल से लगा हुआ है। इन परिवारों का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं वनोपज पर आधारित है, जिससे वे अपना गुजर-बसर करते हैं। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (जनमन) अंतर्गत चनाभर्री को विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के बसाहट के रूप में चिन्हांकित कर यहां निवासरत सभी 10 कमार परिवारों को केंद्र एवं राज्य शासन की सभी योजनाओं से जोड़कर उन्हें सभी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

### पक्की छत के साथ गंगाराम के परिवार को मिला सुरक्षित जीवन




गंगाराम को जनमन योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में आवास की स्वीकृति मिली। आवास स्वीकृति के पश्चात गंगाराम का अपने स्वयं का पक्का मकान बनाने की उम्मीद पूरा होते दिखाई दी एवं प्रथम किश्त की राशि मिलते ही सपने को पूरा करने की दिशा मिल गई, जिसके पश्चात जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के तकनीकी मार्गदर्शन के आधार पर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। कार्य के प्रगति के आधार पर किश्त की राशि प्राप्त होते गया, वैसे-वैसे कार्य के स्तर बढ़ते-बढ़ते आज पूर्ण कर उनके सपनों का घर बन कर तैयार हो गया। शासन से प्राप्त मनरेगा अंतर्गत 90 दिवस मजदूरी की राशि 23 हजार 850 एवं आवास की अनुदान राशि 02 लाख सहित कुल 02 लाख 23 हजार 850 रुपए राशि का सदुपयोग करते हुए गंगाराम द्वारा समयबद्ध तरीके से आवास निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया। चूंकि आय कम होने के कारण घर का गुजारा बड़े ही मुश्किल से हो पाता था, उस स्थिति में स्वयं का पक्का मकान निर्माण कराया जाना किसी सपने से कम नहीं था। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने गंगाराम के पक्का मकान का सपना सच कर दिया और कच्ची मकान से जिन परेशानियों से गंगाराम का परिवार गुजर था उन सभी परेशानियों से अब उन्हें निजात मिली है।



### तुलसा का पक्का मकान का सपना हुआ साकार

सुकमा जिले के छिंदगढ़ विकासखंड के छिंदगढ़ पंचायत निवासी तुलसा राणा पहले अपने खपरैल एवं मिट्टी से बने घर में रहते थे, अब प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत एक पक्का मकान बन जाने से चैन से अपने घर में आरामदायक जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं। हितग्राही तुलसा राणा ने कभी सोचा नहीं था कि उनका परिवार कभी अपने सपनों का घर बना पाएगा, लेकिन इस योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानपूर्ण जीवन जी रहे हैं। हितग्राही तुलसा राणा ने पक्का आवास मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में मिला है, वह मेरे परिवार के लिए एक सपना सच होने जैसा है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से शंकर का सपना हुआ साकार



अतिसंवेदनशील छोटेबेठिया में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में शंकर बरकंदाज ने बताया कि वे अत्यंत गरीब परिवार से हैं तथा पहले कच्चे मकान में रहने को विवश थे। पारिवारिक आर्थिक स्थिति दुर्बल होने के कारण पक्के मकान का निर्माण कर पाना उनके लिए असंभव था। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत उनका प्रकरण स्वीकृत हुआ, जिसके फलस्वरूप आज उनका अपना पक्का मकान पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है। बरकंदाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें और उनके परिवार को एक सुरक्षित आश्रय प्रदान किया है। उन्होंने भावुक होकर बताया कि पहले उनका जीवन कच्चे मकान की सीलन, असुरक्षा और कष्टों से भरा हुआ था, किन्तु अब इस योजना के अंतर्गत मिले आवास के कारण वे अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ सुखपूर्वक जीवन यापन कर रहे हैं।

## चिपावण्ड शिविर में उन्नति महिला समूह को मिला मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ



कोण्डागांव विकासखंड के चिपावण्ड में आयोजित समाधान शिविर के दौरान मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन प्रसार कार्यक्रम अंतर्गत उन्नति महिला स्व-सहायता समूह को मछली पकड़ने का जाल प्रदान किया गया। समूह की अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2011 में 14 सदस्यों के साथ समूह की शुरुआत की गई थी। सभी सदस्यों ने आजीविका के लिए मछली पालन को एक नए कार्य के रूप में अपनाया। उन्होंने गांव के तालाब को समूह के नाम स्वीकृत कराकर मछली पालन शुरू किया। बीते तीन वर्षों से सभी सदस्य इस कार्य में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। इससे एक सीजन में लगभग 45 हजार रुपए का लाभ प्राप्त कर रही हैं। समूह के सभी सदस्य अब इस कार्य को और विस्तार देना चाहती हैं, जिसके तहत विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। समाधान शिविर में उक्त आवेदन के निराकरण उपरांत समूह को मछली जाल प्रदाय किया गया। मछली जाल प्राप्त होने पर सभी हितग्राहियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

देशभर की 581 इकाइयों के लिए

# जून माह के लिए 23 लाख टन चीनी का फ्री सेल कोटा घोषित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के अधीनस्थ निकाय- चीनी एवं वनस्पति तेल निदेशालय ने जून 2025 के दौरान घरेलू प्रभाग में बेचने के लिए देशभर की 581 इकाइयों के लिए कुल मिलाकर 23 लाख टन चीनी का फ्री सेल कोटा निर्धारित किया है। इस कोटे की चीनी की बिक्री 1 से 30 जून के बीच की जाएगी। इससे पूर्व अप्रैल तथा मई के लिए 23.50-23.50 लाख टन चीनी का फ्री सेल कोटा जारी किया गया था जिसके मुकाबले जून का कोटा 50 हजार टन कम है। हालांकि जून ग्रीष्मकालीन महीना है जिसमें अक्सर चीनी की औद्योगिक मांग बढ़ जाती है लेकिन साथ ही साथ यह दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन का भी पहला महीना होता है जिसमें देश के विभिन्न भागों में बारिश होती है और तापमान नीचे आने की संभावना रहती है। कुल मिलाकर जून के लिए नियत 23 लाख टन चीनी के कोटे को सामान्य माना जा सकता है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जून 2025 में घरेलू बिक्री के लिए चीनी का कोटा उत्तर प्रदेश के लिए करीब 9.48 लाख टन, उत्तराखंड के लिए 40 हजार टन, तेलंगाना के लिए 5200 टन, तमिलनाडु के लिए 46 हजार टन, राजस्थान के लिए 1563 टन, पंजाब के लिए 42 हजार टन, उड़ीसा के लिए करीब 3 हजार टन, महाराष्ट्र के लिए 6.82 लाख टन मध्य प्रदेश के लिए 52 हजार टन, कर्नाटक के लिए 2.70 लाख टन, हरियाणा के लिए 53 हजार टन गुजरात के लिए 87 हजार टन, छत्तीसगढ़ के लिए 3510 टन बिहार के लिए 56437 टन तथा आंध्र प्रदेश के लिए लगभग 12 हजार टन नियत किया गया है। 2024-25 के मार्केटिंग सीजन में महाराष्ट्र को पीछे छोड़कर उत्तर प्रदेश भारत में चीनी का सबसे प्रमुख उत्पादक राज्य बन गया। वहां इसके आधार पर चीनी का फ्री सेल कोटा काफी बढ़ाया गया है जबकि उत्पादन में गिरावट के कारण महाराष्ट्र एवं कर्नाटक का कोटा छोटा कर दिया गया है।

क्या यूक्रेन ने उड़ा दिया रेलवे ब्रिज

# रूस में पुल ढहने के चलते पटरी से उतरी ट्रेन, सात की हुई मौत

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के ब्रायंस्क में बड़ा हादसा हुआ है, जहां रेलवे पुल ढहने की वजह से एक ट्रेन पटरी से डिरेल हो गई। इस हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हुई, जबकि 30 लोग घायल हुए हैं। घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। रूस का ब्रायंस्क क्षेत्र यूक्रेन की सीमा से लगा हुआ है। अधिकारियों ने रविवार को हुई इस घटना के पीछे 'अवैध हस्तक्षेप' को कारण बताया है। ब्रायंस्क रीजन के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने जानकारी दी है कि हॉस्पिटल में भर्ती लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं।

जिनमें से एक की हालत गंभीर है। इसके कुछ ही घंटों बाद पुल टूटने की एक और घटना सामने आई है, जिसमें एक मालगाड़ी शिकार हुई है।

**यूक्रेनी क्षेत्र से गुप्त घुसपैठ का सामना कर रहा**



*रूसी एजेंसियों ने मेडिकल सोर्स का हवाला देते हुए बताया कि मरने वालों में लोकोमोटिव ड्राइवर भी है। युद्ध की शुरुआत के बाद से ब्रायंस्क क्षेत्र पड़ोसी कुर्स्क और बेलगोरोड क्षेत्र के साथ बार-बार सीमा पार से गोलाबारी, ड्रोन हमलों और यूक्रेनी क्षेत्र से गुप्त घुसपैठ का सामना कर रहा है। गवर्नर बोगोमाज ने कहा कि ट्रेन क्लिमोवो से मॉस्को जा रही थी। इस बीच वह ब्रायंस्क क्षेत्र के वायगोनिचस्की जिले में एक संघीय राजमार्ग के पास ढह गए पुल से टकरा गई।*

हार्वर्ड और ट्रंप के बीच फिर बढ़ी तकरार

# राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- हमें परेशानी खड़ी करने वाले छात्र नहीं चाहिए

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार हार्वर्ड यूनिवर्सिटी पर निशाना साध रहे हैं। उनके निशाने पर यूएस में पढ़ने वाले विदेशी छात्र भी हैं, जिन्हें लेकर वह कोई न कोई बयान दे रहे हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रपति ट्रंप हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की विदेशी छात्रों को एडमिशन देने के अधिकार को बैन करने पर अड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि वह ऐसे छात्रों को देश में आने नहीं देना चाहते हैं, जो यहां आकर परेशानी पैदा कर रहे हैं। ट्रंप ने हार्वर्ड को मिलने वाली फंडिंग को लेकर भी बात की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हम



चाहते हैं कि यहां पर अच्छे छात्र आएं। हम सिर्फ ऐसे छात्र नहीं चाहते हैं, जो यहां परेशानी खड़े कर रहे हों।

हम छात्र चाहते हैं, मैं यहां विदेशी छात्र चाहता हूं। हमारे देश ने हार्वर्ड को थोड़े समय में 5 बिलियन डॉलर से अधिक दिए हैं। किसी को यह नहीं पता था। हमें ये पता चला। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह एक डीओजीई चीज थी।

**सरकारी खर्चों में कटौती करने की है जरूरत**

डीओजीई एक ऐसा डिपार्टमेंट है, जिसका काम सरकारी खर्चों में कटौती करना है, ताकि अर्थव्यवस्था मजबूत हो पाए। ट्रंप ने कहा, हम अन्य वजहों से मुकदमेबाजी में उलझे हैं, क्योंकि वे (हार्वर्ड) यहूदी विरोधी हैं। हमें पता चला कि देश ने उन्हें 5 बिलियन डॉलर से ज्यादा दिए, वास्तव में उससे कहीं ज्यादा और हम उनके साथ इस मामले को सुलझा रहे हैं। देखते हैं क्या होता है। यह एक ऐसा मामला है जिसे हम जीत सकते हैं। हम यह केस नहीं हार सकते क्योंकि हमें ग्रांट देने का अधिकार है। हम इस तरह का कोई अनुदान नहीं देने जा रहे हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हार्वर्ड बहुत अच्छा काम कर रहा है।

# ईरान के बढ़ते यूरेनियम भंडार से बढ़ी चिंता

**दुबई**। ईरान के विदेश मंत्री ने रविवार सुबह संयुक्त राष्ट्र (संरा) की परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए के निदेशक से फोन पर बात की। इसके पहले अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की रिपोर्ट में कहा गया था कि ईरान संवर्धित यूरेनियम के अपने भंडार में बढ़ोतरी कर रहा है जो करीब-करीब हथियार बनाने योग्य स्तर का है। अब्बास अराघची ने लिखा कि उन्होंने वियना स्थित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी के साथ बातचीत में ईरान के 'निरंतर सहयोग' पर जोर दिया। आईएईए ने फोन कॉल के बारे में पूछे जाने पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया है। आईएईए की गोपनीय रिपोर्ट, जिसे शनिवार को 'एसोसिएटेड प्रेस' ने देखा, में सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया है कि ईरान अब ऐसी सामग्री का उत्पादन करने वाला परमाणु हथियार से रहित एकमात्र देश है।



# इस महीने में 12 दिन रहेंगे बंद बैंक

**नई दिल्ली**। जून का महीना शुरू हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक जून 2025 में देश भर के विभिन्न राज्यों में बैंक 12 दिन बंद रहेंगे। इनमें रविवार और दूसरे और चौथे शनिवार जैसे साप्ताहिक अवकाश के साथ-साथ नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत मनाए जाने वाले पब्लिक और रीजनल हॉलिडे भी शामिल है। हालांकि, 12 दिनों की सभी छुट्टियां पूरे देश में लागू नहीं होंगी, लेकिन इस दौरान कई राज्यों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होंगी।

# आईटीआर-1 और आईटीआर-4 की एक्सेल यूटिलिटीज दाखिल करने के लिए उपलब्ध

*भोपाल। वित्त वर्ष 2024-25 (एवाई 2025-26) के लिए आयकर रिटर्न आईटीआर 4 दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। जुर्माने से बचने के लिए, आईटीआर4 की नियत तिथि से पहले अपना आयकर रिटर्न आईटीआर 4 दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी करें। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 29 अप्रैल, 2025 की अधिसूचना संख्या 40/2025 के माध्यम से आकलन वर्ष 2025-26 के लिए 1 अप्रैल, 2025 से प्रभावी आईटीआर-4 (सुगम) फॉर्म में कई महत्वपूर्ण अपडेट पेश किए हैं। ये संशोधन आयकर (बारहवां संशोधन) नियम, 2025 का हिस्सा हैं और इनका उद्देश्य अनुमानित कराधान योजना का विकल्प चुनने वाले करदाताओं के लिए फाइलिंग प्रक्रिया को सरल बनाना है। पहली बार, आईटीआर-4 करदाताओं को धारा 112ए के तहत 1.25 लाख रुपए तक की दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ अर्जित करने की अनुमति देता है। पहले, पूंजीगत लाभ की उपस्थिति करदाता को इस फॉर्म का उपयोग करने से अयोग्य ठहराती थी, जिसके लिए उन्हें आईटीआर-2 दाखिल करना पड़ता था। यह अपडेट छोटे निवेशकों को एक आसान फाइलिंग प्रक्रिया प्रदान करता है। किराए के भुगतान के लिए धारा 80जीजी के तहत कटौती का दावा करने वाले करदाताओं को अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से फॉर्म 10बीए दाखिल करना होगा। य करदाता जो पहले से ही धारा 10(13ए) के तहत हाउस रेंट अलाउंस प्राप्त कर रहे हैं, वे इस कटौती के लिए पात्र नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, नई कर व्यवस्था चुनने वाले व्यक्ति इस कटौती का दावा करने के पात्र नहीं हैं।*

अब 60 हो जाएगी विमानों की संख्या

# इंडिगो ने तीस और ए-350 विमानों के लिए दिया ऑर्डर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो अपने विमानों के बेड़े को और बड़ा करने की तैयारी में है। इसके मद्देनजर विमानन कंपनी ने रविवार को एयरबस के साथ 30 और वाइड-बॉडी ए350 विमानों के लिए सौदा किया है। इस सौदे के बाद ऐसे विमानों की कुल संख्या 60 हो गई है। इससे पहले, बीते साल अप्रैल में एयरलाइन ने 30 ए350 विमानों के लिए पक्का ऑर्डर दिया था। साथ ही उस समय इसी तरह के 70 और विमानों के ऑर्डर का विकल्प रखा था। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि 70 विमानों के विकल्प में से, अब वह 30 विमानों का पक्का ऑर्डर दे रहा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनियों में शुमार इंडिगो अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार कर रही है। इस बाबत वह चालू वित्त वर्ष में पट्टे पर लिए गए बोइंग 787 विमानों के साथ 10 नए विदेशी शहरों के लिए उड़ानें संचालित करने की तैयारी में है।




# पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की अवधि 31 मार्च 2026 तक बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उद्योग- व्यापार क्षेत्र की तमाम दलीलों एवं मांगों को नजरअन्दाज करते हुए सरकार ने एक बार फिर पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की समय सीमा को बढ़ा दिया है जिससे साफ संकेत मिलता है कि सरकार कीमतों के मामले में कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती है। नवीनतम सरकारी सर्कुलर के तहत पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की अवधि आठवीं बार बढ़ाकर 31 मार्च 2026 तक नियत की गई है जो हैरानी की बात है। इस बार समय सीमा में लम्बा इजाफा किया गया है। इससे पूर्व अंतिम बार 20 मार्च को जारी सर्कुलर के



जरिए आयात की अवधि 31 मई 2025 तक बढ़ाई गई थी जिससे प्रतीत हो रहा था कि शुल्क मुक्त आयात की समय सीमा को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इंडिया पल्सेस एंड ग्रेन्स एसोसिएशन सहित अन्य सम्बद्ध संघों- संगठनों द्वारा सरकार से शुल्क मुक्त आयात की नीति बदलने का जोरदार आग्रह किया जा रहा था लेकिन सरकार ने इसे बिल्कुल अस्वीकार कर दिया। भले ही सरकार के इस निर्णय से भारतीय दलहन उत्पादकों एवं कारोबारियों को निराशा हुई है मगर कनाडा और रूस जैसे प्रमुख आपूर्तिकर्ता देशों के किसानों तथा निर्यातकों के लिए यह बहुत बड़ी खुशखबरी है। कनाडा के उत्पादकों एवं निर्यातकों के लिए तो भारत सरकार का यह निर्णय किसी वरदान से कम नहीं है क्योंकि चीन में मटर का निर्यात ठप्प पड़ने से कनाडाई उत्पादक अत्यन्त चिंतित और परेशान हो रहे थे।

अडाणी ग्रुप बनाएगा मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब, यातायात होगा आसान

# 'मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब' में शहर के अंदर और बाहर जाने वाली रेल, मेट्रो सेवाएं और शहर की बसें होंगी शामिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अडाणी ग्रुप ने मुंबई के धारावी पुनर्विकास परियोजना के तहत एक आधुनिक परिवहन केंद्र बनाने की योजना तैयार की है। इस योजना के तहत रेल, सड़क और हवाई अड्डे से जुड़ी सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध होंगी। इस परियोजना के लिए बनी कंपनी ने बताया कि इस केंद्र में मुंबई और नवी मुंबई हवाई अड्डों के लिए विशेष ट्रेनें, चेक-इन और ट्रांजिट सुविधाएं भी होंगी।

अडाणी ग्रुप के पास इस कंपनी में 80 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि बाकी 20 फीसदी हिस्सा महाराष्ट्र सरकार के पास है। इस 'मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब' में शहर के अंदर और बाहर जाने वाली रेल, मेट्रो सेवाएं और शहर की बसें शामिल होंगी।

**परियोजना में कई और चीजें भी जुड़ेंगी**

इस परियोजना में परिवहन सुविधाओं के अलावा, सड़कों का विस्तार, मिठी नदी के किनारे रिवरफ्रंट प्रोमेनेड,



अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं का नेटवर्क, हरे-भरे पार्क, औद्योगिक क्षेत्र और सामुदायिक मनोरंजन स्थल बनाने की योजना है। पिछले साल अक्टूबर में महाराष्ट्र सरकार ने धारावी के पुनर्विकास के लिए मुंबई के उत्तर-पूर्व में 256 एकड़ साल्ट-पैन लैंड के अधिग्रहण को मंजूरी दी थी। इस सप्ताह राज्य सरकार ने धारावी के मास्टर प्लान को भी हरी झंडी दिखाई। इस परियोजना का लक्ष्य एशिया के सबसे बड़े स्लम क्षेत्रों में से एक, धारावी को एक आधुनिक और सुविधाजनक क्षेत्र में बदलना है।

# सरकार का बड़ा फैसला: खाद्य तेल पर आयात शुल्क घटा, कीमतों में राहत की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेलों पर बुनियादी आयात कर को 10 प्रतिशत अंक कम कर दिया है। इससे न केवल खाद्य तेलों की कीमतें कम होंगी, बल्कि स्थानीय तेल प्रसंस्करण उद्योग को भी फायदा होगा। इस कदम से मांग बढ़ने और पाम ऑयल, सोयाबीन ऑयल और सूरजमुखी तेल के आयात में बढ़ोतरी की उम्मीद है। सरकार ने एक अधिसूचना में बताया कि कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन ऑयल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर बुनियादी सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही, कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (सेस) और सामाजिक कल्याण अधिभार को मिलाकर इन तेलों पर कुल आयात कर अब 27.5 प्रतिशत से घटकर 16.5 प्रतिशत हो गया है।

**स्थानीय उद्योग को मिलेगा बढ़ावा**

भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ के अध्यक्ष सुधाकर देसाई ने कहा कि कच्चे खाद्य तेल पर आयात कर को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने और रिफाइंड तेल पर शुल्क को 35.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने से कच्चे और रिफाइंड तेल के बीच शुल्क का अंतर बढ़कर 19.25 प्रतिशत हो गया है। देसाई ने इसे 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने वाला एक साहसिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल भारतीय रिफाइनरियों की क्षमता मजबूत होगी, बल्कि तिलहन किसानों को उचित दाम और उपभोक्ताओं को सस्ता तेल मिलेगा।




## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

# सात साल से सिंगापुर रहा भारत का सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत


**नई दिल्ली**। सिंगापुर पिछले सात साल से भारत का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। भारत को 2024-25 में सिंगापुर से लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर का सबसे अधिक विदेशी निवेश मिला है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल एफडीआई (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी शामिल है) 14 प्रतिशत बढ़कर 81.04 अरब डॉलर हो गया। यह पिछले तीन साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में सिंगापुर से एफडीआई 2023-24 के 11.77 अरब डॉलर से बढ़कर 14.94 अरब डॉलर हो गया। 2024-25 में कुल प्रवाह में सिंगापुर का योगदान लगभग 19 प्रतिशत था। 2018-19 से, सिंगापुर, भारत के लिए एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। इससे पहले 2017-18 में भारत ने मॉरीशस से सबसे ज़्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया था। पिछले वित्त वर्ष में देश को मॉरीशस से 8.34 अरब डॉलर का विदेशी निवेश प्राप्त हुआ। बीते वित्त वर्ष में मॉरीशस के बाद अमेरिका (5.45 अरब डॉलर), नीदरलैंड (4.62 अरब डॉलर), संयुक्त अरब अमीरात (3.12 अरब डॉलर), जापान (2.47 अरब डॉलर), साइप्रस (1.2 अरब डॉलर), ब्रिटेन (79.5 करोड़ डॉलर), जर्मनी (46.9 करोड़ डॉलर) और केमैन आइलैंड (37.1 करोड़ डॉलर) का स्थान रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में मजबूत स्थिति, बेहतर द्विपक्षीय संबंध और वैश्विक निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी निवेश का 'गेटवे' होने की वजह से भारत के लिए सिंगापुर सबसे बड़ा एफडीआई का स्रोत बना हुआ है।

# ड्यून्स एयर निजी विमानन बाजार में चार्टर्ड सेवाएं देगी

**मुंबई**। अहमदाबाद स्थित निजी विमानन कंपनी ड्यून्स एयर ने अपनी प्रीमियम चार्टर्ड सेवाओं की शुरुआत के साथ निजी विमानन बाजार में उतरने की घोषणा की है। कंपनी के सह-संस्थापक रितेश हाडा ने कहा कि इस खंड के तहत कंपनी कारोबारी दिग्गजों, अति-धनी व्यक्तियों और प्रतिष्ठित यात्रियों को विमान चार्टर सेवाएं उपलब्ध कराएगी। हाडा ने कहा, ''एयरलाइन खुद को एक प्रीमियम हवाई परिचालक के रूप में स्थापित कर रही है, जो कुशल, निजी और लचीने उड़ान अनुभव देती है।'' गैर-अनुसूचित एयरलाइन इस समय दो विमानों का संचालन करती है। संयुक्त उद्यम के अन्य सह-संस्थापकों में शैशव शाह, केतन गज्जर, नवनीत अग्रवाल, तनुज पुगलिया और हिमांशु शाह शामिल हैं।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5885



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 5884 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्थ | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | ह्रा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | ब | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5895

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5894 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE




# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग चैंपियन




## ट्रॉफी उठाते ही जश्न में जल उठा पेरिस

**5-0** से इंटर मिलान को रौंदा

**20वें, 63वें** मिनट में डोए के गोल

**70** वर्षों में सबसे बड़ी जीत

फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन ने यूएफा चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया। इसके बाद फैंस खुद को रोक नहीं पाए। वे पेरिस में जश्न मनाने के लिए लोग सड़कों पर आ गए। वैसे तो ये मौका खुशी का था लेकिन पेरिस में जश्न मनाने को लेकर खूब बवाल हुआ और पुलिस को मामले को शांत कराने के लिए उतरना पड़ा। इसके कई वीडियो और तस्वीरें भी सामने आ चुकी हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फैंस इतने ज्यादा बेकाबू थे कि उन्होंने पुलिस पर हमला भी किया। आधी रात को पेरिस की सड़कों पर गाड़ियों में भी आग लगाई और जमकर बवाल भी काटा। पेरिस में फैंस ने आपा खोते हुए पूरे शहर में हंगामा मचा डाला। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फैंस ने जमकर बवाल किया. सड़कों पर तबाड़तोड़ आतिशबाजी हुई और जब इससे भी मन न भरा तो उन्होंने गाड़ियों में भी आग लगा दी। इस मामले में पेरिस पुलिस ने करीब 500 लोगों को गिरफ्तार किया। घटना में दो लोग मारे गए हैं और 192 लोग घायल हुए हैं।





सड़कों पर फैंस, धधकती रहीं कारें, भागती रही पुलिस

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

पेरिस सेंट-जर्मेन ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार रात को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता।

पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया। पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।

### दिग्गज भी नहीं दिला पाए थे ट्रॉफी

पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा, 'अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे।' यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेसी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे।

### स्टेडियम में समर्थकों ने लहराए झंडे

इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे।

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप




| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| साई सुदर्शन | नूर अहमद |
| 679 रन | 24 विकेट |
| गुजरात | चेन्नई |

## खबर संक्षेप

### शुभमन के लिए कड़ी परीक्षा इंग्लैंड का दौरा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की।



### लवलीना शुरू करेंगी मुक्केबाजी अकादमी

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा, 'यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।'

### पहले शीर्ष-75 और फिर शीर्ष-50 में पहुंचना लक्ष्य

**अहमदाबाद।** भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी यशस्विनी घोरपड़े ने 2024 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करते हुए इस खेल में तेजी से प्रगति की है और उसी वर्ष वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो गयीं। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज घोरपड़े अब पहले शीर्ष 75 और फिर शीर्ष 50 में पहुंचकर अगले वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपना स्थान पक्का करना चाहती है।



# जोकोविच की आसान जीत, चौथे दौर में पहुंची गॉफ

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। जोकोविच ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 153 वें नंबर के मिसोलिच जैसे कम रैंक वाले किसी भी खिलाड़ी से कभी नहीं हारे हैं। उन्होंने इस मैच में पूरा दबदबा बनाए रखा।

मिसोलिच के दूसरे सर्विस पर हालांकि जोकोविच सात ब्रेक प्वाइंट हासिल करने के बावजूद एक को भी भुनाने में विफल रहे। इस 38 साल के खिलाड़ी ने अपने से 15 साल छोटे खिलाड़ी के खिलाफ 33 विनर्स की तुलना में सिर्फ 14 गलतियां कीं। जोकोविच के सामने अंतिम 16 में कैम नौरी होंगे। नौरी के खिलाफ जोकोविच का रिकॉर्ड 5-0 का है।



### आन्द्रिवा, कीज आगे बढ़ीं

*रूस की मीरा आन्द्रिवा भी चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। इस 18 की खिलाड़ी के सामने अब 17वें नंबर की डारिया कसात्किना की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर काबिज अमेरिका की हेली बैपटिस्ट पहली बार ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। जेसिका बौजास मानेरो को 7-6, 6-1 से हराने वाली इस खिलाड़ी को अब मैडिसन कीज की चुनौती से निपटना होगा। कीज ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए सोफिया केनिन को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया।*

### गॉफ ने मैरी को हराया

महिला वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला 2019 फ्रेंच ओपन उपविजेता और 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गईं। अमेरिका की 21 साल की कोको गॉफ मैरी बौजकोवा को 6-1, 7-6 से हराकर लगातार पांचवीं बार इस ग्रैंड स्लैम में चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। वह चौथे दौर में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगी।

### टैलोन और ड्रेपर जीते

नीदरलैंड के टैलोन ग्रिएक्सपोर ने अमेरिका के क्वालीफायर एथन क्विन को 4-6, 6-1, 6-7 6-1, 6-4 से हराया। ग्रिक्सपोर का अगला मुकाबला 2024 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वरेव से होगा। पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर को चौथे दौर में अलेक्जेंडर बुब्लिक की चुनौती से पार पाना होगा। ड्रेपर ने 18 साल के ब्राजील के जोआओ फोंसेका को 6-2, 6-4, 6-2 से हराया।

खास खबर

## रिंकू सिंह आठ जून को सपा सांसद प्रिया से करेंगे सगाई

**जौनपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य, करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।



■ गुकेश को हार से नुकसान, एरिगैसी जीत से नंबर-4 पर

# गुकेश को हार से नुकसान एरिगैसी जीत से नंबर-4 पर

एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर



मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की, जबकि आर वैशाली ने स्पेन की खिलाड़ी सारा खादेम के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल की, जिससे उन्हें तीन अंक मिले और वह 6.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गईं।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया



**नई दिल्ली।** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किये जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी खण्ड मण्डला (म0प्र0)
दूरभाष – 07642–252443 ई–मेल – eephedmal@mp.nic.in फेक्स – 07642–253622
निविदा क्रमांक 16 से 24 /2025–26/नि.शाखा/लो.स्वा.यॉं./2025 मण्डला, दिनॉक 28.05.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई–टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

**Name of Work:-** Hydrofracturing Of Tubewell for Development Of Yield of Different Block of District Mandla (All Total 450 Nos)

| निविदा कमांक | ई– टेण्डर आई.डी. नं. | खण्ड का नाम | कार्य की संख्या | ठेके की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत की अंतिम तिथि | ऑन लाईन निविदा खोले जाने की तिथि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | 5 | 6 | 7 | | | 8 |
| 16 / 25-26 | 2025_PHED _427176_1 | Mandla | 45 nos | 9.92 | 20000 | 2000.00 | 06.06.2025 | 09.06.2025 | 04 Month E/R |
| 17 / 25-26 | 2025_PHED _427177_1 | Mohgaon | 45 nos | 9.92 | 20000 | 2000.00 | 06.06.2025 | 09.06.2025 | 04 Month E/R |
| 18 / 25-26 | 2025_PHED _427178_1 | Mawai | 40 nos | 8.82 | 17700 | 2000.00 | 06.06.2025 | 09.06.2025 | 04 Month E/R |
| 19 / 25-26 | 2025_PHED _427179_1 | Ghughri | 40 nos | 8.82 | 17700 | 2000.00 | 06.06.2025 | 09.06.2025 | 04 Month E/R |
| 20 / 25-26 | 2025_PHED _427180_1 | Nainpur | 30 nos | 6.61 | 13300 | 2000.00 | 06.06.2025 | 09.06.2025 | 04 Month E/R |
| 21 / 25-26 | 2025_PHED _427181_1 | Bichhiya | 40 nos | 8.82 | 17700 | 2000.00 | 06.06.2025 | 09.06.2025 | 04 Month E/R |
| 22 / 25-26 | 2025_PHED _427182_1 | Narayanganj | 70 nos | 15.43 | 30900 | 2000.00 | 06.06.2025 | 09.06.2025 | 04 Month E/R |
| 23 / 25-26 | 2025_PHED _427183_1 | Bijadandi | 70 nos | 15.43 | 30900 | 2000.00 | 06.06.2025 | 09.06.2025 | 04 Month E/R |
| 24 / 25-26 | 2025_PHED _427185_1 | Niwas | 70 nos | 15.43 | 30900 | 2000.00 | 06.06.2025 | 09.06.2025 | 04 Month E/R |

नोटः– निविदा प्रत्र उपरोक्त वेबसाईट पर कैश कार्ड, ए.टीएम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर कय किया जा सकता है।

G-13688

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ यॉंत्रिकी खण्ड, मण्डला

कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर
फोन नं. 07582-220840 ईमेल आईडी. cepwdsagar@mp.nic.in

एनआईटी नं.-10/2025-26 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 28.05.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) लाख. में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय ( माह में वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB _426340_1 | लो.नि.वि. उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत बसारी से बारछा तिगड्डा मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 6.30 किमी अनु. लागत 683.79 लाख | सागर | 683.79 | 683790.00 | 20000.00 | 10 माह | प्रथम |
| 2 | 2025_PWDRB _426341_1 | लो.नि.वि. उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत विभिन्न मार्गो पर का निर्माण कार्य लं. 6.65 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित अनु. लागत 723.19 लाख 1- बेरखेड़ी टड़ा मार्ग से रिफायनरी गेट नं. 1 मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 1.25 किमी अनु. लागत 136.49 लाख 2- बेलई से देहरी मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 5.40 किमी अनु. लागत 586.70 लाख | सागर | 723.19 | 723190.00 | 20000.00 | 10 माह | प्रथम |
| 3 | 2025_PWDRB _426342_1 | लो.नि.वि. उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत विभिन्न मार्गो पर का निर्माण कार्य लं. 6.70 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित अनु. लागत 953.16 लाख 1- निर्तला मंडी बामोरा मार्ग से पहलेजपुर मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 4.70 किमी अनु. लागत 605.44 लाख 2- बीना खिमलासा मार्ग से महेरा मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 2.00 किमी अनु. लागत 347.72 लाख | सागर | 953.16 | 953160.00 | 20000.00 | 12 माह | प्रथम |
| 4 | 2025_PWDRB _426343_1 | भानगढ से खिरिया भगवती आमखेडा मार्ग का का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 4.75 किमी अनु. लागत 693.12 लाख | सागर | 693.12 | 693120.00 | 20000.00 | 10 माह | प्रथम |
| 5 | 2025_PWDRB _426344_1 | देवल से पालीखेडा मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 7.20 किमी अनु. लागत 717.87 लाख | सागर | 717.87 | 717870.00 | 20000.00 | 10 माह | प्रथम |
| 6 | 2025_PWDRB _426345_1 | बीना कंजिया मार्ग लहटवास विलखना निवोदा मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 6.50 किमी अनु. लागत 801.96 लाख | सागर | 801.96 | 801960.00 | 20000.00 | 10 माह | प्रथम |
| | | योग | | 4573.90 | | | | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन.लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट /कैशकार्ड /इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन.लाईन दिनांक 29/05/2025 समय 17.30 बजे से दिनांक 13/06/2025 समय 17.30 तक खरीदाजा सकेगा। सूचना व अन्यजान कारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-13672/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर




**स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क, भारत में सक्रिय मामलों की संख्या एक हजार के पार पहुंच चुकी**

# जबलपुर में फिलहाल कोई कोरोना का पॉजिटिव केस नहीं

**हरिभूमि जबलपुर।**

देशभर में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के मामलों में हल्का इजाफा देखा जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत में सक्रिय मामलों की संख्या एक हजार के पार पहुंच चुकी है। हालांकि जबलपुर में फिलहाल कोरोना का एक भी पॉजिटिव मामला सामने नहीं आया है, जिससे लोगों को कुछ हद तक राहत है। लेकिन प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने संभावित खतरे को देखते हुए एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जबलपुर की भौगोलिक स्थिति और यहां महाराष्ट्र, दिल्ली सहित कई अन्य राज्यों से लगातार हो रही आवाजाही ने स्थानीय प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। इन राज्यों में कोरोना के कुछ सक्रिय मामले सामने आए हैं और ऐसे में संक्रमण के संभावित प्रसार की आशंका बनी हुई है। यही कारण है कि शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों को सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षणों वाले मरीजों के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि अभी तक जिले में कोरोना जांच या अन्य कोई विशेष एडवाइजरी जारी नहीं की गई है।



## पुराने अनुभव से लिया सबक

कोरोना महामारी की पिछली लहरों के दौरान जबलपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी महसूस की गई थी। बेड, ऑक्सीजन और आईसीयू की भारी मांग के बीच कई मरीजों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा था। उस अनुभव से सबक लेते हुए जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए गए हैं। मेडिकल कॉलेज के नए भवन में पांच सौ नए बेड जोड़े गए हैं, वहीं पल्मोनरी मेडिसिन एक्सीलेंस स्कूल अस्पताल में एक सौ अस्सी अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा निजी अस्पतालों में भी करीब दो सौ पचास बेड बढ़ाए गए हैं, जिससे आपात स्थिति में बेहतर सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

## तैयार है मेडिकल अस्पताल

मेडिकल कॉलेज के विस्तार और आधुनिकीकरण पर भी व्यापक काम हुआ है। करीब एक सौ अस्सी करोड़ रुपये की लागत से नए भवन और सुविधाएं जोड़ी गई हैं। अब यहां ग्यारह आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, तीन आईसीयू और तीन एचडीयू वार्ड कार्यरत हैं। पल्मोनरी मेडिसिन एक्सीलेंस स्कूल अस्पताल में भी आधुनिक सुविधाओं के साथ इलाज की व्यवस्था की गई है।

## जिले में आक्सीजन सप्लाई की स्थिति

कोरोना की दूसरी लहर के दौरान सबसे बड़ी चुनौती ऑक्सीजन की आपूर्ति को लेकर थी। उस संकट को ध्यान में रखते हुए अब शहर के प्रमुख अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कर दिए गए हैं। शिशु रोग अस्पताल, सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और पल्मोनरी मेडिसिन एक्सीलेंस स्कूल अस्पताल में दस-दस किलोलीटर क्षमता के लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए हैं। इसके साथ ही स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में पंद्रह सौ लीटर क्षमता का पीएस सेप्रेटर प्लांट कार्यरत है। जिला अस्पताल में पांच सौ और पांच सौ पचास किलोलीटर के दो अलग-अलग ऑक्सीजन प्लांट भी लगाए गए हैं। निजी क्षेत्र की बात करें तो शहर के पांच प्रमुख निजी अस्पतालों ने भी अपने स्तर पर ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए हैं, जिससे अब सरकारी अस्पतालों की ऑक्सीजन सिलेंडर पर निर्भरता काफी हद तक कम हो गई है।

## विभाग पूरी तरह अलर्ट

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने बताया दी कि जिले में अभी तक कोरोना का कोई मामला सामने नहीं आया है और किसी प्रकार की नई गाइडलाइन भी जारी नहीं की गई है। लेकिन विभाग पूरी तरह सतर्क है और अस्पतालों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसे लक्षणों वाले मरीजों की जांच और निगरानी को लेकर पूरी तैयारी है।

**आठवें दिन भी रहा बादल और बूंदाबांदी का सिलसिला**

# नौतपा की आज हो रही विदाई

**जबलपुर।** आज नौतपा की विदाई होने जा रही है। नौतपा के आठवें दिन मौसम शुष्क रहा तापमान 36 डिग्री पर रहा, लेकिन फिर भी तेज धूप और बादलों की आवाजाही ने उमस भरी गर्मी से बेचैन किया. हालांकी पिछले कुछ दिनों से आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी हुई है। नौतपा की विदाई की पूर्व संध्या पर दिन भर लोगों का पसीना पोंछते दिन बीता। दिन में तापमान भले ही कम था, लेकिन उमस बेहद प्रभावी रही और दिन भर लोग बेचैन रहे। शाम को हवाएं चलीं तो खुले में लोगों को लोगों को अच्छा लगा। लेकिन बंद कमरों में उमस ने कूलर पंखों की भी दम निकाल ली। इस बार नौतपा के शुरूआती दिनों से ही पारा में गिरावट रही और बादल छाए रहे। नौतपा के छठवें दिन पानी गिरा और बाकी दिन बादलों और बूंदाबांदी के बीच गुजरे। मानसून अभी केरल से होता हुआ महाराष्ट्र पहुंच चुका है। 15 जून तक मध्यप्रदेश में पहुंचने के आसार हैं। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक पिछले एक महीने से भीषण गर्मी की मार झेल रहे जनजीवन को मानसून से राहत की बूंदों का बेसब्री से इंतजार है। समुद्री तट से आ रही नमी ने उमस बढ़ा दी है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सामान्य से 4 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री तापमान 3 डिग्री कम दर्ज किया गया।

# हाई सिक्योरिटी प्लेट लगवाने होगी सख्ती

*बिना नंबर के वाहनों के खिलाफ अभियान आज से*

जबलपुर। यातायात पुलिस आज 2 जून से बिना नंबर व अमानक नंबर वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाएगी। इस दौरान हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने के लिए वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात श्रीमती सोनाली दुबे के नेतृत्व में 15 वर्षों से ज्यादा पुराने कॉमर्शियल वाहनों को जब्त करने विशेष अभियान चलाया गया। 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके कॉमर्शियल वाहन जिनका पंजीयन आरटीओ ने समाप्त कर दिया है। इनका शहर की यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कार्रवाई के दौरान ऐसे 50 आटो जब्त किये गये। अपराधी वारदात को अंजाम देने बिना नंबर के वाहन का उपयोग करते हैं। दूसरी ओर कुछ शौकिया लोग भी वाहनों में नंबर नहीं डलवाते हैं। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना प्रभारियों, राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर बिना नंबर व आड़े, तिरछे अमानक नंबर वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करने निर्देश दिए हैं। सड़कों के किनारे होने वाले आयाजनों से यातायात बाधित होता है और जाम की स्थिति बनने पर राहगीरों को परेशानी होती है। यातायात पुलिस बिना अनुमति आयोजन करने वालों व यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी।

**सेशन कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील पर फैसला**

# उम्रकैद की सजा हाईकोर्ट ने की निरस्त

**हरिभूमि जबलपुर।**



हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा की युगलपीठ ने सेशन कोर्ट, डिंडोरी द्वारा पड़ोसन की हत्या के प्रकरण में डिंडौरी निवासी रघु उर्फ राजेंद्र कछवाहा को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को अनुचित पाया। इसी के साथ सजा निरस्त करने का आदेश पारित कर दिया। अपीलकर्ता की ओर से अधिवक्ता गिरीश कुमार राव ने दलील दी कि सेशन कोर्ट, डिंडौरी ने सात फरवरी, 2023 को हत्या के प्रकरण में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। उसी फैसले से असंतुष्ट होकर हाई कोर्ट में पुनर्विचार की मांग की गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि अपीलकर्ता ने हत्या नहीं की थी। वह बेगुनाह है। पुलिस ने वास्तविक आरोपित की गिरफ्तारी के अभाव में महज संदेह के आधार पर उसे आरोपित बनाकर प्रकरण अदालत में प्रस्तुत कर दिया। चूंकि बिना ठोस कानूनी आधार के हत्या के मामले में दोष सिद्धि की गई है, अतः निरस्त किए जाने योग्य है। दरअसल, यह एक ऐसा मामला है जिसमें ट्रायल कोर्ट ने बिना किसी मेडिकल या दस्तावेजी साक्ष्य के मनमाने तरीके से सजा सुनाई है। मृतक सीता का पोस्टमार्टम नहीं किया गया था। घायल सीताबाई ने अपने बयान दर्ज कराए थे, जिसमें अपीलकर्ता पर उंगली नहीं उठाई थी।

# कलाकार अमित सड़क दुर्घटना में घायल



**जबलपुर।** शहर के जाने माने कलाकार बड़े इवेंटों में एंकरिंग करने वाले अमित परनामी विगत दिनों एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया गया है कि वे बाईक से आ रहे थे, तभी तैय्यब अली चौराहे के पास उनकी बाईक सड़क के बीच में लगे पोल से टकरा गई। इस हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई है, उन्हें इलाज के लिये जबलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है ।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### जय हिन्द सभा को लेकर बढ़ी वरिष्ठों की चिंता

# कांग्रेस में नहीं थम रही गुटबाजी

जबलपुर।

जबलपुर में हुई जय हिन्द सभा अपने मूल संदेश को पहुंचाने में जहां कामयाब हुई और जनता के बीच सकारात्मक चर्चा में आई, वहीं जय हिन्द सभा की तैयारियों के दौरान जबलपुर कांग्रेस स्तर पर जो कुछ हुआ और जिस तरह से हुआ उसने वैचारिक और वरिष्ठ कांग्रेस जनों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। जिस तरह से ₹जितना चंदा उतना वेटेज₹ का फार्मूला मंच पर दिखा, जिस तरह पूर्व विधायकों के बीच खुला भेदभाव किया गया, जिस तरह से नगर संगठन की दुर्गति हुई कि उसे शोभा की सुपारी कहना भी तारीफ हो जाए, जिस तरह मंच पर वीआईपी सुरक्षा में चूक हुई .. आदि आदि, चीजों ने चौंका दिया है। वरिष्ठ जन यहां तक कह रहे हैं कि यदि आज प्रदेश स्तर पर कांग्रेस ने जबलपुर कांग्रेस की समीक्षा नहीं की तो कल एक विधायक वाली जबलपुर कांग्रेस कुछ पार्षदों वाली पार्टी बनकर सीमित हो सकती है।

### वीआईपी सुरक्षा तार-तार

मंच पर तीन पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद, राज्यसभा सांसद, कई प्रदेश और केंद्रीय स्तर के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। मंच की प्रथम पंक्ति वीआईपी अतिथियों से भरी हुई थी। लेकिन मंच पर सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया। जब जिसका जैसे मन हुआ, वह वैसे मंच पर चढ़ गया। हद यह थी कि कमलनाथ और भूपेश बघेल जैसे दिग्गज नेता भाषण दे रहे थे, तब लोग उनके मंच पर चढ़कर उनके बगल में खड़े होकर सेल्फी ले रहे थे। सुरक्षा में हुई इस घोर लापरवाही के लिए जहां कांग्रेस संगठन जिम्मेदार है, वहीं जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी समान रूप से इस मामले में जिम्मेदार है।

### धनबल का दिखा प्रभाव

पूरे आयोजन में धनबल का प्रभाव स्पष्ट रूप से नजर आया। पहली बार ऐसा नजर आया कि जबलपुर के जिस नेता ने जितना धन सभा में लगाया है, उसे उसके आधार पर मंच और पूरे आयोजन में अहमियत दी गई। जबलपुर की एक विधानसभा के पूर्व विधायक भाषण देते नजर आए तो दूसरी विधानसभा के पूर्व विधायक दूध में मक्खी की तरह निकालकर नजरअंदाज कर दिया गया। न उन्हें मंच पर बोलने वालों में जगह दी गई, हद यह थी कि उन्हें उनकी विधानसभा में हुई जय हिन्द सभा की बैठक में भी नहीं बुलाया गया। जबकि कहा जा रहा है जिन्हें आगे किया गया, वे चुनाव हारने के बाद से गायब थे, जिन्हें पीछे किया गया वे चुनाव हारने के बाद भी लगातार संगठन में सक्रिय थे।

**एसी फटा, बड़ा हादसा टला**

दूसरी सुरक्षा चूक तब हुई जब मंच पर एसी फट गया। राहत की बात यह थी कि कोई आग नहीं लगी, कोई ब्लास्ट जैसी स्थिति नहीं बनी। मंच पर कुछ देर की अफरातफरी मची लेकिन संभल गई। मंच और सभा स्थल में भीड़ इतनी थी कि यदि अफरातफरी मचती तो फिर हाहाकार की स्थिति बन सकती थी।

**प्रदेश स्तर पर एकजुट**

जय हिन्द सभा में सबसे सकारात्मक पहलू यह रहा कि प्रदेश स्तर पर कांग्रेस एकजुट और एक साथ नजर आई और पूरे प्रदेश कांग्रेस को एकजुटता का संदेश दिया। यहां कमलनाथ से लेकर जीतू पटवारी, अरुण यादव से लेकर दिग्विजय सिंह तक एक दर्जन से अधिक प्रदेश स्तरीय नेता एकजुट नजर आए। दिग्विजय सिंह जैसे कद्दावर नेता ने जहां नई पीढ़ी के लिए मंच खाली किया, वहीं सभी प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ कांग्रेसी हँसते-मुस्कुराते एक साथ नजर आए और एक सुर में बात करते नजर आए।

जब पूर्व विधायक और सक्रिय नेता के साथ ऐसा सुलूक था तो पूरे आयोजन के दौरान अन्य वरिष्ठ नेताओं की स्थिति का आकलन किया जा सकता है।

### अपमानित निराश कांग्रेस कार्यकर्ता

सेना के सौर्य, सैनिकों के सम्मान, शहीदों को नमन के लिये जब जय हिन्द सभा का ऐलान हुआ था, तब जबलपुर में कांग्रेस कार्यकर्तओं में उत्साह था.हर कार्यकर्ता इस आयोजन मे बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी देने की तैयारी में था. लेकिन जैसे ही सभा की तैयारियां शुरु हुई और पूरे सभा की तैयारियो को जिस तरह कुछ गुटों द्वारा हाईजैक किया गया. जिस तरह युकां, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस आदि को पूरी तरह से नजर अंदाज किया गया. उसने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी ही पार्टी में गैर होने जैसा अनुभव करा दिया. यह वर्तमान के लिहाज से सबसे दुखक है और भविष्य के लिहाज से चिंताजनक है.

# नगर निगम में छाए हड़ताल के बादल!

## कर्मचारियों ने दी कलमबंद हड़ताल की चेतावनी

जबलपुर।

नगर निगम में लंबे समय से चली आ रही अनियमितताओं और अधिकारियों की मनमानी के खिलाफ अब कर्मचारियों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। तकनीकी अधिकारी कर्मचारी संघ और मध्यप्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ समेत विभिन्न संगठनों ने मिलकर प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि 2 जून तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो 3 जून से कलम बंद आंदोलन शुरू किया जाएगा। इससे नगर निगम के कामकाज पर व्यापक असर पड़ सकता है।



कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही नगरीय प्रशासन विभाग को भी एक पत्र सौंपा है। पत्र में अनियमितताओं को विस्तार से रेखांकित करते हुए तत्काल समाधान की मांग की गई है। इस पत्र में तकनीकी अधिकारी कर्मचारी संघ के संरक्षक एवं मध्यप्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एडवोकेट पं. राम दुबे, अनिल तिवारी, विजय दुबे, बसंत पांडे, आनंद दुबे, मुकेश रजक और के. के. दुबे के हस्ताक्षर शामिल हैं।

### ठेके पर आए कर्मचारियों को मिल रहा अनुचित प्रभार

कर्मचारी संगठनों का आरोप है कि नगर निगम में ठेके पर नियुक्त कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। इससे न केवल नियमित कर्मचारियों का मनोबल गिरा है, बल्कि उनके कार्य अधिकारों का हनन भी हो रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि नगर निगम के राजस्व विभाग की हालत बेहद खराब है। वर्ष भर मेहनत करने के बावजूद कर्मचारियों को न तो प्रोत्साहन मिलता है और न ही न्यायसंगत व्यवहार।

### स्थानांतरण और निलंबन पर भी नाराजगी

विशेष नाराजगी जोन क्रमांक 11 के राजस्व निरीक्षक के निलंबन को लेकर है। कर्मचारी संगठनों ने मांग की है कि उनका निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए और जिन कर्मचारियों का मनमाने तरीके से स्थानांतरण किया गया है, उन्हें फिर से यथास्थान पदस्थ किया जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों को, जिन पर लोकायुक्त जांच लंबित है या जो झूठे मामलों में लिप्त हैं।



## कैप्टन अखिलेश कुमार तिवारी ‘गौरवरत्न’ से सम्मानित

**जबलपुर।** बिलहरी कृष्णा होम्स में रिटायर्ड कैप्टन अखिलेश कुमार तिवारी का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अखिलेश कुमार तिवारी को शाल, श्रीफल प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर मन्तो पहलवान के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहणी, पार्षद कृष्णादास चौधरी, पुष्पा तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी सचिव कुश्ती संघ मन्तो पहलवान, सुन्दर लाल अग्रवाल, आशीष चौधरी, संतोष रजक, संतोष यादव, अजय पदम, सुनील रजक, विनय रोहाणी, संजय वर्मा, मेवालाल यादव उपस्थित रहे, विदाई समारोह में सभी ने रिटायर्ड कैप्टन अखिलेश कुमार तिवारी के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु होने की कामना की।



## तम्बाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली निकाली

**जबलपुर।** नवज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कटंगा टीवी टॉवर एवं इनरव्हील महिला क्लब मिड टाउन के तत्वावधान में 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली आदि शंकराचार्य चौक से डॉ. पुष्पराज पटेल हृदय रोग विशेषज्ञ के मुख्य आतिथ्य में निकाली गई। डॉ. पुष्पराज पटेल ने आमजनों को तम्बाकू व सिगरेट स्मोकिंग से होने वाले कैंसर व हृदय रोग जैसी घातक बीमारियों के बारे में बताया। ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी ने पोस्टर के माध्यम से तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव को विस्तार से बताया। केन्द्र संचालक हेमंत सोलंकी ने युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। रैली में बड़ी संख्या में आमजनों की उपस्थिति रही।

## चरित्र संदेह पर प्रताड़ित झूली फांसी

**जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत ग्राम खपरा में फांसी लगाकर एक महीला द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में विवेचना के बाद पुलिस ने महिला के पति के खिलाफ प्रताड़ना देकर आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करने का मामला दर्ज कर लिया है. मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खबरा निवासी मनोज झारिया की पत्नी आरती ने गत 2 मई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच की तो पुलिस ने विवेचना के दौरान मृतिका के मायके पक्ष के बयान लिये. जिसमें यह बात सामने आई कि आरती की शादी वर्ष 2010 में मनोज कुमार झारिया के साथ हुई थी शादी के बाद से ही पति मनोज अपनी पत्नि के चरित्र पर संदेह कर शारीरिक एंव मानसिक रूप से प्रताडित करता था। घटना को भी पत्नि के साथ मारपीट किया था आये दिन की शरीरिक एवं मानसिक प्रताडना से तंग आकर श्रीमति आरती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी पति मनोज के विरूद्ध धारा 108 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी पति मनोज झारिया को गिरफ्तार कर लिया है ।

# हाईकोर्ट के आसपास की सभी सड़कों का कराया गया निर्माण : महापौर

## महापौर ने निगमाध्यक्ष, एम.आई.सी. सदस्य और क्षेत्रीय पार्षद के साथ किया निरीक्षण

जबलपुर।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की घोषणा के अनुरूप मानसून आगमन के पूर्व शहर की सभी चिन्हित डामलीकृत सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। महापौर श्री अन्नू ने हाईकोर्ट के आस-पास के सभी निर्माणाधीन डामलीकृत सड़कों का नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर, पार्षद श्रीमती रंजना रंजीत ठाकुर एवं अधिवक्ताओं तथा अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने बताया कि वर्षाऋतु के पूर्व शहर की सभी डामलीकृत सड़कों का निर्माण उच्चगुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जा रहा है, आज हाईकोर्ट के आस-पास



की सभी डामलीकृत सड़कों का निर्माण कराया गया है, जिसका निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार शहर के अन्य चिन्हित डामलीकृत सड़कों का भी निर्माण कार्य अतिशीघ्र कराया जायेगा। निरीक्षण के अवसर पर महापौर ने बताया कि भैंसासुर मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गया था, लोगों को आवागमन करने में असुविधा हो रही थी, जिसको ध्यान में रखते हुए नागरिकों की सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए यहाँ की भी सड़क बनाई गयी है। महापौर ने नगर निगम लोककर्म विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी डामलीकृत सड़कों का निर्माण तकनीकि अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्ण कराये जाये, इसके साथ-साथ सड़क ब्यूटिफिकेशन के लिए भी कार्य लगातार जारी रखें, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुगम रहे, सुरक्षित रहे। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के साथ अधिवक्ता प्रदीप शर्मा, निखिल तिवारी, देवेन्द्र गंगराड़े, सौरभ भूषण श्रीवास्तव, जय आदि उपस्थित रहे।

## गैस रिफिलिंग करते दो आरोपी, तीन ऑटो चालक पकड़ाये

**जबलपुर।** हनुमाताल पुलिस लाईन की साझा टीम ने कल मुखबिर की सूचना पर बकरा मार्केट के बाजू वाले मैदान में चल रहे अवैध गैस रिफलिंग सेंटर पर छापा मारकर एक व्यक्ति को रंगे हाथों दबोच लिया। पुलिस रिफलिंग सेंटर चलाने वाले व्यक्ति व आटो में गैस भरवा रहे तीन चालकों को भी अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने मौके से चार घरेलू गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, एक विद्युत मोटर व नगदी ८०४० रुपये भी जब्त किये। हनुमानताल थाना प्रभारी धीरज राज ने बताया कि कल रात उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि बकरा मार्केट के बाजू वाले मैदान में रोड किनारे राजा घनघोरिया अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर से आटो में गैस भर रहा है। हनुमानताल पुलिस व पुलिस लाईन की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी तो एक व्यक्ति तीन सिलेंडरों के पास बैठा व एक व्यक्ति आटो में गैस भरते मिला। गैस रिफिलिंग करने वाले ने अपना नाम आदित्य खटीक तथा सिलेंडर के पास बैठे शख्स ने अपना नाम राजा घनघोरिया बताया। वहीं आटो चालकों ने अपने नाम मुस्ताक, शाहिद व मोहम्मद राजा अंसारी बताये।

## व्यापार बढ़ाने का झांसा देकर 1 करोड़ 21 लाख हड़पे

**जबलपुर।** विजयनगर थानांतर्गत चार वर्ष पूर्व बैटरी बेचने वाले जालसाज व्यापारी दंपत्ति ने तीन व्यक्तियों को व्यापार बढ़ाने का झांसा देकर हर माह किश्त के रूप में रुपये जमा कराने के बाद एक करोड़ 21 लाख 66 हजार रुपये हड़प लिए। आरोपी व्यापारी दंपत्ति के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विजयनगर पुलिस ने बताया कि शैलेन्द्र जैन कमल चड्ढा व आशीष चावला ने शिकायत दर्ज कराई है कि विनोद गुप्ता उर्फ विनोद जायसवाल एवं श्रीमती अंजू गुप्ता उर्फ अंजू जायसवाल बैटरी का व्यापार करते हैं। गत 15 मार्च 2021 को दोनों ने उन्हें बताया कि हमने व्यापारियों को एकत्र कर उनके प्रोत्साहन एवं फंड मैनेजमेंट के लिए दो योजनाएं चलाई है। सभी 40 व्यापारियों से हर माह रुपये एकत्र किये जायेंगे। एकत्रित रुपये से आवश्यकता पड़ने पर सदस्य व्यापारी को रुपये दिए जाएंगे वहीं रुपये लेने वाला व्यापारी व्यापार में रुपये लगाने के बाद मुनाफा होने पर मूल के साथ मुनाफा भी प्रदान करेगा। विनोद व अंजू हर माह व्यापारियों से रुपये लेते रहे। इस तरह उन्होंने एक करोड़ 21 लाख 66 हजार रुपये ले लिए। रुपये मांगने पर मूल राशि व मुनाफे में हिस्सा नहीं दिया।

## प्रेमिका की हत्या कर भागा आरोपी पकडाया

**जबलपुर।** बरगी थानान्तर्गत बरगी डेम रोड पर स्थित जंगल एक सप्ताह पूर्व अपनी प्रेमिका को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतारकर भागे आरोपी हमलावर युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रमनपुर घाटी स्थित एक मजार के समीप दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त बटनदार चाकू, पल्सर बाईक व वारदात को अंजाम देने के दौरान पहने हुए कपड़े में जब्त कर लिये हैं। बरगी थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि बरगी डैम के जंगल में एक युवक के एक महिला को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल करने के बाद भाग जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को एक महिला घायल हालत में मिली व समीप ही उसकी चार वर्षीय मासूम बच्ची रोते मिली। महिला को तत्काल १०८ एम्बूलेस से मेडिकल अस्पताल भिजवाया गया जहां घायल महिला ने पूछताछ के दौरान चाकू मारने वाले का नाम गढ़ा फाटक लार्डगंज निवासी नमन विश्वकर्मा बताया महिला की मौत के बाद आरोपी पर हत्या का मामला कायम किया गया। आरोपी को पकड़ने पुलिस ने अनेक स्थानों पर दबिश दी लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

# भाजपा सरकार ने सेना के नाम पर सिर्फ वोट मांगे

## भाजपा विधायक की टिप्पणी पर कांग्रेस ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**जबलपुर।** जबलपुर में आयोजित कांग्रेस की ‘जयहिंद रैली’ को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विधायक अभिलाष पांडेय द्वारा दिए गए बयान पर अब कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा विधायक ने रैली को “एक छलावा” बताते हुए कहा था कि इसमें कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व मौजूद नहीं था।

इसके जवाब में शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजा पांडेय ने कहा कि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है, न कि कोई तानाशाही व्यवस्था, जहां हर काम प्रधानमंत्री को ही करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि रैली में मौजूद नेता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। राजा पांडेय ने आगे कहा, “कांग्रेस ने कभी भी सेना के शौर्य और पराक्रम पर सवाल नहीं उठाया। हमारे सवाल मोदी सरकार की विफलताओं पर हैं। पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को आज तक इंसाफ नहीं मिला, और सरकार ने उनके नाम पर सिर्फ वोट मांगे।” उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने गहने तक सेना को समर्पित कर दिए थे। पांडेय ने आगे कहा कि कांग्रेस का नेतृत्व हमेशा देश के लिए त्याग और बलिदान का प्रतीक रहा है, न कि सेना के शौर्य पर अपनी फोटो चिपकाने का। भाजपा को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए,”।

### प्रदेश के मंत्री कर रहे सेना का अपमानः टीकाराम कोष्टा

तो वहीं दूसरी तरफ पूर्व प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम पर आयोजित कांग्रेस की जय हिंद सभा को छलावा बताने वाले अपने गिरेबान में झांक कर देखें सेना के शौर्य पर देश का पीएम अपनी ब्रांडिंग बिहार चुनाव में कर रहे हैं. इधर प्रदेश के मंत्री विजय शाह महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया का अपमान और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा सेना को अपमानित करने पर मौन रहने वाले भाजपाइयों का चाल चरित्र और चेहरा सबके सामने उजागर हो गया है। अलीम मंसूरी, विजय अग्रवाल अंकित चौरसिया डॉक्टर मोइन अंसारी मामूर गुड्डू राजेश पटेल लखन श्रीवास्तव अशोक चौधरी संजू ठाकुर रविंद्र कुशवाहा धर्मेंद्र कुशवाहा आदि ने कहा है की भाजपा पहले अपने गिरेबान में झांके फिर कांग्रेस पर आरोप लगाए।

# पुलिस की काम्बिंग गश्त में 304 वारंटी गिरफ्तार

जबलपुर।

अपराधियों पर नकेल कसने और फरार वारंटियों की धड़पकड़ करने के लिये पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर जिले में शनिवार देर रात दो बजे तक काम्बिंग गश्त कराई गई. इस दौरान वर्षों से फरार मामलों में 304 वारंट तालीम कराए गये. वहीं चार आरोपी अवैध हथियार लेकर घूमते पकड़े गये. पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने ईएमएस को बताया की शनिवार की शाम 5 बजे से देर रात 2 बजे तक कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग 592 अधिकारी एवं कर्मचारियों की 81 टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षों से फरार 121 गैर म्यादी वारिटयों एवं 120 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 63 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान चाकू रखकर घूमते हुए 4 आरोपियों को पकडा जाकर 4 चाकू जप्त किये गये । इसी प्रकार अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर 39 लीटर कच्ची तथा 79 पाव देशी/विदेशी शराब जप्त की गयी है।

**चार चाकूबाज और 22 अवैध शराब कारोबारी भी पकड़ाए**

### विश्व तंबाकू, निबंध दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

# नशे की बजाय सकारात्मक उपाय अपनाये

जबलपुर।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शहर में जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया गया।

### नशामुक्ति केन्द्र

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर न्यू सुदर्शना वेल्फेयर सोसायटी द्वारा संचालित जबलपुर नशा मुक्ति केन्द्र में विशेष संकल्प प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने दृढ़ संकल्प लिया कि वे तम्बाकू एवं अन्य नशीली वस्तुओं से पूरी तरह दूर रहेंगे और




तनाव, गुस्सा, घबराहट जैसी समस्याओं के समाधान के लिए नशे के बजाय सकारात्मक उपाय अपनायें। कार्यक्रम के प्रतिभागियों में एक-एक करके सामने आकर अपने जीवन में निभाए गए विभिन्न किरदारों में आए दर्द को साझा किया, जैसे छात्र, पिता, बच्चे, नशेड़ी पुत्र या प्रेमी इस दौरान उन्होंने देखा कि कैसे नशे ने उनके जीवन के हर पहलू को प्रभावित किया है। कार्यक्रम में नशामुक्तिके प्रति जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केन्द्र परामर्शदाता समृद्धि सिंह बघेल, सचिव दिपेश परमार कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा सदस्य नवीन मसीह, सुनील अहिरवार, मनीष शाह आदि उपस्थित रहे।

### शान्तम प्रज्ञा आश्रम

अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस और राजामाता अहिल्याबाई होल्कर की *००वीं जयंती के उपलक्ष्य में शांतम प्रज्ञा आश्रम नशामुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में नशा मुक्ति एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजामाता अहिल्याबाई होल्कर के तेलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई, साथ ही शांतम प्रज्ञा आश्रम संचालक क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने बताया कि किस प्रकार तम्बाकू हमारे शरीर के लिए हानिकारक है, तम्बाकू सेवन से टीबी, कैंसर, तनाव, डिप्रेशन जैसी बीमारियां होती हैं। लाखों लोगों की प्रतिवर्ष तम्बाकू के सेवन से मृत्यु हो जाती है। इसलिए हमें तम्बाकू के सेवन से बचना चाहिए।

### रेबा बीएड कालेज

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रेवा बीएड कालेज के स्टाफ ने मजदूर वर्ग से तंबाकू छोड़ने का आग्रह कर तंबाकू के सेवन से शरीर में होने वाली हानि को बताया गया।

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने लिया संकल्प

# एक माह तक एसी और पेट्रोल-डीजल चलित वाहन का उपयोग नहीं करेंगे

हरिभूमि जबलपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त और हरित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एक माह तक एसी और पेट्रोल-डीजल चलित वाहन का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि वह एक माह तक ग्वालियर में अपने निवास के सामने स्थित पार्क में तंबू लगाकर पंखे में रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री श्री तोमर ग्वालियर शहर में ई-बाइक का उपयोग और बाइक चार्जिंग में सोलर एनर्जी का प्रयोग करेंगे। श्री तोमर का यह संकल्प प्रतीकात्मक संदेश है कि आदतों में थोड़ा बदलाव भी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों से अपील की है कि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाकर प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग करें।



#### प्रदूषण एक गंभीर समस्या

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रदूषण का प्रभाव हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू, स्वास्थ्य, पर्यावरण और समाज पर गहरा पड़ता है। वायु प्रदूषण से साँस संबंधी रोग, धूल और धुएँ से एलर्जी, जल प्रदूषण से डायरिया, हैजा जैसे रोग होते हैं। ध्वनि प्रदूषण से मानसिक तनाव और नींद की कमी जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। प्रदूषण के कारण ओजोन परत को नुकसान होता है और ग्लोबल वॉर्मिंग बढ़ती है। इसका परिणाम है कि बर्फ के पहाड़ पिघलते हैं और समुद्र का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण से जीवन स्तर की गुणवत्ता कम होती है, बीमारियाँ बढ़ती हैं और सामाजिक असंतुलन उत्पन्न होता है। साफ हवा, स्वच्छ पानी और सुरक्षित वातावरण का अभाव समाज में तनाव और असुरक्षा को जन्म देता है।

## डीजीएम विद्युत वितरण कंपनी की 2 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

**जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गत रात्रि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा भोपाल स्थित काल सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं करने पर डीजीएम मुरैना अभिषेक चौरसिया की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। श्री तोमर ने कॉल सेंटर से ही डीजीएम सिटी ईस्ट जोन और डीजीएम रायसेन से भी बात कर समस्याओं के निराकरण में देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। भिण्ड जिले के गोरमी गाँव के उपभोक्ता नरेन्द्र सिंह से भी बात कर उनकी समस्या के संबंध में जानकारी ली। श्री तोमर ने निर्देशित किया कि कॉल सेंटर के हेल्पलाइन नम्बर 1912 में कॉल वेटिंग नहीं होना चाहिए। कॉल सेंटर प्रभारी ने बताया कि सामान्यतः एक घंटे में 300 से 350 फोन काल आते हैं। उन्होंने स्काडा सेंटर और स्मार्ट मीटर मॉनीटरिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया।

## धनगर समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**जबलपुर।** राष्ट्र समर्थ लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वें जन्मोत्सव पर 31 मई को आल इंडिया धनगर समाज महासंघ जबलपुर महानगर द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर "राष्ट्र समर्थ की लाडली बेटी" सम्मान से धनगर समाज की होनहार बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के अतिथि राममूर्ति मिश्रा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति अध्यक्ष एवं भाजपा नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपा राय थीं। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में देवी अहिल्याबाई होल्कर को धर्म, अध्यात्म, न्याय, सुचिता एवं सेवा की जीवंत प्रतिमूर्ति एवं उनके चरित्र को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अनिल धनगर, डॉ. बालमुकुंद यादव, सुषमा यादव, गोपाल पाली, अर्चना यादव, एड. रमाशंकर यादव, विनोद यादव, सीमा पाल, जितेन्द्र पाल, मोनू पाल सहित बड़ी संख्या में बालिकाएं, बच्चे एवं स्वजातीयजन उपस्थित रहे।







# आईटी कंपनी जबलपुर सर्वार्थ में 22 होनहार छात्रों का चयन

**जबलपुर।** जबलपुर की पहली वैश्विक पहल वाली कंपनी आईटी कंपनी जबलपुर सर्वार्थ द्वारा सुपर 30 100% निःशुल्क प्रोग्राम जीरो फीस में 12वीं के बाद 3 वर्ष और ग्रेजुएशन के बाद 2 वर्ष के लिए 100% स्कॉलरशिप डब्ल्यूपीसीओई [WPCOE- BCA, MBA- IT/ HR/Finance/Marketing] प्रोग्राम में जीरो शुल्क पर 22 होनहार छात्रों का मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रारंभ में सरस्वती पूजन के साथ की गई। तत्पश्चात सर्वार्थ के सीईओ अंशुल शुक्ला के द्वारा सर्वार्थ का विजन और सुपर 30 के परिचय के बारे में बताया गया। सर्वार्थ के सीओओ श्याम मोहन शर्मा द्वारा सुपर 30 में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों जबलपुर, कटनी, रीवा, सीधी, सिवनी आदि से चयनित छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों को संबोधित किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में आए सभी चयनित छात्र, छात्राओं को 3 लाख 54000 और 590000 के प्रतीकात्मक चेक दिए गए। इसके साथ-साथ विभिन्न क्षेत्र में बेहतर करने वाले नागरिकों का सम्मान भी किया गया। मां नर्मदा सेवा के क्षेत्र में यूथ हॉस्टल जबलपुर के प्रबंधक आरके परिहार सोशल मीडिया के क्षेत्र में एवं A To Z चैनल के नागेंद्र विश्वकर्मा आदि का सम्मान भी किया गया। इस कार्यक्रम में जबलपुर सर्वार्थ की ओर से सीईओ अंशुल शुक्ला, सीईओ श्याम मोहन शर्मा, ऑपरेशन लीड अंकित द्विवेदी, सर्वार्थ जूनियर कंसलटेंट धीरज, जूनियर डेवलपर तमन्ना भूपेश, सानिया आदि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बुंदेलखंड के प्रसिद्ध एंकर विजय भट्ट द्वारा किया गया।

# मालाबार ज्वेलर्स भूख से मुक्ति अभियान के अंतर्गत शहर के 17 स्थानों पर उपलब्ध करा रहा निःशुल्क भोजन

**जबलपुर।** भोजन हर जरूरतमंद तक पहुंचे, इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए, मालाबार ज्वेलर्स के संस्थापक एमके अहमद ने भूखे को भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर रहीम एवं क्षेत्रीय पार्षद अयोध्या तिवारी, अदिती अतुल बाजपेई, संतोष पंडा, अतुल चौबे, सभी अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर भोजन गाड़ी को रवाना किया। जिला अस्पताल विक्टोरिया में मरीज को भोजन वितरण एवं रानीताल हनुमान मंदिर में गरीब लोगों को भोजन दिया गया। इस अवसर पर अंशुल स्टोर मैनेजर मालाबार गोल्ड शोरूम, इस संकल्प को वो कंपनी की सामाजिक ज़िम्मेदारी (सीएसआर) से जोड़ते हुए पूरे भारत में 250 से ज्यादा स्थानों पर लगभग सत्तर हजार लोगों को भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। और उनका ये संकल्प हर साल एक और पायदान ऊपर बढ़ता जा रहा है, आज जहां विश्व ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा है तथा ग्लोबल वार्मिंग का सबसे दुष्प्रभाव फसलों पर हुआ है, क्योंकि, इसका कारण है बाढ़ और सूखा, इससे फसल पैदावार निरंतर कम हो रही है और विश्व की एक बहुत बड़ी आबादी खाद्य संकट में घिरती जा रही है। मालाबार ज्वेलर्स विश्व को खाद्य संकट से मुक्त करने के अपने प्रयास के तहत जबलपुर में भी 17 स्थानों पर निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराता है।



# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 से ज्यादा मरीजों की हुई जांच

जबलपुर।

उखरी रोड संगम कॉलोनी स्थित जैन मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार 1 जून को सुबह 10 बजे से 01 बजे के बीच किया गया। जिनालय ट्रस्ट, अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला परिषद जबलपुर शाखा एवं जैन डॉक्टर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर का शुभारंभ अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला परिषद जबलपुर शाखा अध्यक्ष रानी जैन एवं सचिव सुनीता जैन, जैन डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. संजय जैन एवं सचिव डॉ. पीयूष जैन द्वारा किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 से ज्यादा मरीजों की शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच की गई। शिविर में चिकित्सकों ने जांच के साथ परामर्श प्रदान किया।




**लगाया गया रक्तदान शिविर-** जैन मंदिर में कैंप के साथ जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की प्रभारी डॉक्टर अमित जैन के निर्देशन में टीम ने ब्लड कलेक्शन किया। कैंप रक्तदाताओं ने रक्तदान कर रक्तदान महादान का संकल्प पूरा किया। इस अवसर महिला परिषद की केंद्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी विमला जैन, डॉक्टर कुसुम जैन, मंजुला मनी दीदी, साधना बड़कुल, मीना परिधान, साधना कश्मीर, सुनीता, साधना गायिका, संगम कॉलोनी ट्रस्ट अध्यक्ष आशीष लालू, जबलपुर ड्रग एंड केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य डॉक्टर चंद्रेश जैन, रजनीकांत, पवन जैन, डॉक्टर समीर जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सीमा जैन द्वारा किया गया।

**इन डॉक्टरों ने दी सेवायें-** कैम्प में डॉक्टर पीयूष जैन, डॉ. नरेन्द्र कुमार जैन, डॉ. समीर जैन, डॉ. केके परिहार, डॉ. स्वप्निल जैन, डॉ. अभिनीत जैन, डॉ. रैनी जैन, डॉ. मयंक जैन, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. जाग्रति नायक, डॉ. एके जैन, डॉ. महेंद्र जैन आदि ने अपनी सेवाएं दी।

# तम्बाकू निषेध दिवस पर गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में हुआ जागरुकता कार्यक्रम




**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में आज दिनांक 31 मई 2025 को आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं **NSS** इकाई द्वारा (राष्ट्रीय सेवा योजना) विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एस चंडोक जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों एवं समाज को जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेड क्रॉस सोसाइटी के अधिकारी श्री सुनील गर्ग, मुख्य वक्ता के रूप में मनोवैज्ञानिक परामर्श कर्ता श्री तेज सिंह ठाकुर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एस चंडोक जी, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ शशि दुबे, एवं महाविद्यालय के एन.एस.एस. अधिकारी श्री आसिफ बेग जी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथि जनों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य कड़ी में महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह एक सामाजिक बुराई भी है। युवाओं को इससे दूर रहना चाहिए और अपने परिवार व समाज को भी इसके खिलाफ जागरूक करना चाहिए। हमारे कॉलेज का प्रयास है कि हम सभी विद्यार्थियों को एक स्वस्थ और तंबाकू मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करें। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि "हर साल लाखों लोग तंबाकू सेवन के कारण जान गंवाते हैं। यह एक धीमा ज़हर है, जो शरीर के हर अंग को प्रभावित करता है। युवाओं को इससे बचाना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। इस दिशा में शिक्षा संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके उपरांत मनोवैज्ञानिक परामर्श कर्ता श्री तेज सिंह ठाकुर जी, द्वारा तंबाकू के प्रकार, इसके दुष्परिणाम, और इससे बचने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। तथा अंत में उनके द्वारा सभी को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा तंबाकू विरोधी जागरूकता रैली भी निकाली गई। मंच संचालन तथा आभार प्रदर्शन डॉ सरिता शर्मा द्वारा किया गया। इस प्रकार यह कार्यक्रम सफलता के साथ संपन्न हुआ और इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती शिखा पाराशर, डॉ मनीष शाह, डॉ शिवमणि मिश्रा, डॉ अंजू पाठक, डॉ विपिन राय, डॉ विमल शुक्ला, डॉ रोहित वर्मा, डॉ संध्या कोष्टा, डॉ शशि दुबे, डॉ जी सी राय, डॉ आरती शुक्ला, डॉ संजय गुप्ता, डॉ रत्नेश नामदेव, सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



## 46वीं जिला तैराकी में बिलाबॉन्ग स्विमिंग एकेडमी के तैराकों ने जीते 96 मैडल

**जबलपुर।** 46वीं जिला तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन जिला तैराकी संघ द्वारा दिनांक 22 एवं 23 मई को संपन्न किया गया, जिसमें बिलाबॉन्ग स्विमिंग एकेडमी के तैराकों ने स्वर्ण पदकों की बरसात कर 96 मेडल्स जीते। बिलाबॉन्ग एकेडमी 12 माह प्रतिदिन 8 घंटे का कड़ा प्रशिक्षण देती है, जिसके परिणाम स्वरूप तैराकों ने नेशनल, इंटरनेशनल, नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीते हैं, एकेडमी की मानवी श्रीवास्तव ने हाल ही में उत्तराखंड में आयोजित नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है, जिला तैराकी में सेरा दुबे, तृषा दुबे, जन्मेजय पचौरी, शौर्य पटेल, तनवी कुशवाह, रिषिक तिवारी, मानविक तिवारी, कबीर बल्हारा, हरलव सिंग, विवान अग्रवाल, सेहरा भार्गव, अनाया राव, अयान, अभिलाष सभी ने मैडल प्राप्त किए। उक्त सभी तैराक 01 जून से 05 जून तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने खंडवा रवाना होंगे। तैराकों की इस ऐतिहासिक सफलता पर तैराकी संघ के अध्यक्ष संजय पटेल, अर्पिता मालपानी, महेंद्र विश्वकर्मा, सुनील बाथरे, शेखर अवस्थी ने बधाई दी।

# मिशन हेल्थ क्लब के लिफ्टरों का विजय अभियान जारी

### मध्य प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इन्क्लाइन बैंच प्रेस ओपन चयन ट्राइल प्रतियोगिता

जबलपुर।

हाल ही में मध्य प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इन्क्लाइन बैंच प्रेस ओपन चयन ट्राइल प्रतियोगिता ओम साईं बारात घर, सैनिक सोसाइटी मदन महल जबलपुर में आयोजित की गई जिसमें मिशन हेल्थ क्लब के लिफ्टरों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते इनमें मास्टर में राजा बाबू बावरिया, अनूप शर्मा, खूबचंद मंगलानी और रेशम खनुजा, अमित सोनकर ने स्वर्ण पदक जीतकर अपना परचम लहराया, वहीं बादल परिहार ने जूनियर वर्ग में बैंच प्रेस और स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में खिताब जीतकर मिशन हेल्थ क्लब का नाम रोशन किया। सीनियर वर्ग में पृथ्वी राज सिंग द्वितीय और सुशील मिश्रा ने रजत पदक जीता एवं सब जूनियर में आदित्य तिवारी प्रथम, अंश गुप्ता प्रथम, अरमान गुप्ता प्रथम, कार्तिक वंस्कार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ध्यान रहे की सभी विजेता खिलाड़ी मिशन हेल्थ क्लब में कोच लॉरेंस मार्टिन के मार्गदर्शन में अभ्यासरत हैं इनकी स्वर्णिम उपलब्धि पर मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, आलोक मिश्रा, लॉरेंस मार्टिन, गुरुचरण श्रीवास्तव, रॉबर्ट मार्टिन, दिनेश राव, दीनू स्वामी, मंजू इंग्ले, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, राम कुमार रजक, कुलदीप सिंह, तेजभान सिंह आदि ने बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# सेना की आन-बान-शान के सम्मान स्वरुप किया जय हिंद सभा का आयोजन

**पाटन।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संस्कारधानी जबलपुर में ऑपरेशन सिंदूर में सेवा के पराक्रम एवं आंवन शान के सम्मान के लिए जवानों को सलाम करने के उद्देश्य से स्थानीय शहीद स्मारक में जय हिंद सभा का आयोजन किया गया पहलगाम आतंकवादी हमले केबाद सी द्वारा चलाई गई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा देशभर में जय हिंद सभा आयोजित कर रही है सेवा के पराक्रम शौर्य वीरता एवं भाजपा नेताओं द्वारा सेवा के अपमान में दिए गए बयानों का जोर-जोर से मुद्दा उठाकर इसका पुरजोर विरोध किया नेताओं ने भाजपा सरकार के इस दोहरी नीति पर अपना आक्रोश व्यक्ति किया सेवा का हर जवान की जान से अपने भारत मां की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देता है ऐसे में उनका अपमान सहन नहीं होगा। इसी क्रम में पाटन नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप गुरु अपने साथियों सहित जबलपुर जय हिंद सभा में उपस्थित हुए और उन्होंने प्रदेश के नेताओं से भेंट कर संगठन संबंधी चर्चा की और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय से भेंट कर उन्हें पाटन आने का न्योता दिया। इस अवसर पर राजेश मिश्रा बल्लू तिवारी वीरेंद्र नायक बलदाऊ तिवारी ओम पटेल सहित नगर के युवा नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# फर्जी रजिस्ट्रेशन से शासन को चूना लगाने वाले पर कब तक होगी कार्यवाही

**पाटन।** जबलपुर जिले की राजस्व पाटन तहसील फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वाले नारायण राठौर ने शासन को चूना लगाने का काम किया। जिसकी बाकायदा शिकायत नगर परिषद पाटन के पूर्व पार्षद विजय नामदेव ने अपने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर जबलपुर को की है। मामला ग्राम चपौद का है, गांव के नारायण राठौर पिता वीरेंद्र राठौर द्वारा ग्राम जोगिया में 50 से लेकर 60 एकड़ जमीन ली जाती है और फसल में हेर फेर कर फर्जी रजिस्ट्रेशन के माध्यम से प्रतिवर्ष शासन को लाखों का चुनाव लगाया जाता है, रजिस्ट्रेशन धान का कराया और रवि सीजन में मटर की। बताया जाता है कि यहां के छोटे-छोटे किसान जो समर्थन मूल्य पर अपनी फसल नहीं भेज पाते उनकी फसल कम दामों में खरीद कर फर्जी रजिस्ट्रेशन के माध्यम से कई वर्षों से चूना लगाने का किया जाता है इसमें तहसीलदार सर्वेयर और पटवारी की मुख्य भूमिका है प्राप्त जानकारी के अनुसार सपोर्ट निवासी नारायण राठौर के द्वारा अपनी नीति कृषि भूमि एवं सिकमी ली गई भूमि के रजिस्ट्रेशन के लिए जोगिया गांव के ही सरवर अभय राठौर एवं पटवारी के कश्यप तथा अन्य जिम्मेदारअधिकारियों की मिली भगत से बड़े पैमाने पर करीब एवं रवि सीजन की फसल को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए बहुत सी खसरा के रजिस्ट्रेशन में फर्जी वाला किया जबलपुर कलेक्टर एवं शासन से तुरंत कार्यवाही कर इनके ऊपर वैधानिक कार्यवाही की जाए एवं रजिस्ट्रेशन जो फर्जी हुए हैं उनकी रिकवरी कराई जाएं।

## नाले की सफाई जेसीबी मशीन के माध्यम से कराई जा रही

**पाटन।** हरिभूमि के अंक 30 मई को प्रकाशित अखबार में पाटन नगर की मुख्य नाला सफाई करने हेतु समाचार प्रकाशित किया था। इस खबर का संज्ञान लेते हुए नगर परिषद पाटन द्वारा इस नाले की सफाई जेसीबी मशीन के माध्यम से कराई जा रही है जिससे लोगों में राहत है भारी मात्रा में कि नाली में कचरा पन्नी इस बात का सबूत है नगर में गंदगी और कचरे का अंबार लगा हुआ है आम नागरिक भी इस नाले में अत्यधिक गंदगी डालते हैं जिससे प्रदूषण फैलता है नागरिकों को चाहिए कि अपने आसपास की सफाई रखें और नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।



## किसान संघ की विद्युत अधिकारियों के साथ हुई चर्चा

**मझौली।** भारतीय किसान संघ तहसील ईकाई मझौली द्वारा म0प्र0 पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण लिमिटेड कंपनी मझौली में अधिकारियों के साथ किसान संघ तहसील मझौली प्रतिनिधि मंडल के साथ विद्यु विभाग द्वारा बैठक हुई जिसमें किसानों की विद्युत से संबंधित समास्याओं से अवगत कराया गया जैसे कि मझोली में 132 के व्ही विधुत सब स्टेशन रानीताल कटाव 33 के व्ही विधुत सबस्टेशन ओवर लोड ट्रांसफार्मर कृषि पंपों के लोड फेल ट्रांसफार्मर और मेंटिनेंस कार्य जाने एवं अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में शामिल रहे सिहोरा मझौली ई ई सिहोरा मझौली ए ई मझौली जे ई इन्द्राना जे ई किसान संघ पदाधिकारी अटल बिहारी पटेल जिला कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र पटेल तहसील अध्यक्ष रंजीत पटेल तहसील मंत्री राजा भैय्या झारिया उपाध्यक्ष राकेश पटेल कोषाध्यक्ष राजकुमार सेन मिडिया प्रभारी राजवीर सिंह राजपूत कार्यलय मंत्री कैलाश पटेल जैविक प्रमुख वीरेंद्र पटेल सदस्य रामकुमार पटेल आदित्य चन्सोरिया अमित सिंह राजपूत किसान संघ तहसील मझौली सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।



**राजकुमार त्रिपाठी-** सिहोरा खितौला वॉर्ड नंबर 13 लखराम मोहल्ला निवासी राजकुमार त्रिपाठी रिटायर्ड आरआई का 75 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार हिरन नदी शमशान घाट में किया गया। वे सत्येंद्र त्रिपाठी के भाई थे।



**श्रीमती तारा दवे-** संजीवनी नगर निवासी श्री कृष्ण कुमार दवे की धर्मपत्नी श्रीमती तारा दवे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला राजपूत-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री लक्ष्मण सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती विमला राजपूत (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री भैया लाल कोल-** मानेगांव रांझी निवासी श्री भैया लाल कोल (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नर्मदा प्रसाद गुप्ता-** नया मोहल्ला मढ़ाताल निवासी श्री नर्मदा प्रसाद गुप्ता (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मीना शर्मा-** सिद्धबाबा वार्ड कैलाश नगर निवासी श्री संतोष कुमार शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मीना शर्मा (40) का निधन हो गया ।अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती प्रेमलता श्रीवास्तव-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता श्रीवास्तव (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम मैं किया गया।

**श्री शैलेंद्र सोनी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री शैलेंद्र सोनी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**कु. शिल्पा चौधरी-** बाबा टोला महाकाली मंदिर के पास निवासी श्री मथुरा प्रसाद चौधरी की पुत्री कु. शिल्पा चौधरी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री द्वारका प्रसाद रघुवंशी-** कवर्धा हाउस पुल नंबर 2 के निकट निवासी श्री द्वारका प्रसाद रघुवंशी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला बाई वंशकार-** वाल्दी कोरी की दवाई निवासी श्री राम गुलाब वंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई वंशकार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति वर्ग से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x3 से.मी. रंगीन 1300/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# ब्याज दर में लगातार तीसरी बार कटौती कर सकता है आरबीआई

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

- मुद्रास्फीति के चार फीसदी से नीचे बने रहने के कारण कटौती संभव

रिजर्व बैंक की दर-निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को निर्णय की घोषणा करेगी। आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई।

## शुक्रवार को तीसरी बार 0.25 फीसदी कर सकता है कटौती

### मुद्रास्फीति के चार फीसदी तक रहने का अनुमान

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के बड़े हिस्से के लिए सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत तक रहने के अनुमान के साथ, एमपीसी द्वारा मौद्रिक ढील जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, "अगले सप्ताह 0.25 प्रतिशत की दर में कटौती की उम्मीद है।




### तरलता की स्थिति बहुत सहज

बैंक ऑफ बड़ोदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, "हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत सौम्य स्थितियों और आरबीआई के विभिन्न उपायों के माध्यम से तरलता की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के कारण, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी। वृद्धि और मुद्रास्फीति, दोनों पर टिप्पणी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि दोनों मापदंडों के लिए उनके पूर्वानुमानों में संशोधन की उम्मीद है।"

### नीति तटस्थ से बदल उदार करने का फैसला

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने भी अपनी अप्रैल की नीति में रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'उदार' करने का फैसला किया। फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जवाब में, अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों (ईबीएलआर) और कोष-आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को कम कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### टीवीएस मोटर की वाहन बिक्री 17 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी की मई में कुल बिक्री 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,31,275 इकाई रही है। कंपनी ने पिछले साल मई में कुल 3,69,914 गाड़ियां बेची थीं। मई में दोपहिया वाहन बिक्री में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस खंड में बिक्री मई में बढ़कर 4,16,166 इकाई हो गई, जो मई, 2024 में 3,59,590 इकाई थी।

### किआ इंडिया की बिक्री में 14 प्रतिशत वृद्धि




**नई दिल्ली।** किआ इंडिया ने रविवार को बताया कि मई में घरेलू बाजार में उसकी थोक बिक्री सालाना आधार पर 14 फीसदी बढ़ी। कंपनी ने पिछले महीने 22,315 इकाइयां बेचीं, जबकि मई 2024 में यह आंकड़ा 19,500 इकाई था। किआ इंडिया ने एक बयान में कहा कि हाल ही में पेश की गई कैरेंस क्लैविस को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है।

### महिंद्रा की वाहन बिक्री मई में 17 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) की मई में कुल वाहन बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 84,110 इकाई रही है। मुंबई स्थित कंपनी ने रविवार को बताया कि बहुद्देशीय वाहन खंड में, इस दौरान उसने घरेलू बाजार में 21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 52,431 वाहन बेचे। यह आंकड़ा पिछले साल के मई माह में 43,218 इकाई रहा था।

### टोयोटा की बिक्री में 22 फीसदी का इजाफा





**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) की बिक्री मई में सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 30,864 इकाई रही है। पिछले महीने घरेलू बाजार में डीलरों को कंपनी की थोक बिक्री 29,280 इकाई रही, जबकि निर्यात 1,584 इकाई रहा। मई, 2024 में टीकेएम ने कुल 25,273 वाहन बेचे थे।

### सन फार्मा चालू वित्त वर्ष में 10 करोड़ डॉलर करेगी निवेश




**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने चालू वित्त वर्ष में नवोन्मेषी उत्पादों के व्यावसायीकरण के लिए 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निवेश की योजना बनाई है। कंपनी के चेयरमैन दिलीप सांघवी से यह जानकारी दी है। पूंजीगत व्यय भविष्य के लिए कंपनी के विशेष (पेटेंट वाले) उत्पादों के कारोबार को काफी मजबूत करने में मदद करेगा।

### टाटा मोटर्स की कुल बिक्री मई में नौ प्रतिशत घटी




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की मई में कुल वाहन बिक्री नौ प्रतिशत घटकर 70,187 इकाई रही है। मुंबई स्थित वाहन कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने मई, 2024 में 76,766 वाहन बेचे थे। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि उसकी घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 10 प्रतिशत घटकर 67,429 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 75,173 इकाई थी। मई में यात्री वाहनों की कुल बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत घटकर 42,040 इकाई रह गई।

## पूर्व वित्त सचिव गर्ग ने कहा- प्रति व्यक्ति आय में सुधार होना जरूरी

# भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग होंगे विकसित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी 'विकसित' और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस मामले में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है।

गर्ग ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत अभी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

### भारत की जीडीपी 3910 अरब डॉलर है

हालांकि, बाद में नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इसका खंडन किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, "आईएमएफ देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को मौजूदा अमेरिकी डॉलर में मापता है। मुद्रा कोष के 2024-25 के लिए विश्व आर्थिक परिदृश्य आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3,910 अरब डॉलर है जबकि यह जापान के मामले में 4,030 अरब डॉलर है।



## जीडीपी जितनी बड़ी होगी संसाधन उतने ज्यादा होंगे

*एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, जीडीपी जितनी बड़ी होगी, विकास और राजकाज के लिए संसाधन उतने ही ज्यादा होंगे। 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी (विश्व बैंक इसे मापता है और सालाना आंकड़े प्रकाशित करता है) लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और भारत 150वें नंबर पर है।*

### जापान की जीडीपी 25 वर्षों में हुई कम

गर्ग ने कहा, आईएमएफ अगले छह साल के आंकड़ों का भी अनुमान लगाता है। अभी तक अनुमान 2030 (भारत 2030-31) तक के हैं। आईएमएफ ने 2025 में भारत की जीडीपी 4,197 अरब डॉलर (4.197 ट्रिलियन डॉलर) होने का अनुमान लगाया है, जबकि जापान की जीडीपी (वैसे जापान की जीडीपी पिछले 25 वर्षों में अमेरिकी डॉलर के हिसाब से काफी कम हुई है)।

- वर्ष 2024 में प्रति व्यक्ति जीडीपी 2450 डॉलर रही
- प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश 150वें स्थान पर
- आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार भारत अभी चौथी अर्थव्यवस्था नहीं

### *भारत अभी भी जापान से आगे नहीं निकला*

*वास्तविकता यह है कि भारत अभी जापान से आगे नहीं निकला है। अभी हम चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बने है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही और इसके साथ अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर (330.68 लाख करोड़) रहा।*

### अमेरिकी डॉलर में जीडीपी के आंकड़े मानक है

यह पूछे जाने पर कि भारत कबतक दुनिया में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, उन्होंने कहा, "इस संदर्भ में आईएमएफ के वर्तमान अमेरिकी डॉलर में जीडीपी के आंकड़े मानक हैं। इसके आधार पर देशों को उनके अमेरिकी डॉलर में जीडीपी की स्थिति के हिसाब से क्रम में रखा जाता है।"

### तीन बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका, चीन और जर्मनी

आईएमएफ के 2024 के विश्व आर्थिक परिदृश्य के आंकड़ों के अनुसार, तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका, चीन और जर्मनी के जीडीपी का आकार क्रमशः करीब 29,180 अरब डॉलर, 18,750 अरब डॉलर तथा 4,660 अरब डॉलर था। वहीं अप्रैल, 2025 (2025-26) के आंकड़ों के अनुसार, इसके क्रमशः 30,510, 19,230 अरब डॉलर तथा 4,740 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

# रिजर्व बैंक ने बीते वित्त वर्ष में 353 बैंकों पर लगाया जुर्माना

एजेंसी ▸▸ मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों (आरई) के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और क़ानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है। ये उल्लंघन/गैर-अनुपालन, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे; जोखिम मानदंड और आईआरएसी मानदंड; अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश; धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश; सीआरआईएलसी पर सूचना की रिपोर्टिंग; और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को कर्ज जानकारी देने से संबंधित थे।

- अन्य विनियमित इकाइयों पर भी जुर्माना लगाया गया
- इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपए बैठती है

आरबीआई की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, "वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग ने विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों और कानूनों के प्रावधानों के उल्लंघन/गैर-अनुपालन के लिए कुल 54.78 करोड़ रुपये के 353 जुर्माने लगाए।"

### पिछले वर्ष आठ पीएसयू बैंकों पर लगा था जुर्माना

पिछले वित्त वर्ष के दौरान आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) पर 11.11 करोड़ रुपये और 15 निजी बैंकों पर 14.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। छह विदेशी बैंकों पर भी जुर्माना लगाया गया।

# एलआईसी रिकॉर्ड 19,013 करोड़ मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है।

- जनवरी-मार्च तिमाही में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी
- एलआईसी का शुद्ध लाभ रिकार्ड 38 प्रतिशत बढ़ा

एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रुपये रहा था।

बीमा क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी के बाद देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का स्थान है, जिसने चौथी तिमाही में 18,643 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। हालांकि, वार्षिक लाभ के मामले में एसबीआई, एलआईसी से आगे रहा। पिछले वित्त वर्ष में एसबीआई ने 70,901 करोड़ रुपये कमाए, जबकि एलआईसी ने 48,151 करोड़ रुपये कमाए। शेयर बाजार पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में कोल इंडिया ने मार्च तिमाही में 9,604 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जिसके बाद पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) ने 8,358 करोड़ रुपये और एनटीपीसी ने 7,897 करोड़ रुपये कमाए।

तेल क्षेत्र में, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने चौथी तिमाही में 7,265 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जिसके बाद ओएनजीसी ने 6,448 करोड़ रुपये का लाभ कमाया।

### एलआईसी के शेयर में आठ फीसदी का उछाल रहा

एलआईसी के शानदार प्रदर्शन की घोषणा के अगले दिन 28 मई को बीएसई पर इसके शेयर आठ प्रतिशत उछलकर 942.55 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए। कारोबार के दौरान यह 8.83 प्रतिशत उछलकर 948 रुपये पर पहुंच गया था। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 45,223.74 करोड़ रुपये बढ़कर 5,96,162.66 करोड़ रुपये हो गया।

# इंडिगो ने 30 ए350 विमानों के लिए निश्चित ऑर्डर दिया




**नई दिल्ली।** इंडिगो ने रविवार को एयरबस को 30 और चौड़े आकार के ए350 विमानों के लिए निश्चित ऑर्डर देने की घोषणा की, जिससे ऐसे विमानों की कुल संख्या 60 हो गई। एयरलाइन ने पिछले साल अप्रैल में 30 ए350 विमानों के लिए निश्चित ऑर्डर दिया था। उसके पास ऐसे 70 और विमानों का ऑर्डर देने का विकल्प भी था। राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि 70 विमानों के विकल्प में अब एयरलाइन 30 विमानों का निश्चित ऑर्डर दे रही है। एयरलाइन ने 900 से अधिक विमानों का ऑर्डर दिया है, जो उसे अगले साल से मिलने शुरू होंगे। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रही है।

# केनरा बैंक ने न्यूनतम शेष पर जुर्माने को किया खत्म

- सभी प्रकार के बचत खातों में कोई जुर्माना नहीं लगेगा
- आदेश एक जून 2025 से प्रभावी हो गया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। इसमें बचत खाते, वेतन खाते, एनआरआई बचत खाते आदि शामिल हैं।

बैंक ने बयान में कहा कि यह आदेश एक जून, 2025 से प्रभावी हो गया है। केनरा बैंक के किसी भी बचत खाता ग्राहक को अपने खाते में न्यूनतम शेष राशि बनाए न रखने के लिए दंड या शुल्क का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले, बैंक के ग्राहकों को अपने खाते के प्रकार के आधार पर न्यूनतम औसत मासिक शेष राशि बनाए रखना पड़ता था। इन मानदंडों को पूरा नहीं करने पर जुर्माना लगाया जाता था।

*लाखों ग्राहकों को लाभ होगा : इस कदम से वेतनभोगी व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) और पहली बार बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने वालों सहित केनरा बैंक के लाखों ग्राहकों को लाभ मिलने की उम्मीद है।*

## पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में रही एलआईसी...




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,01,369.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 270.07 अंक या 0.33 प्रतिशत नीचे आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 34,852.35 करोड़ रुपये की गिरावट आई।

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, वृहद आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

- ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के निर्णय, वृहद आर्थिक आंकडे होंगे महत्वपूर्ण

उनका कहना है कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां और शुल्क के मोर्चे पर घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, आगे की ओर देखें, तो सभी की निगाह छह जून को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति घोषणा पर रहेगी। इसके अलावा नए माह की शुरुआत के साथ वाहन बिक्री और आर्थिक गतिविधियों का संकेत देने वाले अन्य आंकड़े आएंगे। साथ ही सभी की निगाह मानसून की प्रगति और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह पर भी रहेगी।''

### रेपो दर पर रहेगी निगाह

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''इस सप्ताह केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती की उम्मीद के बीच ब्याज दर की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र, विशेष रूप से सरकारी बैंकों के शेयरों पर सभी की निगाह रहेगी।

## नाबालिग और कमजोर समूह होता है इन साइट का लक्ष्य

# बड़ी राशि के प्रलोभन से शिकार बनाती है सट्टेबाजी साइट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच पर आने वाले आक्रामक वित्तीय प्रोत्साहन और रैपिड-फायर (तत्काल सवाल-जवाब आधारित) सट्टेबाजी उत्पाद, नाबालिगों और कमजोर उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे हैं। इससे ये लोग इन सट्टेबाजी के आदी बन रहे हैं।

- अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे हैं लोग

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि ये मंच, वैध संचालकों द्वारा लगाए जाने वाले 28 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) से मुक्त हैं, जो उपयोगकर्ताओं को अधिक आकर्षक भुगतान और विनियमित साइट पर प्रतिबंधित तत्काल हार-जीत वाले गेम के साथ लुभाते हैं।

### विदेशी ऑनलाइन इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

वित्त मंत्रालय ने 22 मार्च, 2025 को विदेशी ऑनलाइन इकाइयों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की घोषणा की थी, जिसमें लगभग 700 की जांच की जा रही है। अबतक, 357 अवैध या गैर-अनुपालन वाली वेबसाइट/ यूआरएल को ब्लॉक किया गया है और अन्य मजबूत पहल के अलावा लगभग 2,000 बैंक खातों पर भी रोक लगाई गई है।



### एक वर्ष में 15 अवैध जुआ मंच साइट

सीयूटीएस इंटरनेशनल के विश्लेषण के अनुसार, केवल एक वर्ष में शीर्ष 15 अवैध जुआ मंच और उनकी 'मिरर' (वैसी ही दिखने वाली) साइट पर 5.4 अरब से अधिक लॉग-इन हुए, जो समस्या के पैमाने को रेखांकित करता है।

### मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर

रिपोर्ट का अनुमान है कि इन अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब है। सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'फिक्सिंग द ऑड्सः ए पॉलिसी ब्लूप्रिंट फॉर कर्बिंग इलिगल ऑनलाइन गैंबलिंग इन इंडिया' से पता चला है कि अवैध जुआ संचालक युवा वयस्कों, उच्च खर्च करने वालों और विशेष रूप से जुए के नुकसान के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों को लक्षित करने के लिए नियामकीय खामियों का फायदा उठा रहे हैं।

# डब्ल्यूटीओ की बैठक तीन जून को पेरिस में



**नई दिल्ली।** भारत तीन जून को पेरिस में डब्ल्यूटीओ की एक बैठक में कृषि, मछली पालन समझौते और निवेश सुविधा के मुद्दे उठाएगा। लगभग 25 व्यापार मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक के दौरान चीन की अगुवाई वाले प्रस्ताव पर चर्चा होगी।एक अधिकारी ने कहा कि इस दौरान भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के निष्क्रिय अपीलीय निकाय से संबंधित मुद्दों पर अपनी चिंताओं को भी उठाएगा। अर्ध-मंत्रिस्तरीय बैठक पेरिस में ओईसीडी मंत्रिपरिषद की बैठक के मौके पर आयोजित की जाएगी।

## चिंतन

# कोरोना की शनैः शनैः वापसी, सतर्कता जरूरी

बदलते मौसम के साथ कोरोना की शनैः शनैः वापसी यूं तो खतरनाक नहीं है, लेकिन सतर्क रहने की दस्तक जरूर है। पूर्व में भारत कोरोना के दौरान काफी नुकसान उठा चुका है। सरकार ने अधिकृत तौर पर अभी तक कोरोना महामारी से देश को मुक्त घोषित नहीं किया है। महामारी के सामान्य हो जाने के बाद सभी बंदिशें जरूर खत्म कर दी गईं, लेकिन कोरोना के केस इक्का-दुक्का जरूर रिपोर्ट होते गए। बाद में इसके कई वैरिएंट आए, पर खतरा कम होता गया। माना गया कि सतर्कता, जागरुकता और टीकाकरण के सम्मिलित प्रयास से कोविड-19 को नियंत्रित करने में मदद मिली। जनजीवन बिल्कुल सामान्य हो गया और दुनिया भर में लोग अपनी दिनचर्या में लीन हो गए। वर्ष 2025 में कोरोना वायरस ने फिर से डराना शुरू किया है। सिंगापुर और हांगकांग से शुरू हुआ यह मामला अब भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मई शुरू होते ही देश के चार राज्यों में कोविड ने पैर पसारने शुरू किए, जो कि अब पूरे भारत में बढ़ने लगा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 1 जून 2025 तक भारत में कोविड के एक्टिव केस 3758 हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल से 1400 सामने आए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 मरीज संक्रमित हैं। जनवरी से लेकर अभी तक 28 लोगों की मौत कोविड की वजहों से हुई है। पिछले हफ्ते की तुलना में कोरोना वायरस के केस में 1200 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीते दो साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब कोविड के एक्टिव केस 3500 के पार पहुंच गए हैं। सरकार ने चिकित्सा विशेषज्ञों के हवाले से आश्वस्त किया है कि पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है, पर लोगों को अपने स्तर पर एहतियात बरतनी चाहिए और वायरस के संक्रमण के बचे रहने के लिए दो गज की दूरी समेत सभी जरूरी प्रोटोकॉलों को अपनाना चाहिए। सरकार ने अपने स्तर पर राज्यों के अस्पताल मशीनरी को अलर्ट कर दिया है, ताकि मरीजों के अचानक बढ़ने पर इलाज में दिक्कत न हो। कोरोना का पहला मामला भारत में 30 जनवरी 2020 को केरल से सामने आया था। पहले 100 केस आने में 46 दिन का वक्त लगा था। इसके बाद 1000 केस तक पहुंचने में केवल 15 दिन का ही समय लगा था। इसके बाद 24-25 मार्च की दरम्यानी रात को देशभर में लॉकडाउन लगा दिया गया था। पहले चरण में एक महीने में केस बढ़कर 3000 के पार हो गए थे। सितंबर 2020 में पहली लहर चरम पर थी तब रोजाना करीब 93,000 केस दर्ज हो रहे थे। दूसरी लहर तो भयानक थी। मार्च 2021 तक केस तेजी से बढ़ने लगे थे। डेल्टा वेरिएंट की वजह से संक्रमण की रफ्तार तेज थी। अप्रैल-मई 2021 के बीच रोज करीब 4 लाख केस दर्ज किए गए थे। स्वास्थ्य व्यवस्था की कलई खुल गई थी। मौत की संख्या भी ज्यादा थी। तीसरी लहर की शुरुआत ओमिक्रोन वेरिएंट के जरिए हुए थी। यह वायरस तो बहुत तेजी से फैला, लेकिन इसके लक्षण हल्के थे, इसलिए मौतें बहुत ज्यादा नहीं हुई थीं। सिर्फ 8 दिन में ही केस 10,000 से 1 लाख के पास पहुंच गए थे। इस वर्ष 2025 में कोविड के जेएन.1 वेरिएंट का खतरा है, जो कि अब तेजी से फैल रहा है। सरकारों ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूर रहने और मास्क लगाने की अपील की है। साथ ही, बुखार, खांसी और सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। लोग पैनिक न हों, पर सतर्क जरूर रहें। सरकार को जरूरी टीकाकरण और अस्पतालों की तैयारी पर ध्यान देना चाहिए।


## समृति शेष

विवेक शुक्ला



# वाल्मीक थापर के बाद अब कौन करेगा बाघों की चिंता


बाघ मित्र वाल्मीक थापर नहीं रहे। वे 73 साल के थे। उनके निधन से भारत और दुनिया ने बाघों का एक सच्चा मित्र खो दिया है। अगर भारत में प्रोजेक्ट टाइगर परियोजना सफल हुई तो इसका श्रेय वाल्मीक थापर को भी देना होगा। उन्हें 2005 में टाइगर टास्क फोर्स में नियुक्त किया गया था, जहां उन्होंने बाघ संरक्षण की रणनीतियों को मजबूत करने में योगदान दिया। भारत में 2018 से 2022 के दरम्यान 200 बाघों की आबादी बढ़ी। वाल्मीक थापर की बाघ संरक्षण की मुहिम ने देश में एक आंदोलन का रूप लिया। देश के चोटी के चिंतक और सेमिनार पत्रिका के संपादक स्वर्गीय रोमेश थापर और राज थापर के पुत्र थे वाल्मीक थापर। उनकी शादी शशि कपूर की पुत्री संजना कपूर से हुई थी। थापर अपना सारा काम सुर्खियों से दूर रहकर करना पसंद करते थे। जो लोग वाल्मीक और संजना को जानते हैं, वे कहते हैं कि इन दोनों को करीब लाने में जंगल और जंगली जानवर प्रेम अहम रहा है। उनका एक पुत्र हमीर है। वाल्मीक थापर की 'दि लास्ट टाइगर' नाम की किताब को भारत में बाघों के विलुप्त होने के कारणों पर लिखी सबसे बेहतर पुस्तक माना जाता है। वाल्मीक थापर ने जिस तरह की लड़ाई लड़ी उसके बिना बाघ को बचाना कठिन था। उनकी गिनती दुनिया के सबसे



सम्मानित वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट के रूप में होती थी। उन्होंने वाइल्ड लाइफ पर दस से अधिक किताबें और सैकड़ों शोध लेख लिखे हैं। भारत को दर्जनों वाल्मीक थापर चाहिए। तब ही हमारे इधर जंगल और जंगली जानवर बच पाएंगे। वाल्मीक थापर ने खास तौर पर राजस्थान के रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास को बचाने के लिए ठोस कार्य किया। उनके कामों में लेखन, वन्यजीव फिल्म निर्माण और नीति निर्माण शामिल था। इन्होंने अपना पूरा जीवन बाघों के संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। वाल्मीक थापर ने बाघों के अवैध शिकार को रोकने के लिए सख्त कानूनों और नीतियों की वकालत की। उन्होंने बाघों के प्राकृतिक आवास को मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त रखने पर जोर दिया, ताकि उनकी आबादी को संरक्षित किया जा सके। उनके प्रयासों से यह पार्क भारत में बाघ संरक्षण का एक मॉडल बन गया। वाल्मिकी थापर 150 से अधिक सरकारी समितियों और टास्क फोर्स का हिस्सा रहे, जिनमें नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ भी शामिल था। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं। थापर ने भारत में अफ्रीकी चीतों को लाने के प्रोजेक्ट चीता की आलोचना की थी। उनका मानना था कि भारत में चीतों के लिए उपयुक्त आवास, शिकार या विशेषज्ञता की कमी है, जिसके कारण यह परियोजना दीर्घकालिक रूप से सफल नहीं हो सकती। वाल्मीक थापर ने बाघों और भारतीय वन्यजीवों पर 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं और संपादित कीं, जो उनके अनुभवों और शोध का निचोड़ हैं। उनकी कुछ प्रमुख पुस्तकें हैं: 'लैंड ऑफ द टाइगरः ए नेचुरल हिस्ट्री ऑफ द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (1997): इस पुस्तक में उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप की जैव-विविधता को विस्तार से प्रस्तुत किया। यह पुस्तक प्रकृति प्रेमियों और संरक्षणवादियों के बीच काफी लोकप्रिय रही। उनकी अन्य पुस्तकों में बाघों के व्यवहार, उनके आवास और संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर गहन विश्लेषण शामिल है। उनकी लेखन शैली वैज्ञानिक दृष्टिकोण और कथात्मक शैली का मिश्रण है, जो सामान्य पाठकों और विशेषज्ञों दोनों को आकर्षित करती है। उन्होंने वन्यजीवों पर कई प्रभावशाली फिल्में और डॉक्यूमेंट्री बनाईं, जो भारतीय वन्यजीवों की सुंदरता और उनके सामने मौजूद खतरों को उजागर करती हैं। उनकी बीबीसी के लिए 'लैंड ऑफ द टाइगर' (1997) नाम की डॉक्यूमेंट्री सीरीज में भारतीय उपमहाद्वीप की जैव-विविधता को दिखाया गया। इस सीरीज ने विश्व स्तर पर भारतीय वन्यजीवों के प्रति जागरुकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कई अन्य वन्यजीव फिल्मों में योगदान दिया, जो भारत बल्कि वैश्विक मंच पर संरक्षण के मुद्दों को उठाने में सहायक रहीं। वाल्मीक थापर ने अपनी पुस्तकों, फिल्मों और सार्वजनिक व्याख्यानों के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण के प्रति व्यापक जागरुकता फैलाई। उनकी रचनाओं ने न केवल भारत बल्कि विश्व भर में लोगों को प्रेरित किया। उनके निधन से बाघों को बचाने की मुहिम को धक्का लगेगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# तेज चली दिल्ली, साफ यमुना चुनौती



सौ दिन

योगेश कुमार सोनी

> बीजेपी सरकार ने शपथ भी नहीं ली थी और सबसे पहले यमुना की सफाई शुरू करते ही वहां आरती भी शुरू कर दी थी जिसको लेकर जनता बहुत प्रभावित हुई। चुनाव के रिजल्ट के अगले दिन ही यमुना की सफाई व आरती करने का वीडियो जारी कर दिया था जो बहुत वायरल हुआ। भारत के लोग आस्थाओं के आधार पर भी पार्टी व नेता चुनते हैं, यह विधानसभा चुनाव में देखने को मिला। बहरहाल, दिल्ली में बीजेपी की सरकार बने तीन महीने से अधिक हो चुके हैं। जितना आसानी से जनता से वादा किया, राह उतनी आसान नहीं है। चूंकि विकास कार्यों को पूर्ण करने में कई तरह तकनीकी समस्याएं हैं जिसके निवारण के लिए समय और हाइटेक साधन लगेंगे।

दिल्ली में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर बीते शनिवार को दिल्ली सरकार ने विशेष कार्यक्रम '100 दिन सेवा के' आयोजित किया। इसमें बॉलीवुड स्टार अनुपम खेर भी पहुंचे। रेखा गुप्ता ने कहा कि हमने सौ दिन में उन सभी वादों को पूरा करने के लिए हर उस काम की नींव रखी जिसको केवल आम आदमी पार्टी बातों में पूरा करती थी लेकिन वहीं दूसरी ओर विपक्ष का कहना है कि भाजपा सरकार ने केवल हमारी योजनाओं के ही नाम बदले हैं और वह भी ढंग से नहीं चला पा रही। लेकिन मुख्यमंत्री रेख गुप्ता का कहना है कि हमारी सरकार लोगों के बीच सड़कों पर काम कर रही है।

दिल्ली के मंत्रिमंडल, विधायक, सभी जनप्रतिनिधि लगातार लोगों के बीच सड़कों पर काम करते हैं। एक बार फिर यमुना की सफाई का मुद्दा पक्ष-विपक्ष ने जमकर उछाला लेकिन सवाल यही है कि क्या अहम वादों पर काम कर पा रही है बीजेपी चूंकि यमुना की सफाई का मुद्दा बीते विधानसभा में इतना उछाला गया था कि वह शिक्षा,सुरक्षा व रोजगार की तरह जनता व सरकार दोनों ने ही गंभीर तरह से लिया। समझा यह भी जाता है कि यमुना की सफाई का मुद्दा आम आदमी पार्टी की हार का एक मुख्य कारण भी रहा। बीजेपी सरकार ने शपथ भी नहीं ली थी और सबसे पहले यमुना की सफाई शुरू करते ही वहां आरती भी शुरू कर दी थी जिसको लेकर जनता बहुत प्रभावित हुई। चुनाव के रिजल्ट के अगले दिन ही यमुना की सफाई व आरती करने का वीडियो जारी कर दिया था जो बहुत वायरल हुआ। भारत के लोग आस्थाओं के आधार पर भी पार्टी व नेता चुनते हैं, यह विधानसभा चुनाव में देखने को मिला। बहरहाल, दिल्ली में बीजेपी की सरकार बने तीन महीने से अधिक हो चुके और सरकार इस मामले को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है। बीते दिनों यमुना की सफाई के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने ऑपरेशन साहिबी रिवर बोर्ड गठित कर काम भी तुरंत शुरू किया है।

अधिकारियों के अनुसार यमुना में जितनी गंदगी है उसकी करीब 50 फीसदी से अधिक नजफगढ़ ड्रेन से आती है। यदि इसे साफ कर दिया जाता है तो यमुना में गंदगी अपने आप कम हो जाएगी। इसलिए नजफगढ़ ड्रेन में जितने भी सब-ड्रेन आकर मिलते हैं उन सभी को ट्रैप करने का प्लान बनाया गया है। पहले चरण में तिमारपुर से पंजाबी बाग के बीच लगभग 10 किलोमीटर लंबे स्ट्रेच में मिलने वाले 23 ड्रेन को ट्रैप किया जाएगा। जैसा कि सरकार बनते ही बीजेपी इस मुद्दे को हल्के में नहीं ले रही वैसे ही विपक्ष भी इस पर हर बार अपनी प्रतिक्रिया देने में पीछे नहीं हट रहा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार को काउंटर करते हुए कहा कि यमुना की सफाई को लेकर किए गए दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। यादव ने कहा कि यमुना के 7 मुख्य स्टेशनों से लिए गए पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि यमुना का पानी न तो पीने योग्य है और न ही नहाने के लायक। यादव ने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार ने यमुना सफाई को अपनी प्राथमिकता बताया था परंतु अब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कराई गई पानी की गुणवत्ता जांच ने सच्चाई बता दी। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के सातों स्थानों पर जल



गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है। यादव ने इसे बीजेपी सरकार की नाकामी बताई। देखा जाए तो इस समय आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के पास तमाम अन्य मुद्दे भी हैं लेकिन यमुना सफाई पर ही राजनीति केंद्रित है। समझ में यह आता है कि यमुना सफाई का मुद्दा अहम इसलिए भी है कि यमुना से कई तरह की आस्थाओं का जुड़ना है। जब भी छठ का पर्व आता है तो पूर्वांचली यमुना के कई हिस्सों पर पूजा करते हैं व जब यह लोग वहां स्नान करते थे तो पानी नहाने व आचमन के योग्य नहीं होता था। दिल्ली में रह रहे पूर्वांचली हमेशा इसका विरोध करते रहे लेकिन यदि अब भी स्थिति वैसी रही तो बीजेपी के लिए भी एक नकारात्मक संदेश जा सकता है।


उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने पहले से छठ की पूजा के लिए अलग से घाट बनाए थे लेकिन वहां के लोगों का कहना था कि पानी स्वच्छ नहीं था और लोगों में बहुत नाराजगी भी थी लेकिन फिर भी लोगों ने विधानसभा चुनाव में बीजेपी के चोटी के नेताओं पर भरोसा किया और यमुना सफाई को आधार बनाकर वोट दिया। बीजेपी सरकार ने यमुना की सफाई के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं जिसमें 250 करोड़ रुपये सीवर ट्रीटमेंट प्लान और 250 करोड़ रुपये वाटर ट्रीटमेंट प्लान पर खर्च करने की बात कही है। यदि वाकई ईमानदारी से इतना बड़ा बजट लग जाए तो निश्चित तौर पर यमुना को लेकर दिल्ली की तस्वीर बदल जाएगी लेकिन यह बात भी तय है कि इसमें समय भी लगेगा। इसके अलावा दिल्ली सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती यह भी है कि यमुना खादर में अवैध तरीके से रहे लोगों को हटाकर कहां स्थापित किया जाए?

ज्ञात हो कि बीते वर्ष जब दिल्ली में बाढ़ आई थी तो हजारों लोग खादर से निकल कर सड़कों पर आ गए थे और कई जानवर भी मर गए थे जिसको देखकर आम आदमी पार्टी सरकार के हाथ-पांव फूल गए थे। उन सभी लोगों ने कुछ दिन के लिए अपना आशियाना पुल के नीचे हिस्सों पर व सड़को पर टेंट लगाकर बना लिया था। लेकिन आश्चर्य यह हुआ कि शासन-प्रशासन के अनुसार वहां जितने लोग रह रहे थे, उससे कहीं अधिक निकले। मानो जैसे पूरी एक कॉलोनी बसा ली हो। इसको लेकर विभाग ने माना कि यह भी यमुना में गंदगी का एक बड़ा कारण है। लेकिन सच्चाई यह है कि जहां यमुना बहती है वहां के आस-पास अभी भी हजारों लोग बसे हुए हैं जिससे हमेशा उनकी जान को खतरा बना रहता है, साथ ही गंदगी भी रहती है। इसके अलावा दिल्ली के तमाम इंड्रस्टियल इलाके ऐसे हैं जहां से जहरीला पानी निकलता है और इसके विषय में सबको जानकारी है लेकिन उनके लिए सरकार के पास फिलहाल कोई योजना नहीं है। इसलिए जितना आसानी से जनता से वादा किया, राह उतनी आसान नहीं है। चूंकि कई तरह तकनीकी समस्याएं हैं जिसके निवारण के लिए समय और हाइटेक साधन लगेंगे। लेकिन इच्छाशक्ति व गंभीरता से किया हुआ काम नया सवेरा भी लेकर आ सकता है जिससे जनता की उम्मीद व सरकार का वादा, दोनों पूरे हो सकते हैं। चूंकि अब दिल्ली सरकार का हनीमून पीरियड खत्म हो चुका। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करने वाली सरकार है, और अब हमारा अगला लक्ष्य है -विकसित दिल्ली। हमें दिल्ली के विकास को रफ्तार देनी है और लोगों को यह विश्वास दिलाना है कि भाजपा सरकार उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतर रही है। मुझे खुशी है कि हमने सौ दिनों के कम समय में ही बहुत से बड़े कामों को पूरा किया है। सभी संबंधित अधिकारियों को मानसून से पहले नालों की सफाई पूरी करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि लोग कहने लगे हैं कि काम हो रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित

**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है। तीसरी भक्ति है अभिमान छोड़ कर अपने श्रेष्ठ, ज्येष्ठ, गुरुजनों की सेवा करना।

# ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *– मोहित पटेल, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बाल रक्षा दिवस



स्वस्थ, शिक्षित एवं संस्कारित बच्चे विकसित राष्ट्र का आधार होते हैं। आज अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस पर सबको हार्दिक बधाई! 'बाल-कल्याण' सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है, हम बच्चों को बेहतर शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं एवं उनके सर्वांगीण विकास हेतु पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### कानून की अनदेखी



देश के राज्यों ख़ासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व होने से जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार तथा लोगों को उजाड़ने आदि की कार्रवाइयों से यह साबित है कि यहाँ कानून का राज सही से नहीं चल रहा है।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### प्राकृतिक विरासत की रक्षा



वाल्मीक थापर हमारे वन्यजीवों, विशेषकर बाघों के लिए एक भावुक आवाज़ थे। उनका जीवन हमारी प्राकृतिक विरासत की रक्षा करने और अटूट प्रतिबद्धता से पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए समर्पित था।

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आत्मा का संकेत

निंदकपन मरती हुई आत्मा का संकेत है। केवल ज्ञान, ध्यान और हास्य ही आत्मा को जीवित रख सकते हैं और लोगों को बड़बड़ाने वाली मानसिकता से बाहर निकालने में मदद कर सकते हैं।

**-श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु**

## करंट अफेयर

# फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए खोली गई

उत्तराखंड के चमोली जिले में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल फूलों की घाटी को रविवार से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क की रेंज अधिकारी चेतना कांडपाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फूलों की घाटी कहे जाने वाले राष्ट्रीय उद्यान के लिए घांघरिया से 83 पर्यटकों के पहले दल को परमिट जारी कर विधिवत अनुमति दी गई जिनमें से चार पर्यटकों ने ऑनलाइन और 79 पर्यटकों ने सामान्य तरीके से अनुमति ली थी। फूलों की घाटी बदरीनाथ धाम के पास है जिसके लिए गोविंदघाट कस्बे से पुष्पावती नदी के किनारे भ्यूंडार के रास्ते घांघरिया से जाया जाता है। हर साल देश-विदेश से हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। घाटी में तरह-तरह की अनेक प्रजाति की वनस्पतियां और रंग-बिरंगे फूल उगते हैं जिनकी निराली छटा देखते ही बनती है। वानस्पतिक विविधता को देखते हुए यूनेस्को ने 2005 में इसे विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया था। पर्यटकों के लिए यह घाटी हर साल जून में खुलती है जो अक्टूबर में हिमपात शुरू होने के बाद बंद कर दी जाती है। मानसून आगमन के करीब घाटी में फूलों की बहार आने लगती है जो सितंबर तक अपने चरम पर होती है।



## ऑफ बीट

# क्या कॉफी नींद की कमी की भरपाई कर सकती है

नींद की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। रातभर गहरी नींद लेने के बाद हरेक को अच्छा महसूस होता है और नहीं सोने से शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तो नींद की कमी की भरपाई के लिए क्या किया जा सकता है? या यूं कहें कि आप कम सोकर भी कैसे अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं? पर्याप्त नींद नहीं लेने से दिमाग के काम करने की क्षमता पर असर पड़ता है। वैज्ञानिक कई वर्षों से यह बात जानते हैं कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती है। हमने कुछ प्रतिभागियों को घर जाकर सोने और कुछ प्रतिभागियों को प्रयोगशाला में पूरी रात जागने को कहा। हमने पाया कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से न केवल ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत हुई, बल्कि इससे एक निश्चित क्रम में किए जाने वाले कार्यों को करने में (प्लेसकीपिंग) भी अधिक गलतियां हुईं। क्या कॉफी हो सकती है नींद का विकल्प? इसके बाद, हमने नींद की कमी की भरपाई के विभिन्न तरीकों को लेकर परीक्षण किया। यदि आपने पिछली रात पर्याप्त नींद नहीं ली, तो आप क्या करेंगे? कई लोग कॉफी या कोई 'एनर्जी ड्रिंक' (ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थ) पीना चाहेंगे।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### अब भीख मांगो आंदोलन करेंगे अंशकालीन कर्मी

**भोपाल।** जनजातीय कार्य विभाग के अंशकालीन कर्मचारी अपना 10 माह का लंबित वेतन के लिए पांच जून को जनजातीय मुख्यालय पर्यावास भवन के सामने आयुक्त कार्यालय के सामने भीख मागों आंदोलन करेंगे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग के अंशकालीन कर्मचारियों को पिछले 10 माह से वेतन भुगतान विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया है। जिस कारण अंशकालीन कर्मचारी के परिवार में आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। अधिकारियों का कहना हैं कि मुख्यालय से बजट आवंटन नहीं किया गया है।

### अपना दल (एस) ने लिया मां अहिल्या के मार्ग पर चलने का प्रण

**भोपाल।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में आज अपना दल (एस) की मप्र इकाई ने अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर राजवाड़ा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। विजय नगर स्थित एक होटल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल, राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष टीकमचंद शर्मा, पूर्व प्रदेश महासचिव कैलाश गवांडे, रोहित चंदेल, इकबाल पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। संगोष्ठी में मां अहिल्याबाई के जीवन, उनके सुशासन, नारी सशक्तिकरण, और सामाजिक सुधारों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उनके योगदान को याद करते हुए नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।

### धान के किसानों को अब मिलेगी बेहतर पैदावार

**इंदौर।** धान किसानों के लिए बीएएसएफ ने अपने दो नवीनतम वैश्विक फसल सुरक्षा समाधान वेलेक्सियो टीएम कीटनाशक तथा मिबेल्या टीएम फफूंदनाशक लॉन्च किए हैं, जो कि धान के लिए उपयोग में लाए जाएंगे। इन दो आविष्कारों से भारत के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम को समर्थन मिलेगा। ये समाधान धान के किसानों को अपनी धान की पैदावार को बढ़ाने में मदद करेंगे, क्योंकि ये धान के प्रमुख कीटों धान के भूरा माहु की रोकथाम करेंगे तथा आवरित झुलसा जैसी बीमारियों से रक्षा करेंगे। बीएएसएफ सॉल्यूशन्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल मार्केटिंग एंड सस्टेनेबिलिटी, मार्को ग्रोज्डानोविक का कहना है, कीटों की रोकथाम में मदद के लिए एक नई केमिस्ट्री की बहुत जरूरत है। वेलेक्सियो टीएम पौधों को भी पुष्ट करता है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी फायदे भी मिलते हैं।

---

**प्रदेश सरकार ने वर्ष 2019 में शुरू की थी निःशुल्क शिक्षा योजना**

# मध्य प्रदेश में 63 लाख परिवारों में से एक भी ऐसा नहीं मिला, जिनके बच्चे विदेश में पढ़ सकें

**श्रमिकों के बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए सरकार देती है 44 लाख की सहायता, पर 6 साल में कोई नहीं आया लेने**

हरि अग्रहरि ▶▶ भोपाल

अलग खबर

मप्र सन्निर्माण कर्मकार मंडल के श्रमिकों के बच्चों के विदेश पढ़ाई पर मप्र सरकार के पास 44 लाख रुपए प्रति छात्र प्रति वर्ष खर्च करने की योजना है, पर विडंबना है कि पिछले छह वर्ष में एक भी परिवार इस निःशुल्क सहायता लेने के लिए आगे नहीं आया। जबकि प्रदेश में कुल 63 लाख से अधिक ऐसे परिवार रजिस्टर्ड हैं।

राज्य सरकार ऐसे परिवारों के होनहार बच्चों को एमबीए आदि कोर्स के लिए यूएस, कनाडा के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का पूरा खर्च उठाती है। पर एक भी परिवार आज तक श्रम विभाग के पास नहीं आया। यह जानकारी सरकार के अफसरों ने ही दी। मप्र सरकार श्रमिकों के बेटा-बेटियों के लिए कितनी भी योजनाएं शुरू कर लें, लेकिन जानकारी की अभाव में इन योजनाओं का लाभ गरीब तबके के लोगों को नहीं मिल पाता। ऐसी ही एक योजना विदेश अध्ययन की है, जिसके लिए मप्र सरकार 44 लाख रुपए प्रत्येक छात्र पर खर्च करने को तैयार है। पिछले छह साल में एक भी छात्र विदेश में पढ़ाई करने नहीं गया।



#### 44 लाख रुपए सालाना खर्च करती है सरकार

*मप्र सरकार विदेश में एमबीए, पीएचडी आदि की पढ़ाई करने वाले प्रत्येक छात्र को सरकार सालाना 40 हजार यूएस डॉलर यानि 34 लाख 14 हजार रुपए की स्कॉलरशिप देती है। साथ ही रहने, खाने आदि की व्यवस्था पर 10 हजार यूएस डॉलर यानि 8 लाख 53 हजार रुपए है। इस तरह सरकार कुल 50 हजार डॉलर खर्च करने को तैयार है, जो आज की स्थिति में 44 लाख 67 हजार रुपए बनता है, इसके बावजूद मजदूरों के बच्चे विदेश में पढ़ाई के लिए सरकार भेजने में असमर्थ है।*

#### ऐसे अभिभावकों के बच्चों का चयन किया जाता है, जो 5 वर्षों से लगातार श्रमिक परिचय पत्र धारी हैं

मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण योजना के तहत मप्र सरकार ने विदेश अध्ययन के लिए निः शुल्क शिक्षा योजना 2019 में शुरू की थी। इस योजना में औद्योगिक इकाईयों, स्थापना में कार्यरत ऐसे श्रमिकों पर लागू की गई है, जो अधिनियम के तहत श्रमिक की परिभाषा में आते हैं। इसमें ऐसे अभिभावकों के बच्चों का चयन किया जाना है, जो 5 वर्षों से लगातार श्रमिक परिचय पत्र धारी हैं। ऐसे परिवारों की संख्या मप्र में 63 लाख 12 हजार 210 है। इनमें पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की संख्या 17 लाख 62 हजार 872 है, जबकि समग्र परिवारों की संख्या 17 लाख 40 हजार 555 है। वर्ष 2019 में शुरू की गई इस योजना के बाद मजदूरों का एक भी छात्र ऐसा नहीं निकला, जो विदेश में पढ़ाई कर सके। वैसे एमपीपीएससी और यूपीएससी की परीक्षा में सफलता पाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या भी सिर्फ 27 है, जिन्हें सरकार ने स्कॉलरशिप के रूप में 4 लाख 95 हजार रुपए की राशि बांटी है।

#### यह है विदेश में पढ़ाई की योजना का प्रावधान

पीएचडी उपाधि के लिए स्नातकोत्तर डिग्री में 60 प्रतिशत अंकों सहित प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों को दो साल के लिए अध्यापन, शोध, एमफिल उपाधि होना आवश्यक है। यदि पूर्व में समतुल्य समकक्ष किसी भी संकाय में अध्ययन कर लिया है, तो पुनः समकक्ष उपाधि के लिए योजना का लाभ देय नहीं होगा। आवेदक विदेश स्थित मान्यता प्राप्त संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सरकार प्रतिवर्ष अधिकतम 50 छात्र-छात्राओं को विदेश अध्ययन के लिए सहायता राशि प्रदान करती है। इसके लिए चयनित विद्यार्थियों को विदेशों में 2 साल तक स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रमों, शोध उपाधि, पीएचडी के लिए छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। इस योजना का लाभ केवल निर्माण श्रमिकों की संतानों को ही देने का प्रावधान किया गया है।

#### एमबीए, पीएचडी करने में बच्चों की रुचि नहीं

विदेश अध्ययन कोर्स में एमबीए के लिए यूएस, कनाडा के यनिवर्सिटिज, यूके में अध्ययन के लिए आईईएलटीएस या पीटीई, सीईएलपीआईपी में प्रवेश एवं यूके में अध्ययन के लिए अनिवार्य है। एमएस के लिए स्टैण्डराइज्ड टेस्ट जीआरई एवं देश विशेष में भाषा संबंधित परीक्षा उत्तीर्ण होने पर ही सहायता का लाभ मिल सकेगा। लेकिन एक भी छात्र नहीं मिला, क्योंकि एमबीए, पीएचडी करने में बच्चों की रुचि नहीं है।

---

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया उज्जैन में शिप्रा घाट तथा बैराजों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास**

# शिप्रा नदी के किनारों पर होगा 29 किमी घाट निर्माण 24 घंटे में कर सकेंगे लगभग 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान

**मुख्यमंत्री ने कहा, यह कार्यक्रम सच्चे अर्थों में धर्मसभा**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को अंगारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सिंहस्थ- 2028 के अंतर्गत 864 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उनके द्वारा 779 करोड़ रुपए की लागत से शिप्रा नदी पर निर्मित होने वाले 29 किमी के नवीन घाट और शिप्रा नदी पर लगभग 85 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 21 बैराजों का भूमिपूजन किया गया।

डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम सच्चे अर्थों में एक धर्म सभा है। सभी संतों की गरिमामय उपस्थिति में यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बनने वाले 29 किलोमीटर के लंबे घाटों पर सिंहस्थ के दौरान 24 घंटे में लगभग 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे।

#### खास बातें

- 779 करोड़ की लागत से शिप्रा नदी पर निर्मित होंगे नवीन घाट
- शिप्रा नदी पर लगभग 85 करोड़ की लागत से बनेंगे 21 बैराज



#### सिंहस्थ सबसे अच्छा कुंभ का मेला होगा: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा निरंतर विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इंदौर से उज्जैन के लिए मेट्रो ट्रेन भी प्रारंभ की जाएगी। साथ ही एलिवेटेड सड़कें भी बनाई जाएंगी। मध्यप्रदेश शासन उचित प्रबंधन के साथ विकास के कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला सिंहस्थ सबसे अच्छा कुंभ का मेला होगा। उन्होंने कहा कि अंगारेश्वर महादेव मंदिर में आज का यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यहां पर मंगल ग्रह की उत्पत्ति हुई थी। मंगल दोष की शांति के लिए यहां पर दूर-दूर से लोग पूजन-अर्चन के लिए आते हैं। घाटों के नवनिर्माण के पश्चात शिप्रा नदी की कीर्ति और दूर-दूर तक पहुंचेगी।

#### सरकार के प्रयास शिप्रा में न मिले दूषित पानी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज शिप्रा नदी पर बनने वाले नवीन घाटों का भूमिपूजन किया गया है। शिप्रा नदी में दूषित पानी न मिले, इसके लिए सरकार द्वारा गंभीर नदी के डैम के नीचे दूषित पानी को भेजा जाएगा तथा वहां उसे फिल्टर किया जाएगा। साथ ही सिलारखेड़ी परियोजना के अंतर्गत बारिश के जल को सिलारखेड़ी के तालाब में एकत्रित किया जाएगा तथा वर्षा ऋतु के पश्चात उसे शिप्रा नदी में प्रवाहित किया जाएगा। जिससे शिप्रा के शुद्ध जल से पूरे वर्ष भर श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि वाल्मिकी धाम से सिद्धनाथ तक, शनि मंदिर से गऊघाट तक और लालपुल से रामघाट तक श्रद्धालुओं के लिए शिप्रा नदी में नौकाएं भी संचालित की जाएंगी।*

#### दोहरा रहा सनातन संस्कृति का इतिहास

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरी गिरीजी ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति का महान इतिहास अपने आप को फिर से दोहरा रहा है। हमारी संस्कृति अत्यंत समृद्ध थी। हम पुनः इस ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विशेष प्रयासों से शिप्रा नदी और उसके आसपास के घाटों का कायाकल्प होगा। यह हम सबके लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। घाटों के क्षेत्रफल को बढ़ाए जाने का सुझाव अखाड़ा परिषद द्वारा पहले भी दिया गया था, ताकि श्रद्धालुओं को स्नान में किसी भी तरह की सुविधा न हो। मध्यप्रदेश शासन द्वारा इसे मूर्त रूप दिया जा रहा है। 29 किलोमीटर के नए घाट निर्माण के लिए महंत हरी गिरीजी ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया।

#### भरतनाट्यम, कथक और डमरू नाद की प्रस्तुति


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सर्वप्रथम अंगारेश्वर महादेव के दर्शन किए और पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम में भरतनाट्यम, कथक और डमरू नाद की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। मुख्यमंत्री ने भूमिपूजन के पश्चात माता शिप्रा का पूजन भी किया। इस दौरान स्वस्तिवाचन और शंखनाद किया गया। कार्यक्रम में शिप्रा नदी पर आधारित आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संतों का शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित शॉर्ट फिल्म और 29 किलोमीटर के घाट निर्माण कार्य पर आधारित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेश नाथ, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महंत हरी गिरीजी महाराज कई प्रमुख संत एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

---

**अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग मौसम**

अगले दिनों में बढ़ सकता है तापमान

## छग के कुछ हिस्सों में पहुंचा मानसून



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मानसून का आगमन हो गया है। इस बार मानसून तय समय से 15 दिन पहले छत्तीसगढ़ में पहुंचा है। इसके वजह से प्रदेश के विभिन्न इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश हो रही है। रविवार को सुबह एक-दो जगह पर हल्की मध्यम बारिश हुई।

कहीं मेघ गर्जन के साथ तेज हवा 40-50 किमी की रफ्तार से चलाने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री बढ़ने की संभावना है। रविवार को दिन तक रायपुर में मौसम साफ था, लेकिन शाम होते ही मौसम में बदलाव हुआ। इसके बाद यहां कुछ स्थानों में बौछारें पड़ीं। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के विभिन्न जगहों पर गरज चमक के साथ हल्की मध्यम बारिश दर्ज की गई है। कुछ जगहों पर हल्की मध्यम बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश में एक बार फिर अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

## शराब कारोबारी विजय भाटिया एक दिन की रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने शराब कारोबारी विजय भाटिया को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। भाटिया को रायपुर लाया गया है कल एसीबी-ईओडब्ल्यू स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। टीम ने दुर्ग-भिलाई में भाटिया के कई ठिकानों पर छापेमारी भी की है।
ईओडब्ल्यू के अधिकारी भिलाई नेहरू नगर स्थित भाटिया के घर पर सुबह 6 बजे छानबीन कर रही है। 2 अलग अलग गाड़ियों में एसीबी-ईओडब्ल्यू के 7 अधिकारी पहुंचे। घर में लोगों से पूछताछ शुरू की। भाटिया को दिल्ली से गिरफ्तार करने के बाद ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया। रविवार अवकाश होने के कारण रिमांड कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने आरोपी विजय भाटिया को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

---

**उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों की कार्यशाला में बोले मंत्री बघेल**




## उपभोक्ता आयोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि सरकार की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने जिला उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया।

उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बघेल ने सुभारम्भ सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह मनसा है कि प्रशिक्षण पश्चात उपभोक्ता आयोगों की कार्यकुशला में वृद्धि हो और कम समय में उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता हितों की रक्षा बहुत जरूरी है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप साही ने कहा कि मानव जीवन में उसके जन्म से लेकर मृत्यु तक जो भी वस्तु और सेवा का संव्यवहार करता है, वह उपभोक्ता की श्रेणी में आता है। इस हेतु संविधान के अंतर्गत और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए व्यवस्था का उपभोक्ता आयोग परिपालक है। इस प्रशिक्षण से निश्चित ही छत्तीसगढ़ राज्य में उपभोक्ता प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण में तेजी आएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप साही एवं छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया सहित उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

---

**बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड**

## अब पेन कार्ड के जरिए भी करा सकेंगे ई-केवायसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई हैं।

कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय एप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय एप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक एप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय एप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है। इसके अलावा उपभोक्ता परिसरों में स्थापित स्मार्ट मीटर में बिजली खपत की जानकारी को देखने के साथ ही बिजली रीडिंग, बिलिंग, चैकिंग और अन्य बिजली संबंधी कार्रवाई के लिए उपभोक्ता परिसर में आने वाले बिजली कार्मिकों की पहचान के लिए एम्पलाई वेरिफिकेशन संबंधी फीचर भी उपलब्ध कराया है। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उपाय एप को अपग्रेड किया गया है। इससे उपभोक्ता अब आसानी से अपने बिजली बिलों के भुगतान के साथ ही कनेक्शन संबंधी अन्य सेवाओं जिनमें बिल भुगतान, नवीन कनेक्शन आवेदन, बिल कंप्लेंट, पॉवर कंप्लेंट, कंप्लेंट स्टेट्स, बिल कैल्कुलेटर, बिजली चोरी की सूचना (इनफॉर्मर स्कीम), नेट मीटरिंग (सोलर रूफटॉप), विजिलेंस बिल भुगतान, ई-केवायसी, स्मार्ट मीटर खपत विवरण जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अब एक ही प्लेटफॉर्म पर उठा सकेंगे।

---

## ऑपरेशन सतर्क: रेलवे स्टेशन से अवैध अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, 19 बोतलें जब्त

**आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त टीम ने की 22,800 मूल्य की शराब बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल सुरक्षा बल द्वारा रेल परिसर में असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन सतर्क अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को भोपाल आरपीएफ थाना के टीम और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रशांत यादव के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र उपाध्याय एवं सर्वेश सिंह तथा जीआरपी के प्रधान आरक्षक कल्याण द्वारा बीना आउटर क्षेत्र में चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। जांच के दौरान उक्त व्यक्ति के पास रखे दो पिट्ठू बैग (गुलाबी रंग) से 19 बोतल अंग्रेजी शराब (ब्रांडः रॉयल स्टैग, प्रत्येक 750 एमएल, कुल 14.250 लीटर) बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 22,800 रुपए आंकी गई। इस दौरान पूछताछ में आरोपी ने शराब के संबंध में किसी भी प्रकार का वैध लाइसेंस अथवा कागजात प्रस्तुत नहीं किया। आरोपी की पहचान रोशन कुमार राम, निवासी नई दिल्ली के रूप में हुई। इस मामले में जीआरपी द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए समस्त शराब जब्त की गई तथा आरोपी के विरुद्ध थाना जीआरपी भोपाल में अपराध के तहत धारा 34 मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की गई है।

---

**बोले विजन डॉक्यूमेंट एक रोड मैप की तरह, जिसमें लक्ष्य और दिशा-निर्देश स्पष्ट**

# समीक्षा बैठक में सीएम साय ने दिया विकसित छत्तीसगढ़ का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी में आयोजित समीक्षा बैठक में 'विकसित छत्तीसगढ़' का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि 'विकसित छत्तीसगढ़' के लिए तैयार किया गया विजन डाक्यूमेंट एक रोडमैप की तरह है, जिसमें लक्ष्य और दिशा-निर्देश स्पष्ट हैं।

अधिकारी विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करने के लिए पूरी तन्मयता और जिम्मेदारी के साथ इसे परिणाम तक ले जाएं। मुख्यमंत्री साय रायपुर और धमतरी जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की



समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के समापन पर कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान का यह सिलसिला थमना नहीं चाहिए। जन-जन से संवाद और उनकी समस्याओं का समाधान निरंतर जारी रहना चाहिए। अधिकारी कड़ी मेहनत और नवाचारी तरीकों से लोगों की समस्याओं का समाधान करें। आम जनता को देरी से न्याय मिलना, न्याय नहीं मिलने के बराबर है। उन्होंने कहा कि राजस्व त्रुटि सुधार जैसे कामों में अधिकारियों-कर्मचारियों से ही गलती होती है, लेकिन इसका नुकसान आम लोगों को होता है और उन्हें ही परेशान होना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को साझा करने को कहा, ताकि राज्य स्तर पर सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि अधिकारियों के कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है और प्रत्येक जिले का रिपोर्ट कार्ड उनके पास है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान अधिकारियों ने बड़ी संख्या में आए आवेदनों का समयबद्ध समाधान किया, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को अच्छा काम करने पर पुरस्कार और काम नहीं करेंगे तो उनकी खैर नहीं होगी।



# प्रकृति से जुड़ने का गहरा संदेश देती है अर्थिंग...

**मुंबई।** 5 जून को दुनियाभर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। इसी के उपलक्ष्य में फिल्म निर्देशक इम्तियाज अली ने लोगों को जागरूक करने के लिए अजय देवगन अभिनीत एक शॉर्ट और आकर्षक फिल्म बनाई है। यह 'अर्थिंग' नामक वीडियो दिल को छू लेने वाला है, जिसमें प्राकृतिक महत्व को दर्शाया गया है। इस शॉर्ट वीडियो की शुरुआत कारखानों से निकल रहे धुएं, कूड़े के ढेर और दूषित नदियों के साथ होती है। इसके बाद अजय अपनी गाड़ी एक जगह रुकवाकर हरे-भरे पार्क की जमीन पर आकर लेट जाते हैं और गहरी सांस लेते हैं। वहीं, अभिनेत्री शरवरी वाघ भी आ जाती हैं, जिस पर अभिनेता कहते हैं कि वो अर्थिंग ले रहे हैं।

लाइफ Style

# इलियाना

## बच्चे की परवरिश के कारण नहीं कर पाई रेड-2



अजय देवगन की हालिया रिलीज फिल्म 'रेड 2' में इलियाना डिक्रूज नजर नहीं आईं। जबकि वह इस फिल्म के पहले पार्ट का हिस्सा थीं। इलियाना की जगह वाणी कपूर को लिया गया। अब तक स्पष्ट नहीं था कि मेकर्स ने ऐसा क्यों किया? हाल ही में इलियाना डिक्रूज ने इस बात से पर्दा उठाया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अजय देवगन की फिल्म 'रेड (2018)' में इलियाना डिक्रूज ने मालिनी नाम का किरदार निभाया, यह अजय देवगन के किरदार की पत्नी का रोल था। इस रोल में इलियाना को पसंद भी किया गया। जब 'रेड 2' बनीं तो इलियाना नजर नहीं आईं, उनकी जगह वाणी कपूर दिखीं। इस रिप्लेसमेंट को लेकर तमाम तरह की बातें की गईं। अब इलियाना ने इस बात को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पेज पर फैंस से बातचीत के एक सेशन में इलियाना ने 'रेड 2' में काम ना करने को लेकर अपना पक्ष रखा।

वह बताती हैं कि फिल्म के डायरेक्टर, मेकर्स ने उनसे कॉन्टैक्ट किया, लेकिन वह इन दिनों अपने बच्चे की परवरिश में व्यस्त हैं तो फिल्म नहीं कर पाई। इलियाना का कहना है कि मालिनी का किरदार उनके दिल के बहुत करीब है। वाणी कपूर 'रेड 2' में अजय देवगन के किरदार की पत्नी के रदिखीं। वाणी की एक्टिंग, इलियाना को कैसे लगी है? इस पर वह वाणी कपूर की तारीफ करती हैं। इलियाना का मानना है कि वाणी का चार्म फिल्म में बिल्कुल अलग ही नजर आया। फैंस ने जब इलियाना ने से पूछा कि वह क्या आगे फिल्मों में नजर आएंगी? तो एक्ट्रेस का जवाब था कि बिल्कुल वह फिल्मों में आगे काम करेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



### 'स्क्विड गेम' के आखिरी सीजन का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर 'स्क्विड गेम' के तीसरे और आखिरी सीजन का ट्रेलर लॉन्च किया। इस ट्रेलर में खिलाड़ी 456, सेओंग गि-हुन और अनजान फ्रंट मैन-वन के बीच एक खौफनाक फाइट दिखाई गई है। वहीं, इस सीजन में गी-हुन अभी भी अपने दोस्त जंग बे की मौत से सदमे में है और उसे गार्डों से भिड़ते हुए देखा जाता है। साथ ही उन्हें गार्डों से बार-बार पूछते हुए देखा जा सकता है, 'तुमने मुझे क्यों नहीं मारा? तुमने मुझे क्यों जिंदा रखा? इसका आखिरी सीजन दर्शकों को बेहद रोमांच देने वाला है।




### करार्ट किड ... को वीकएंड का नहीं मिला फायदा...

**मुंबई।** चाइनीज सुपरस्टार जैकी चेन की हॉलीवुड फिल्म 'कराटे किड लीजेंड' ने पहले दिन भारत धीमी शुरुआत की थी। अब फिल्म ने दूसरे दिन 1.69 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। पहले दिन इस फिल्म ने 1.6 करोड़ रुपए ही कमाए हैं। 'कराटे किड लीजेंड' का कुल कलेक्शन 3.29 करोड़ रुपए हुआ है। वीकएंड का फायदा इस फिल्म को नहीं मिला है। शायद दर्शकों को यह फिल्म कुछ खास पसंद नहीं आई। फिल्म 'कराटे किड लीजेंड' को भारतीय दर्शक ज्यादा से ज्यादा देखें इसके लिए फिल्म की डबिंग अजय देवगन से कराई गई। अजय देवगन के बेटे युग देवगन ने भी फिल्म के एक किरदार की डबिंग की है। अजय देवगन ने फिल्म 'कराटे किड लीजेंड' में जैकी चेन के किरदार मिस्टर हान को अपनी आवाज दी है। वहीं, युग देवगन ने ली फोंग नाम के किरदार को अपनी आवाज दी है।



### दिलजीत की फिल्म का आया फर्स्ट लुक

**मुंबई।** पंजाबी सिनेमा के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार हैं। उनकी सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'सरदार जी' का तीसरा पार्ट 'सरदार जी 3' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। दिलजीत ने हाल ही में इस फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। पोस्टर में दिलजीत एक अलग ही अंदाज में नजर आ रहे हैं, जहां वो अपने ही मस्त मौला अंदाज में खड़े हुए हैं और उनके पीछे कई महिलाएं हैं जिनके चेहरों पर घूंघट पड़ा है। इस पोस्टर ने फिल्म के रोमांच और कॉमेडी की एक झलक फैंस को दिखा दी है। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके साथ ही उन्होंने टीजर जल्द ही आने की जानकारी भी दी।



### भव्य होगी आखिरी फिल्म इसके बाद कुछ नहीं

**मुंबई।** मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से मशहूर अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'सितारें जमीन पर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'लाल सिंह चड्ढा' के ठंडे स्वागत के बाद फैंस उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच आमिर खान ने एक इंटरव्यू में ऐसी बात कही है, जिससे लगता है कि वह जल्द ही इंडस्ट्री को अलविदा कहने वाले हैं। आमिर खान ने अपनी आखिरी फिल्म के बारे में संकेत दिया है। आमिर खान लंबे समय से 'महाभारत' बनाने की अपनी इच्छा के बारे में बात करते रहे हैं। अब उन्होंने कहा है कि यह महाकाव्य नाटक उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। उन्होंने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा 'मुझे उम्मीद है कि मैं अपने जूते पहने हुए मरूंगा...'।

## टीवी मसाला

### सीआईडी के लीजेंड एसीपी प्रद्युमन की वापसी में आया बड़ा ट्विस्ट...


**नई दिल्ली।** एसीपी प्रद्युमन के रूप में सीआईडी में लौट आए हैं। शो से बाहर जाने के महज दो महीने के भीतर उनकी वापसी ने फैंस को हैरान और खुश दोनों कर दिया हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया ने शनिवार को एक नया



प्रोमो जारी किया जिसमें एसीपी की वापसी दिखाई गई, लेकिन इस बार कहानी में बड़ा ट्विस्ट है – उन्हें अपनी याददाश्त नहीं हैं। प्रोमो की शुरुआत एक चौंकाने वाले सीन से होती है, जहां प्रद्युमन अपने ही साथी दया (दयानंद शेट्टी) पर बंदूक ताने खड़े हैं। दया उन्हें पहचान कर बातचीत की कोशिश करता है, लेकिन एसीपी चेतावनी देते हैं कि वे पुलिस से एक पुराना हिसाब चुकता करने आए हैं। जब दया उन्हें सीआईडी की याद दिलाने की कोशिश करता है, तो एसीपी कहते हैं, 'सीआईडी? तुम पुलिस वाले हो? मुझे पुलिस से पुराना हिसाब बराबर करना है! इसके बाद वह गोली भी चला देते हैं, जिससे दया दंग रह जाता हैं। अगले सीन में, भावुक होकर दया, इंस्पेक्टर अभिजीत (आदित्य श्रीवास्तव) को खबर देता है कि एसीपी प्रद्युमन जिंदा हैं। इस प्रोमो के साथ नेटफ्लिक्स ने लिखा, 'इसका मतलब समझे दया? एसीपी प्रद्युमन जिंदा हैं!' ये वीडियो लोगों को याद दिलाता है कि सीआई अब हर शनिवार और रविवार रात 10 बजे नेटफ्लिक्स पर भी देखा जा सकता हैं।

### 42 की उम्र में दूसरी बार पापा बनेगा एक्टर

**नई दिल्ली।** 'बड़े अच्छे लगते हैं' और 'प्यार का दर्द है मीठा-मीठा प्यारा-प्यारा' फेम एक्टर नकुल मेहता 42 साल की उम्र में दूसरी बार पिता बनने जा रहे हैं। नकुल मेहता की पत्नी 39 साल की उम्र में दूसरी बार मां बनने जा रही हैं। एक्टर ने पत्नी जानकी पारेख की प्रेग्नेंसी का ऐलान करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है जिसके बाद कपल के फैंस और इंडस्ट्री के उनके दोस्तों ने उनपर जमकर प्यार लुटाया हैं। कपल ने सोशल मीडिया पर पत्नी जानकी पारेख की प्रेग्नेंसी फोटोशूट के फोटोज शेयर किए हैं जिनमें उनका पूरा परिवार साथ दिख रहा हैं। मैटरनिटी फोटोशूट की फोटोज में नकुल मेहता के साथ उनकी पत्नी जानकी पारेख और बेटा सूफी नजर आ रहे हैं। नकुल और जानकी ने इंस्टाग्राम पर फोटोज के साथ एक प्यारा सा कैप्शन भी लिखा हैं। वो अपने कैप्शन में लिखते हैं, 'ये लड़का अपनी जिम्मेदारियां उठाने के लिए तैयार है और हम भी. हम भगवान की एक और आशीर्वाद स्वीकार कर रहे हैं- एक बार फिर'। फोटोज में ये फैमिली ग्रे और ग्रीन कलर के आउटफिट में ट्विंनिंग करते दिख रही हैं।



### सोनू को मिस वर्ल्ड 2025 में मिला बड़ा सम्मान...

**मुंबई।** 72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल में भारत के जाने माने अभिनेता सोनू सूद को बड़ा सम्मान दिया गया है। सोनू सूद को लोगों की मदद करने के लिए 'ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड' से नवाजा गया है। इस सम्मान को पाने वाले वह सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। अभिनेता सोनू सूद को यह अवॉर्ड कोविड-19 के दौरान लोगों की मदद करने के लिए दिया गया। कोरोना काल के दौरान सोनू सूद लोगों के हीरो बनकर उभरे। मुश्किल वक्त में सोनू सूद ने कम से कम चार लाख लोगों की मदद की। इन लोगों में प्रवासी, छात्र और वंचित परिवार शामिल थे। सोनू सूद ने इन लोगों की मदद करने के लिए दिन रात मेहनत की। यह लोग अचानक अपनी आय खोने से मुश्किल में फंस गए थे। सोनू सूद की लोगों के प्रति उदारता को पूरी दुनिया में पहचाना गया। सोनू सूद को भारत के तेलंगाना में बड़े हाइटेक्स एरिना में 'मिस वर्ल्ड 2025' के लाइव टेलीकास्ट के दौरान अभिनेता राणा दग्गुबाती ने अवॉर्ड दिया। इसके अलावा सोनू सूद इस साल इस मशहूर प्रोग्राम में जूरी के सदस्य भी थे। 'मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन' सूद चैरिटी फाउंडेशन के साथ मिलकर स्तन कैंसर जागरूकता के लिए प्रोग्राम लॉन्च करेगा। इस साझेदारी का मकसद जागरूकता बढ़ाना, बीमारी की जल्दी पहचान को बढ़ावा देना और दुनिया भर में स्तन कैंसर से जूझ रहे लोगों की मदद करना है। सोनू सूद बॉलीवुड के अभिनेता, मॉडल और फिल्म निर्माता हैं। उन्होंने बॉलीवुड में फिल्म 'शहीद-ए-आजम' से कदम रखा। आखिरी बार उन्हें 'फतेह' फिल्म में देखा गया था। वह इस फिल्म के निर्देशक, लेखक और निर्माता हैं। सोनू ने तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है।

### 6 भारतीय सुंदरियों के सिर सज चुका है मिस वर्ल्ड का ताज, 5 बनीं एक्ट्रेस, लेकिन 2 हैं ग्लोबल स्टार

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के हैदराबाद के हाइटेक्स प्रदर्शनी सेंटर में शनिवार को 72वें मिस वर्ल्ड का ग्रैंड फिनाले का आयोजन हुआ। इसमें थाईलैंड की ओपल सुचाता मिस वर्ल्ड चुनी गईं। भारत की नंदिनी गुप्ता फिनाले के टॉप-8 में जगह नहीं बना सकीं। इस दौरान भारत की नंदिनी गुप्ता शो-स्टॉपर रहीं। इसके बाद टॉप-20 की घोषणा हुई, जिसमें नंदिनी भी पहुंचने में कामयाब रहीं। उल्लेखनीय है कि 72 साल के इतिहास में मिस वर्ल्ड के सबसे ज्यादा खिताब भारत ने अपने नाम किए हैं।

मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली ***पहली भारतीय महिला रीता फारिया पॉवेल*** हैं। उन्होंने 1966 में यह खिताब जीता था।









मुंबई में जन्मी रीता ने मेडिकल की पढ़ाई की हैं। ***ऐश्वर्या राय*** ने 28 साल बाद 1994 में विश्व सुंदरी का खिताब अपने नाम किया। वे आज बॉलीवुड की बड़ी स्टार हैं। वे अभिषेक बच्चन के साथ अपनी निजी जिंदगी की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। 1997 में मिस वर्ल्ड का ताज ***डायना हेडन*** के सिर सजा था। डायना ने ऐश्वर्या की तरह फिल्मों को अपना कॅरियर बनाया, लेकिन वे सफल नहीं हो पाईं. वे आज अपनी निजी जिंदगी में बिजी हैं। डायना के विश्व सुंदरी बनने के 2 साल बाद युक्ता मुखी ने 1999 में यह ताज अपने नाम किया।

उन्होंने भी एक्टिंग को प्रियंका चोपड़ा ने मिस वर्ल्ड का खिताब 2000 में जीता था। वे एक्टिंग में भी सफल रहीं। वे आज हॉलीवुड में भी मशहूर हैं। उन्होंने कई सालों से कोई हिंदी फिल्म नहीं की है, लेकिन इससे उनका स्टारडम कम नहीं हुआ हैं। ***मानुषी छिल्लर*** ने करीब 17 साल बाद 2017 में विश्व सुंदरी का खिताब जीता। उनकी अब तक दो फिल्में 'सम्राट पृथ्वीराज', 'बड़े मियां छोटे मियां' आ चुकी है, लेकिन कोई भी बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही।

### गुलजार के निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी, दोनों खलनायक से बन गए थे हीरो

# 1971 की वो सुपरहिट फिल्म, जिसने 1 झटके में बदल दी थी 2 एक्टर की इमेज

***नई दिल्ली।*** *आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बताएंगे, जिसने दो सितारों की किस्मत बदल दी। 54 साल पुरानी यह फिल्म दोनों के करियर के लिए वरदान साबित हुई, जिसने दर्शकों की नजरों में उनकी छवि को पूरी तरह से बदल दिया। हम जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'मेरे अपने'। ड्रामा फिल्म 'मेरे अपने' में विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा लीड किरदारों में थे। साल 1971 में यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफल रही। खास बात है कि इसकी वजह से दोनों एक्टर्स की किस्मत बदल गई। इसमें मीना कुमारी भी अहम रोल में नजर आई थीं.। 'मेरे अपने' गुलजार के निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी।*



#### फिल्म का डायलॉग आज भी हैं सुपरहिट

'मेरे अपने' से पहले विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा फिल्मों में निगेटिव रोल्स निभाने के लिए जाने जाते थे।इस मूवी ने उनकी इमेज को पूरी तरह से बदल दिया और उनके कॅरियर में एक अहम मोड़ साबित हुई। फिल्म का डायलॉग- 'श्याम आए तो कहना उससे मिलने छेनू आया था' आज भी सुपरहिट हैं।

#### सिर्फ 40 दिनों में पूरी हो गई थी शूटिंग

कमाल की बात है कि उस दौर में 'मेरे अपने' फिल्म की शूटिंग सिर्फ 40 दिनों में पूरी हो गई थी। रिलीज के बाद फिल्म सिनेमाघरों में छा गई थी। इस मूवी को देखने के लिए थिएटर्स के बाहर ऑडियंस की भीड़ लग गई थी।. इसका असर बॉक्स ऑफिस पर भी देखने को मिला हैं। 'मेरे अपने' फिल्म में मीना कुमारी ने बूढ़ी और विधवा महिला का रोल निभाया था। बॉक्स ऑफिस पर मेरे अपने बड़ी सफल साबित हुई, लेकिन दुर्भाग्यवश मीना कुमारी इसकी सक्सेस नहीं देख सकीं, क्योंकि फिल्म की रिलीज के कुछ ही समय बाद ही उनका निधन हो गया

#### मीना कुमारी की थी आखिरी फिल्म



मीना कुमारी का निधन 31 मार्च 1972 को 38 साल की उम्र में हुआ था। उनकी मौत लिवर सिरोसिस के कारण हुई, जिसकी वजह उनकी शराब पीने की लत बताई जाती हैं। 'मेरे अपने' मीना कुमारी की आखिरी फिल्म बनी, जिसकी शूटिंग उन्होंने पूरी की थी। वैसे विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा की इस फिल्म को रिलीज हुए 54 साल हो चुके हैं, लेकिन आप इसका ओटीटी पर लुत्फ उठा सकते हैं। यह मूवी इन दिनों स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद हैं। इसे आईएमडीबी पर 10 में से 7.6 रेटिंग मिली हैं।